आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 73 | उज्जैन, सोमवार 30 मार्च, 2026 | चैत्र शुक्ल 12 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

123 नगर परिषदों में 4-4, 46 नगर पालिकाओं में 6-6 मनोनीत पार्षद बनाए

## मप्र के 169 नगरीय निकायों में एल्डरमैन नियुक्त

### मिशन निकाय चुनाव, अनुभवी नेताओं को कमान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में लंबे इंतजार के बाद रविवार को 169 नगरीय निकायों में एल्डरमैन के नामों की घोषणा कर दी गई है। 123 नगर परिषदों में 4-4 जबकि 46 नगर पालिकाओं में 6-6 एल्डरमैन (मनोनीत पार्षदों) नियुक्त किए गए हैं।

एल्डरमैन का कार्यकाल वर्तमान परिषद के कार्यकाल के साथ समाप्त होगा या आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा, ये बाद में पता चलेग। सागर छोड़कर शेष बुंदेलखंड और चंबल के निकायों में सहमति न बन पाने के कारण फिलहाल लिस्ट होल्ड रखी गई है। एल्डरमैन के नामों की घोषणा नगरीय निकाय में सबसे शुरूआती इकाई यानी नगर परिषद से की गई है। मध्य प्रदेश के नगरीय निकायों में एल्डरमैन की नियुक्ति का मुख्य आधार प्रशासनिक अनुभव और नगर पालिका अधिनियम की जानकारी होता है। संगठन की सिफारिश पर नियुक्त होने वाले एल्डरमैन परिषद की बैठकों और चर्चाओं में तो सक्रिय रूप से भाग ले सकते हैं, लेकिन इनके पास वोट देने का अधिकार नहीं होता। इनका कार्यकाल परिषद के कार्यकाल के साथ ही समाप्त होता है। सरल शब्दों में कहें तो, ये परिषद के 'मार्गदर्शक' की भूमिका में होते हैं, 'निर्णायक' की नहीं।

भाजपा इस बार एल्डरमैन की नियुक्तियों को केवल पद भरने के तौर पर नहीं, बल्कि निकाय चुनावों से पहले कार्यकर्ताओं को एक्टिव करने के टूल के रूप में देख रही है। फॉर्मूले के तहत उन पुराने और अनुभवी नेताओं को प्राथमिकता दी गई है, जिन्हें नगर प्रशासन का गहरा ज्ञान है। इसका एक मकसद कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करना भी है। एल्डरमैन की नियुक्ति करके चुनाव से पहले जिला स्तर के उन सक्रिय नेताओं को एडजेस्ट किया गया है, जो लंबे समय से नियुक्तियों का इंतजार कर रहे थे। बीजेपी ने अनुभवी एल्डरमैन के जरिए परिषदों के कामकाज और विकास कार्यों की निगरानी को मजबूत करने की कोशिश भी की है।

### नगर पालिकाओं में 6-6 एल्डरमैन नियुक्त

**डबरा, जिला ग्वालियर**: नर्मदा प्रसाद पांडे, नारायण दास गुप्ता, सुरेश साहू भूपेंद्र, रावत, प्रकाश कुशवाहा, पूनम गिदवानीस, **बीना, जिला सागर**: राकेश बिलगैयां, विमल अहिरवार, रमेश जड़िया, संतोष कुशवाहा, पवन गुलाटी, सुनीता राय
**धार, जिला धार**: हरनाम सिंह ठाकुर, बलविंदर सिंह सनी, राजेश हरोड़, प्रीति राठौड़, प्रकाश यादव, सुरेश प्रजापतनगर पालिका धार के एल्डरमैन विधायक नीना वर्मा से मिलने उनके निवास पर पहुंचे। **जिला शहडोल**: नरेंद्र गोले, आशीष तिवारी, स्वप्नील जायसवाल, सावित्री सेन, सचिन गुप्ता, विनय केवट
**धनपुरी, जिला शहडोल**: हेमंत सोनी, जनक दुलारी केवट, धीरू सिंह परिहार, घासीराम सूर्यवंशी, केशभान मांझी, गौरव तिवारी **उमरिया, जिला उमरिया** : रश्मि द्विवेदी, दिवाकर सिंह, हेमलता राय, सुनील खटीक, नरेंद्र बागरिया, उमाबाई परस्ते
**पाली, जिला उमरिया**: प्रदीप सोनी, कामता विश्वकर्मा, सुधीर मोटवानी, वंदना यादव, सुशांत सक्सेना, कमल सिंह

अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने

## आर्मी को सौंपी 2 हजार मशीन गन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ग्वालियर

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारतीय सेना को 2 हजार प्रहार लाइट मशीन गन की पहली खेप सौंपी। यह 7.62 मिमी कैलिबर के हथियार ग्वालियर के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में बनाए गए हैं।

सरकार इन हथियारों का इस्तेमाल एलएसी और एलओसी पर सुरक्षा और मारक क्षमता बढ़ाने के लिए करेगी। प्रहार एलएमजी की मारक क्षमता 1 हजार मीटर तक है, जिससे दुश्मनों को दूर से निशाना बनाया जा सकता है। मशीन गन 8 किलोग्राम की हैं, जिनकी लंबाई 1100 मिमी है। एक मिनट में 700 राउंड फायरिंग होगी। शनिवार को ग्वालियर स्थित प्लांट में सेना को एलएमजी सौंपने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रक्षा मंत्रालय के डीजी ए. अंबरासु, कंपनी के सीआईओ आशीष राजवंशी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। अधिकारियों ने मशीन गन की पहली खेप लेकर जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### 6 साल में पूरा हुआ प्रोजेक्ट, समय से पहले डिलीवरी

कंपनी के सीईओ आशीष राजवंशी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को बोली जमा करने से लेकर डिलीवरी तक पूरा करने में करीब 6 साल लगे। कंपनी ने निर्धारित समय से 11 महीने पहले पहली खेप सौंप दी है। पूरा ऑर्डर देने के लिए पहले 7 साल से ज्यादा का समय तय था, लेकिन कंपनी इसे अगले 3 साल के भीतर पूरा कर देगी।

## देश विदेश

### चैटजीपीटी की मदद से घर 9.5 करोड़ में बिका


**फ्लोरिडा।** अमेरिका के फ्लोरिडा में एक शख्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके अपना घर करीब 1 मिलियन डॉलर (लगभग 9.5 करोड़ रुपए) में बेच दिया। मियामी में रहने वाले रॉबर्ट लेविन ने घर बेचने के लिए किसी रियल एस्टेट एजेंट की मदद नहीं ली, बल्कि चैटजीपीटी को अपना गाइड बनाया। लेविन ने केवल 5 दिनों के अंदर ही अपने घर की डील क्लोज कर दी। खास बात यह है कि घर की जो कीमत लोकल एजेंट्स ने बताई थी, लेविन को एआई की सलाह की वजह से उससे 95 लाख रुपए ज्यादा मिले। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रॉबर्ट लेविन यह टेस्ट करना चाहते थे कि क्या एआई घर बेचने की पूरी प्रोसेस को अकेले संभाल सकता है।

### रेमंड के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का निधन

**नई दिल्ली।** टेक्सटाइल ब्रांड 'रेमंड' को घर-घर तक पहुंचाने वाले पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का रविवार 29 मार्च को मुंबई में अंतिम संस्कार कर दिया गया। दोपहर 3 बजे चंदनवाड़ी श्मशान घाट पर उनके बेटे और रेमंड के मौजूदा चेयरमैन गौतम सिंघानिया ने परिवार के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में अंतिम रस्में पूरी कीं। 87 वर्षीय सिंघानिया का शनिवार शाम को निधन हुआ था। वे अपने पीछे पत्नी आशादेवी और तीन बच्चों- मधुपति सिंघानिया, शेफाली रुइया और गौतम सिंघानिया को छोड़ गए हैं। गौतम सिंघानिया ने अपने मैसेज में लिखा है कि उनके पिता एक दूरदर्शी नेता और समाजसेवी इंसान थे, जिनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। विजयपत सिंघानिया 1980 में रेमंड ग्रुप के चेयरमैन और एमडी बने थे। सिंघानिया के नेतृत्व में रेमंड ग्रुप सिर्फ कपड़ों तक सीमित नहीं रहा।

स्टेज पर बोतल फेंकी तो भड़के

### सिंगर अर्पित बाला ने फैन पर थूका



घटना 28 मार्च को हैदराबाद के 'किंगडम क्लब एंड किचन' में हुई

**मुंबई।** सिंगर और रैपर अर्पित बाला ने हैदराबाद में एक लाइव परफॉर्मेंस के दौरान एक दर्शक पर थूक दिया। शो के दौरान एक फैन ने स्टेज पर बोतल फेंक दी, जिससे अर्पित इतने नाराज हुए कि उन्होंने उस व्यक्ति की तरफ थूक दिया और उसे तुरंत वेन्यू से बाहर निकलवा दिया। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना 28 मार्च को हैदराबाद के 'किंगडम क्लब एंड किचन' में हुई। अर्पित वहां अपना कॉन्सर्ट कर रहे थे और भारी भीड़ मौजूद थी। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि परफॉर्मेंस के दौरान अचानक दर्शकों के बीच से किसी ने स्टेज की तरफ बोतल फेंकी। बोतल देखते ही अर्पित ने अपना गाना बीच में ही रोक दिया और काफी गुस्से में आ गए। बोतल फेंकने वाले की पहचान होने के बाद अर्पित ने गुस्से में प्रतिक्रिया देते हुए उस व्यक्ति की ओर थूक दिया। उन्होंने सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिया कि उस शख्स को तुरंत क्लब से बाहर निकाला जाए। अर्पित ने बोतल उठाकर वापस उसकी तरफ फेंकी और माइक पर कहा, इधर देखना क्या हुआ? लगा डर। ये अपनी बहन की शादी में दहेज में बांट देना। अपनी परफॉर्मेंस दोबारा शुरू करने से पहले उन्होंने दर्शकों को चेतावनी दी कि ऐसी हरकतें दोबारा बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। अर्पित बाला एक भारतीय रैपर और कंटेंट क्रिएटर हैं। साल 2025 में उनका गाना 'बरगद' सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिससे उन्हें रातोंरात बड़ी पहचान मिली। वह फूसी गैंग ग्रुप के को-फाउंडर भी हैं। अर्पित अपनी डिजिटल कॉमेडी और देसी हिप-हॉप को जोड़ने के अनोखे स्टाइल के लिए युवाओं के बीच काफी पॉपुलर हैं।

### नेपाल सरकार ने छात्र राजनीति पर रोक लगाई

**काठमांडू।** नेपाल में प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने छात्र राजनीति पर पूरी तरह रोक लगा दी है। इसके साथ ही कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए पारंपरिक परीक्षाएं भी खत्म कर दी गई हैं और स्कूलों-कॉलेजों को अपने विदेशी नाम बदलकर नेपाली में रखने का आदेश दिया गया है। सरकार ने शनिवार रात को जारी आदेश में कहा कि यह सभी फैसले अपने 100 दिन के एक्शन प्लान के तहत लिए हैं, जिसका मकसद शिक्षा को राजनीति से दूर रखना और इसे बेहतर बनाना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब स्कूल और कॉलेजों में किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधि नहीं होगी। सभी राजनीतिक पार्टियों से जुड़े छात्र संगठनों को 60 दिनों के अंदर अपने दफ्तर कॉलेज कैंपस से हटाने होंगे।

### पंजाब के मलेरकोटला में 2 आतंकी गिरफ्तार

**मलेरकोटला।** पंजाब के मलेरकोटला से पंजाब पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों की पहचान अब्बू गाबा और उस्मान के रूप में हुई है। इन्हें शेरवानी कोटे गांव से शनिवार को गिरफ्तार किया गया जहां वे पिछले कई वर्षों से किरायेदार के रूप में रह रहे थे। इसके साथ ही 5 साल से मजदूरी भी कर रहे थे। इस मामले में बड़ा खुलासा उस समय हुआ जब युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत पकड़े गए एक स्थानीय नशा तस्कर से पूछताछ की गई। जांच के दौरान सामने आए इनपुट के आधार पर दोनों संदिग्धों की पहचान जम्मू-कश्मीर में वांछित आतंकियों से मेल खाती पाई गई। मलेरकोटला पुलिस की उक्स विंग की टीम ने गांव में छापा मारकर दोनों को हिरासत में लिया।

सीएम मोहन यादव ने खोला इंदौर में पिटारा

## एयरपोर्ट के नए टर्मिनल-1 का लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर को करोड़ों की सौगातें दे रहे हैं। इसमें एयरपोर्ट के नए टर्मिनल-1 का लोकार्पण, नर्मदा परियोजना के चौथे चरण का शुभारंभ और सिंहासा आईटी पार्क में नए स्टार्टअप सेंटर का उद्घाटन शामिल है। इंदौर में आज विकास की नई लहर देखने को मिल रही है, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहर के दौरे पर पहुंचे हैं। उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य शहर को बुनियादी सुविधाओं और तकनीकी विकास से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं की सौगात देना है। मुख्यमंत्री का आगमन सुबह 11 बजे इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर हुआ, जहां से उनके दिनभर के व्यस्त कार्यक्रमों की शुरूआत



### मां नर्मदा के आशीर्वाद से बन रहा नया प्लान

कार्यक्रम के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर में मां नर्मदा ने आशीर्वाद देकर हमारी सरकार के माध्यम से नगर निगम स्थानीय स्तर पर आने 25 साल के लिए अलग पहचान बनाई है। नर्मदा जी के आशीर्वाद से हमारा मेट्रोपॉलिटन सिटी का ये नया प्लान बन रहा है। वर्तमान में जो आबादी है 25 साल बाद संभवतः 65 लाख होगी, और मेट्रोपॉलिटन की 6 जिलों को मिलाकर के डेढ़ करोड़ से ऊपर होगी। नर्मदा जी के चौथे चरण के बाद पानी की कोई समस्या नहीं आएगी। यह क्षेत्र के लिए आर्थिक रूप से समृद्धि का रिकॉर्ड बनेगा।

जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी

## मप्र-राजस्थान में बारिश का अलर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में रविवार दोपहर को बर्फबारी हुई। यहां के ऊंचाई वाले इलाकों में इसका असर रहा। राज्य के पहाड़ी वाले जिलों में बर्फबारी का असर रहेगा। हिमाचल के अलावा जम्मू-कश्मीर में भी बर्फबारी की संभावना है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में आज बारिश के साथ-साथ ओले गिरने की संभावना है। राजस्थान में 31 मार्च तक बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है। आज चंडीगढ़ में भी बारिश हुई है। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर, रायबरेली और अमेठी में शनिवार को ओले गिरे। प्रयागराज और वाराणसी में बारिश हुई। प्रतापगढ़ में आंधी से एक पोल उखड़कर खड़ी कार पर जा गिरा। मध्य प्रदेश में 29 मार्च से आंधी-बारिश का एक मजबूत सिस्टम एक्टिव होने जा रहा है।



**30-31 मार्च-** मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में हल्की बारिश की संभावना है। केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में बिजली गिरने की आशंका है। 31 मार्च को बंगाल, सिक्किम और बिहार में आंधी आने की संभावना है।

## जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट- पीएम मोदी

### भारत चुनौती से निपट रहा, अफवाहों में न आएं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

### कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे

पीएम मोदी ने कहा मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूंगा कि वो जागरुक रहें, अफवाहों के बहकावे में ना आएं सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर के इस कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे।

### मार्च महीने में हलचल

मार्च का ये महीना, वैश्विक स्तर पर बहुत ही हलचल भरा रहा है। हम सबको याद है कि पूरी दुनिया इससे पहले कोविड के कारण एक लंबे समय तक अनेक समस्याओं से गुजर चुकी है। हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी। लेकिन, दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार युद्ध और संघर्ष की परिस्थितियां बनती चली गईं।

**खाड़ी देशों में भारतीयों की मदद जारी**: वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। हमारे लाखों परिवारों के सगे-संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं खाड़ी देशों का बहुत आभारी हूं, वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं।

## स्टूडेंट को आतंकी कहने पर प्रोफेसर को निलंबित किया

एजेंसी ▸▸ कर्नाटक

कर्नाटक के बेंगलुरु में निजी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के खिलाफ स्टूडेंट को आतंकी कहने पर शनिवार को केस दर्ज हुआ। यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया है। घटना का 58 सेकेंड का वीडियो वायरल है। पुलिस ने मामले पर खुद से नोटिस लिया। घटना 24 मार्च की है। एफआईआर के मुताबिक, विशेष समुदाय के छात्र ने प्रोफेसर से क्लास से बाहर जाने की परमिशन मांगी। इस पर प्रोफेसर को गुस्सा आ गया। उन्होंने कहा- शर्म नहीं आती तुमको आतंकी। प्रोफेसर यहां नहीं रुके, उन्होंने कहा, मैंने सोचा था कि मैं आज बहुत शांत रहूंगा। ईरान युद्ध तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से हुआ। ट्रम्प तुम्हें ले जाएगा। तुम बेवकूफ हो, तुम नरक में जाओगे। पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर ने क्लास में पीड़ित छात्र को बार-बार आतंकी कहा और उसके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। घटना के वक्त क्लास में 60 स्टूडेंट मौजूद थे। पुलिस का कहना है कि छात्र की ओर से औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, लेकिन प्रोफेसर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### पंजाब- बरनाला में जैक से उठाई जा रही बिल्डिंग गिरी

**बरनाला।** बरनाला में रविवार सुबह एक मकान गिरने से 3 लोग उसके मलबे में दब गए। इससे तीनों लोगों की मौत हो गई। ये तीनों मकान में अंदर सोए हुए थे। इन्हें मलबे से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने इनकी मौत की पुष्टि की। मलबा हटाने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन की टीमें पहुंची थीं। उन्होंने जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटवाया। अधिकारियों ने 3 शव बरामद होने के बाद भी कई घंटे तक जेसीबी चलवाई, ताकि यदि कोई और भी मलबे में दबा हो तो उसे भी निकाला जा सके। बताया जा रहा है कि मकान की नींव धंस जाने के बाद उसे जैक से ऊपर उठाने का काम चल रहा था।



नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
# दैनिक अवन्तिका
सब पे नज़र, सबकी ख़बर



# अहिल्यापूरा की सड़क को बनाया मजाक, महापौर के कई दौरे के बाद भी समस्या जस की तस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

अहिल्या पूरा यूंही जादुई नहीं बना, इसको बनाने का काम हमारी इंदौर नगर निगम ने किया है। जी, हा गौराकुंड चौराहे से सीधे जिंसी तक की यह मुख्य सड़क की जादुई कहानी आपको सुनाते है। वार्ड 8 की यह सड़क पिछले 5 महीनों से पहले तो टेंडर के लिए रुकी। फिर बात आई गई हो गई। सड़क बनाने की झूठी कहानी महापौर ने गढ़ी।



आज इस सड़क के सैकड़ों लोग सांस की तकलीफ से जूझने लगे है। किसी को साइनस तो किसी को सांस की समस्या होने लगी है। रहवासी के साथ व्यापारी भी बड़ी संख्या में इसी सड़क पर है। इसके बाद सड़क के टेंडर का झूठ बोलकर इसको सड़क और ड्रेनेज दोनों का बताया गया। 62 लाख का भारी भरकम टेंडर ड्रेनेज का निकाला गया।

इसके बाद कई झूठे दौरे किए गए। आज बन रही है सड़क, तो कल बन रही है। यही स्वर सुनाई दे रहा है। इस सड़क पर 10 भाजपा नेता भी रहवासी है। इसके बावजूद भी सड़क बेहाल बनी हुई है। अब नया यह पर नया जादू ये हुआ है कि सड़क के निर्माण का आधा टेंडर हुआ और आधा नहीं हुआ है। यानी मजाक देखिए कि आधी सड़क कोई और ठेकेदार बनाएगा और आधी कोई दूसरा जिसका कोई ठिकाना भी नहीं है। वाह री नगर निगम, क्या करे वैसे भी अब निगम आयुक्त जैसी चीज तो बची नहीं है, तो अब देखिए कि सड़कों पर भी जादू के खेल होने लगे है।

# डबल डेकर चोइथराम मंडी की डिजाइन फाइनल

## मंडी बोर्ड ने शासन को भेजी, स्वीकृति का इंतजार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

चोइथराम सब्जी मंडी को जल्द ही विस्तारित किया जाएगा। इसके लिए मंडी को डबल डेकर ( दूसरी मंजिल) तक बनाया जाएगा।

दूसरी मंजिल पर दुकानें, गोदाम, किसान विश्राम गृह, भोजनालय आदि रहेंगे। मंडी को नया स्वरूप देने डिजाइन फाइनल कर ली गई है। इस पर मुहर लगाने मंडी बोर्ड ने शासन को प्रस्ताव भेजा है। स्वीकृति - मिलते ही इसकी डीपीआर तैयार की जाएगी। यहां रोजाना हजारों की संख्या में



किसान फसल लेकर पहुंचते हैं। लगातार किसानों और व्यापारियों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है।

इसके चलते अब मंडी में अपेक्षाकृत जगह कम पड़ने लगी है। दिनभर वाहनों की कतार लग जाती है। कई व्यापारियों के पास दुकान, गोदाम कम है। आवक अधिक होने से गोदाम, दुकान में माल रखना मुश्किल भरा हो जाता है। फसलों का बम्पर स्टाक रखने कई दिनों से व्यापारी नई दुकान, गोदाम तैयार करने की मांग कर रहे हैं। व्यापारियों, आढ़तियों की मांग पर पिछले दिसम्बर माह में मंडी प्रशासन ने दो मंजिला मंडी तैयार करने डिजाइन बनाई थी। सूत्रों ने बताया कि दूसरी मंजिल पर 200 से अधिक दुकान, 50 से ज्यादा गोडाउन बनाए जाएंगे। दुकान, गोदाम निर्माण के लिए व्यापारियों से आर्थिक सहयोग लिया जाएगा। ताकि, उन्हें निर्धारित आकार के दुकान, गोदाम मिल सके।




# अच्छी बारिश के लिए उज्जैन में महाकाल के आँगन में सोमयज्ञ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में शनिवार को शनिपुष्य नक्षत्र के महासंयोग में सोमयज्ञ का आरंभ हुआ। प्रथम दिवस यज्ञशाला का पूजन तथा यज्ञ के यजमान का यज्ञशाला में प्रवेश हुआ। 2 अप्रैल तक चलने वाले छह दिवसीय अनुष्ठान में नित्य अलग-अलग विधि संपन्न होगी। वैदिक विद्वान सोमवल्ली वनस्पती से सोमरस तैयार कर इंद्र, वरुण आदि वृष्टि के देवताओं की प्रसन्नता के लिए आहुति देंगे।

सौमिक सुवृष्टि अनुष्ठान देश में उत्तम वर्षा व श्रेष्ठ धान्य उत्पादन के साथ प्रजा की सुख समृद्धि के लिए किया जाने वाला अनुष्ठान है। धर्मराज युधिष्ठिर ने भी प्रजा की सुख समृद्धि के लिए इस प्रकार का अनुष्ठान कराया था। वर्तमान में अक्षय कृषि परिवार व महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान द्वारा श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहयोग से दिव्य अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है।

## पहाड़ी क्षेत्र से सोमवल्ली वनस्पति लाई गई

श्री महाकालेश्वर मंदिर के निःशुल्क अन्नक्षेत्र परिसर में यज्ञ के लिए विशाल यज्ञ शाला का निर्माण कराया गया है। दक्षिण भारत के श्रेष्ठ विद्वान यज्ञ की विधि संपादित करा रहे हैं। बताया जाता है सोमयज्ञ में आहुति देने के लिए पहाड़ी क्षेत्र से सोमवल्ली वनस्पति को उज्जैन लाया गया है।

**यज्ञ शाला में विशेष किस्म की लकड़ी से बनाए गए-** पात्रों में इस वनस्पती को कूट पीस कर सोमरस तैयार किया जाएगा। इसके बाद इसे देशी घी में उबाला जाएगा। इसके बाद इसमें गाय व बकरी का दूध मिलाया जाएगा। इसी मिश्रण से यज्ञ में आहुति दी जाएगी।

**आयोजन गोपनीय, जानकारी साझा नहीं कर रहे-** अनुष्ठान की जानकारी को गोपनीय रखने के निर्देश दिए गए हैं। आयोजन समिति की ओर से यज्ञ को गोपनीय रखा जा रहा है। इस संबंध में किसी प्रकार की कोई जानकारी साझा नहीं की जा रही है। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के जनसंपर्क विभाग की ओर से भी अब तक कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है।

**निशुल्क कमरे देने की तैयारी-** मंदिर समिति इस अनुष्ठान में सहयोगी संस्थान की भूमिका में है। यज्ञ में शामिल होने वाले विद्वानों तथा बाहर से आए अन्य सहयोगियों के रहने ठहरने की सुविधा श्री महाकालेश्वर यात्री गृह रहेगी। बताया जाता है यात्री गृह में कुल नौ कमरे हैं, जिनका किराया 16 हजार 500 रुपये प्रतिदिन है। मंदिर समिति आठ दिन के लिए यात्री गृह निशुल्क उपलब्ध करा रही है।

# इलेक्ट्रिक बाइक खरीदी सड़क पर दिखाई हवाबाजी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



सोशल मीडिया पर खुद को अलग अंदाज में पेश करने वाले इंदौरी गोविंदा का एक नया वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस बार युवक इलेक्ट्रिक बाइक खरीदने की खुशी में इतना उत्साहित नजर आया कि मिठाई का डिब्बा लेकर सीधे पेट्रोल पंप पहुंच गया और वहां मौजूद लोगों को मिठाई बांटने लगा। युवक का यह अंदाज पहले तो लोगों को मजेदार लगा, लेकिन इसके बाद वीडियो में जो दिखा उसने कई सवाल खड़े कर दिए। वीडियो में युवक नई इलेक्ट्रिक बाइक के साथ रील बनाते हुए सड़क पर हवाबाजी करता नजर आ रहा है। कभी बाइक लहराते हुए, तो कभी स्टाइल दिखाते हुए वह चलती सड़क पर वाहन दौड़ाता दिखाई दे रहा है। इस दौरान आसपास गुजर रहे लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती नजर आई। सोशल मीडिया पर कुछ लोग इसे मनोरंजन बता रहे हैं, तो कई यूजर्स इसे गैरजिम्मेदाराना हरकत कह रहे हैं।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 9 सटोरिए गिरफ्तार, मोबाइल-कैलकुलेटर और नकदी जब्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर में अवैध सट्टा कारोबार पर शिकंजा कसते हुए एरोड्रम पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई कर 9 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11 मोबाइल फोन, 7 कैलकुलेटर, सट्टे की पर्चियां और करीब 15 हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। कार्रवाई के दौरान एक अन्य आरोपी को पूछताछ के आधार पर बाणगंगा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुविधा नगर क्षेत्र में अवैध रूप से सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश दी, जहां सबसे पहले आशीष नामक युवक को सट्टा लेते हुए पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि वह महेश के कहने पर सट्टे का काम कर रहा था।

आशीष से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सिंगापुर सिटी स्थित एक मकान पर छापा मारा। यहां 9 लोग मोबाइल के माध्यम से सट्टा लिखते और लेन-देन करते मिले। पुलिस ने मौके से सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। गिरफ्तार आरोपियों में रितेश निवासी एरोड्रम, योगेश निवासी खंडवा, शेखर निवासी विजयश्री नगर, पंकज निवासी छत्रीपुरा, दिनेश निवासी कॉरिडोर सिटी, प्रदीप निवासी एरोड्रम और महेश निवासी कॉरिडोर सिटी शामिल हैं। पूछताछ के दौरान नेटवर्क से जुड़े शिवराम निवासी कुशवाह नगर का नाम सामने आया, जिसे बाद में बाणगंगा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा मोबाइल फोन के जरिए अलग-अलग क्षेत्रों में सट्टे का नेटवर्क चलाया जा रहा था। मौके से बरामद पर्चियों में हिसाब-किताब दर्ज मिला है, जिससे बड़े नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है।



## न्यूज कालम



## रामनवमी पर नवनिर्मित सिंगाजी गौशाला का भव्य लोकार्पण

**मनावर।** रामनवमी के पावन पर्व पर नवनिर्मित सिंगाजी गौशाला का भव्य लोकार्पण प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रवीण शर्मा (राधै भैया ) वराहनगर तीर्थ क्षेत्र बड़ा बड़दा के कर कमलों से सरपंच भागीराम भाबर उपसरपंच दिनेश पटेल कैलाश भारती की उपस्थिति मे संपन्न हुआ। गौशाला का संचालन देवी सीता अजिविका समुह वायल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंडित प्रवीण शर्मा (राधै भैया) ने गौशाला लोकार्पण मे फीता काटने के बजाय भारतीय सनातन संस्कृति के अनुरूप दिप जलाकर गौमाता की पुजा मिष्ठान, पुडी, हरि घास खिलाकर गौमाता प्रवेश कर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर पंडित प्रवीण शर्मा राधे भैया द्वारा सिंगाजी गौशाला का गौमाता मंदिर नामकरण करते हुए बताया कि गौमाता का इतिहास भारत की सनातन संस्कृति में अत्यंत प्राचीन और पुजनीय है। वेदों में गाय को अघन्या और जीवनदायिनी माना गया है। पैराणिक कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन से प्रगट कामधेनू से लेकर भगवान श्री कृष्ण को गोपालन तक गाय को माँ, पोषणकर्ता और तैतीस कोटी देवताओं के वास के रूप में पवित्र स्थान प्राप्त हुआ है। इस दौरान शुभारम्भ मे नगदी राशि की घोषणा एवं गौ ग्रास का दान भी किया गया।

## आलीराजपुर जिला माहेश्वरी महिला मण्डल के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न




**अध्यक्ष ज्योति कोठारी व सचिव जयश्री सोमानी बनी**

**आलीराजपुर।** शनिवार को माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी महिला जिला संगठन, जिला आलीराजपुर के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। चुनाव विशेष अतिथि निर्मला माहेश्वरी, चुनाव अधिकारी शकुंतला कोठारी, पर्यवेक्षक अयोध्या चौधरी, जिलाध्यक्ष अनिता कोठारी व जिला सचिव ज्योति कोठारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुए, जिसमें जिलाध्यक्ष ज्योति कोठारी, उपाध्यक्ष प्रीति मंत्री, सचिव जयश्री सोमानी, संयुक्त सचिव रमिला कोठारी, संगठन मंत्री उषा थेपड़िया व कोषाध्यक्ष आशा सोमानी का निर्विरोध चयन हुआ। मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि निर्विरोध चुनाव सम्पन्न होने पर जिला माहेश्वरी समाज, नगर माहेश्वरी समाज, माहेश्वरी महिला मण्डल, माहेश्वरी वधु मण्डल, चारभुजा मित्र मण्डल, माहेश्वरी मित्र मण्डल ने बधाई व शुभकामनाएँ दी।

## बुरहानपुर जिला अधिवक्ता संघ में तीन महिला सदस्य हुई नामांकित



**बुरहानपुर।** जिला अधिवक्ता संघ बुरहानपुर के निर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की परिषद में 3 महिला अधिवक्ताओं को नामांकित किया गया है। संघ के अध्यक्ष सतनारायण वाघ ने उन्हें मनोनयन पत्र जारी किए। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, जिला अधिवक्ता संघ में 30 प्रतिशत महिला आरक्षण का पालन करना अनिवार्य है। इसी के तहत बुरहानपुर जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी में राखी जैन, सरोज गांधी और आरती दिनेश चौहान को नामांकित किया गया है। इन 3 महिला सदस्यों के साथ, जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी अब 18 सदस्यों की हो गई है। संघ के सचिव एडवोकेट संतोष देवताले ने बताया कि यह नामांकन सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुशरण में किया गया है।

## 30 मार्च को बड़वानी जिले में महावीर जयंती का अवकाश

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर बड़वानी द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य में घोषित अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया गया है। पूर्व में यह अवकाश 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को निर्धारित था, जिसे अब संशोधित कर 30 मार्च को संपूर्ण बड़वानी जिले के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार यह निर्णय लिया गया है। जिले के समस्त शासकीय कार्यालय एवं संस्थान अब सोमवार, 30 मार्च को बंद रहेंगे। जिले में महावीर जयंती का सार्वजनिक अवकाश 30 मार्च को रहेगा।

## बाजना बस स्टैंड चौराहे पर आज कांग्रेस का विशाल धरना प्रदर्शन

**रतलाम।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी रतलाम द्वारा 30 मार्च सोमवार को बाजना बस स्टैंड चौराहे पर विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। बढ़ती गैस एवं बिजली दरों, पेट्रोल-डीजल की कमी तथा विभिन्न स्थानीय समस्याओं के विरोध में यह प्रदर्शन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया जाएगा।धरना प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आम जनता से जुड़े मुद्दों के समाधान की मांग करेंगे। इस प्रदर्शन में पार्षद दल, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटक, विभिन्न मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी।

### सनावद पुलिस ने मादक पदार्थ के विरुद्ध की कार्यवाही

## अवैध गांजे का परिवहन करते एक आरोपी को किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

अवैध मादक पदार्थ तस्करी की सूचना प्राप्त होने पर थाना सनावद पर अवैध मादक पदार्थ गांजे का परिवहन एवं तस्करी करने वाले 3 आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई है दिनांक 26 मार्च को थाना प्रभारी सनावद धर्मेन्द्र यादव के द्वारा हमराह पुलिस स्टाफ के साथ निर्माणधीन इन्दौर खण्डवा बायपास पर वाहन चेकिंग की जा रही थी।



तभी एक व्यक्ति एक काले रंग की हीरो स्ट्रीम मोटर साइकल से एक बैग लिए बासवां तरफ से चैकिंग स्थल पर आ रहा था जो पुलिस की चैकिंग को देखकर वापस जाने का प्रयास करने लगा पुलिस टीम को संदेह होने पर तत्काल उक्त मोटर साइकल चालक को घेराबंदी कर रोका गया रोके गए व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर घबरा गया और उसने अपना नाम ग्राम लछोरा भीकनगाँव का रहने वाला दुलेसिंग बताया । पुलिस टीम के द्वारा दुलेसिंग के पास मिले बैग को चेक करने पर उसमे अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला । पुलिस टीम के द्वारा दुलेसिंग से गाँजा रखने के संबंध में वैध दस्तावेज व लाइसेंस के होने का पूछने पर उसने कोई दस्तावेज नहीं होना बताया पुलिस टीम के द्वारा मौके पर मिले दुलेसिंह पिता गंगाराम चौहान उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम लछोरा भीकनगाव के कब्जे से 5 किलो 75 ग्राम गाँजा किमती लगभग 2 लाख 50 हजार साथ ही अवैध गांजे के परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकल कीमती लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये प्रकरण में कुल 3 आरोपी एवं 4 लाख रुपये का मशरुका है।

नियमानुसार विधिवत जप्त कर थाना सनावद पर अपराध क्रमांक 133/2026 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्राथमिकी पूछताछ में आरोपी दुलेसिंह ने पुलिस टीम को बताया कि वो उक्त गाँजा लेकर ओंकारेश्वर रोड पर इनपुन पुनर्वास के रहने वाले नरेन्द्र उर्फ भय्यू एवं संतोष को देने के लिए जा रहा था। आरोपी दुलेसिंह से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा तत्काल नरेन्द्र उर्फ भय्यू एवं संतोष के घर पर दबिश दी गई एवं उन्हे भी अभिरक्षा में लिया जाकर प्रकरण में आरोपी बनाया गया है साथ ही प्रकरण में धारा 8/29 एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा का इजाफा भी किया गया है उक्त की गई कार्यवाही में थाना प्रभारी सनावद धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में सुरेन्द्र पवांर, आबिद शेख, संदीप कुशवाहा, 940 रविन्द्र, 326 गंभीर मीणा, 533 राजेन्द्र, 429 सरदार निगम, 103 कृष्णा बिर्ला, 850 राजीव गुर्जर, 746 राजेश जायसवाल,559 विनोद व अन्य पुलिस स्टाफ का विशेष योगदान रहा ।

## राष्ट्रवाद एकता अखंडता तथा सर्वधर्म समभाव का संदेश देता है -धाडीवाल



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत गंधवानी विधानसभा के बाग मंडल में "वैचारिक अधिष्ठान "विषय पर वक्ता के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रखर वक्ता रमेश धाडीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा राजनीतिक दल है जो सत्ता को साधन नहीं साध्य मानता है, सत्ता के माध्यम से समाज में समरसता ,सर्वधर्म समभाव ,सामाजिक एकता, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ,सामाजिक मूल्यों का रक्षण, देश का आर्थिक विकास ,वैश्विक स्तर पर देश की सशक्त पहचान ,सत्ता में आने के बाद मानव मात्र का विकास, समाज के हर वर्ग का कल्याण, एकात्मक मानववाद और अंत्योदय के आधार पर समाज में जातिवाद रहित समग्र विकास को गति देना रहा है ,आपने उपस्थित भाजपा कार्यकताओं से आह्वान किया की भाजपा के कार्यक्रमों सरकार की नीतियों को जनमानस तक पहुंचाने के लिए वह निरंतर सक्रिय रहे एवं भाजपा सरकारों की जन कल्याणकारी नीतियों योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करते रहे।

## विधायक प्रतिनिधि व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भी नपा परिषद में बने एल्डरमेन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने आखिरकार प्रदेश की नगर पालिकाओं में रविवार को जारी आदेश में एल्डरमैन नियुक्त कर दिए ।जबकि प्रदेश शासन का साढे तीन वर्ष का कार्यकाल बीत चुका। अगले वर्ष यानी 2027 में नगर पालिका परिषद का कार्यकाल भी पूर्ण हो जाएगा। नगर पालिका परिषद में शासन के आदेश से पांच पुरुष एवं एक महिला को एल्डरमैन



नियुक्त किया गया । शासन के जारी आदेश में नगर पालिका परिषद में जिनको एल्डर में नियुक्त किया है । उनमें अजय सिंह भाटी जो कि नगर पालिका परिषद में पूर्व से ही विधायक प्रतिनिधि पदस्थ हैं ।इसी तरह प्रमोद रावल का नाम भी है जो की भगत सिंह शासकीय महा विद्यालय में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष बने हुए हैं । पूर्व पार्षद नंदकिशोर महावर, पूर्व पार्षद अजय सकलेचा व मनोहर पांचाल एवं संतोष शर्मा को एल्डर में नियुक्त किया गया। परिषद में विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह भाटी ही रहेंगे या एल्डरमैन बनने के बाद किसी अन्य को जवाबदारी सौंपी जा सकती है । वही महाविद्यालय में भी जन भागीदारी समिति अध्यक्ष प्रमोद रावल है तो क्या एंडरमैन बनने के बाद जन भागीदारी अध्यक्ष का पद रिक्त होगा ?

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के तुकईथड़ में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के तहत विशाल सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जहां 200 जोड़े पवित्र दांपत्य बंधन में बंधे।

विधायक मंजू दादू ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सरकार की इस योजना से गरीब परिवारों की बेटियों का सम्मान बढ़ा है और



समाज में समरसता आई है।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार गरीब, जरूरत मंद और आमजन के हित में संवेदनशील और जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना उसी का उत्कृष्ट उदाहरण है।

विधायक ने नवदंपतियों को सुखी, समृद्ध और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, विश्वास और संस्कारों के साथ जीवनयापन करने का संदेश दिया।

## तीर्थ क्षेत्र में अवैध शराब का विक्रय रोका जाए, दुकानें हटाई जाएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद/बड़वाह

ओंकारेश्वर तीर्थ क्षेत्र एवं नर्मदा नदी के 5 किमी क्षेत्र में अवैध शराब के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध और स्टेट हाईवे पर स्थित शराब की दुकानों को हटाने की मांग क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय से की जा रही है।इस तारतम्य में बड़वाह नगरपालिका की महिला पार्षदों ने विधायक सचिन बिरला से मुलाकात कर ओंकारेश्वर तीर्थ क्षेत्र एवं नर्मदा तटों पर अवैध शराब के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। साथ ही पार्षदों ने उच्च न्यायालय के आदेशानुसार स्टेट हाईवे पर मौजूद शराब की दुकानों के स्थानांतरण की भी मांग की है। पार्षदों ने बताया कि तीर्थ क्षेत्र और नर्मदा तटों पर अवैध शराब के बढ़ते प्रचलन के कारण श्रद्धालुओं में असुरक्षा का भय व्याप्त है और उनकी आस्था भी आहत हो रही है। इसके अलावा स्टेट हाइवे के समीप स्थित शराब दुकानों के कारण वाहन चालकों में नशा कर वाहन चालन की प्रवृत्ति बढ़ रही है। फलस्वरूप स्टेट हाईवे पर दुर्घटनाओं का ग्राफ निरंतर बढ़ता जा रहा है। विधायक ने पार्षदों की मांग से सहमति व्यक्त करते हुए खरगोन जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया है और तत्काल प्रभाव से तीर्थ क्षेत्र में अवैध शराब के विक्रय और स्टेट हाईवे के नजदीक मौजूद शराब दुकानों को हटाने की मांग की है।विधायक ने बताया कि तीर्थ क्षेत्र और नर्मदा तटों पर अवैध शराब के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने और स्टेट हाइवे पर स्थित शराब दुकानों को हटाई जाए।




## नीमच जिला चिकित्सालय को अस्थि रोग उपचार संबंधी उपकरण किए भेंट

**नीमच।** जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉक्टर महेंद्र पाटील ने बताया कि रविवार को सिजन्स इंटरनेशनल प्राईवेट लिमिटेड जिला भीलवाडा द्वारा जिला चिकित्सालय नीमच को अस्थि रोग उपचार संबंधी उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर कम्पनी के प्रबंधक निदेशक श्री महेन्द्र गर्ग, सीएफओ श्री प्रदीप सांखला मनीष गर्ग, प्रभुदयाल अग्रवाल, शेलेद गर्ग द्वारा मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश प्रसाद, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधिक्षक डॉ महेन्द्र पाटिल, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनित आचार्य जिला चिकित्सालय को अस्थि रोग उपचार संबंधी सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के सहयोगी कर्मचारीयो ने उपस्थित होकर कार्यकम मे सहयोग प्रदान किया साथ ही मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन महोदय द्वारा कम्पनी के प्रबंधक एंव अन्य सदस्यो को सहयोग हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर कम्पनी का आभार व्यक्त किया।

## अग्निवीर भर्ती रैली में चयन हेतु एक अप्रैल तक होंगे ऑनलाइन पंजीयन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

अग्निवीर भर्ती रैली वर्ष 2027 के अंतर्गत भारतीय सेना में योग्य युवाओं के चयन हेतु इंदौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलों में भर्ती रैली आयोजित की जानी है। इस भर्ती प्रक्रिया का दायित्व सेना भर्ती कार्यालय महू को सौंपा गया है। वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी एसकेटी टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस तथा स्थाई पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बताया गया कि इस बार सेना भर्ती में आयु सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। अग्निवीर पदों के लिए एक जुलाई 2005 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे युवा आवेदन कर सकेंगे, जबकि स्थाई पदों के लिए एक जुलाई 2004 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे अभ्यर्थी पंजीयन के पात्र होंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर दें। भर्ती से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय महू के दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं।

### नगर में महावीर जयंती पर्व पर

## जन्म कल्याणक पर भगवान महावीर की निकलेगी विशाल रथ यात्रा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के तहत शहर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सकल जैन समाज द्वारा ३० मार्च सोमवार को भगवान महावीर की विशाल रथ शोभायात्रा निकलेगी, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि जुलूस निर्धारित क्रम और अनुशासन के साथ निकलेगा, जिसमें विभिन्न जैन सामाजिक व धार्मिक समूहों की सहभागिता रहेगी।

जुलूस में सबसे आगे ध्वज व घोड़े रहेंगे, जिनके पीछे त्रिशला व नवकार पाठशाला के बच्चे, विभिन्न बाल व युवा समूह, बैंड दल, जैन समाज के सदस्य और विभिन्न पंचकल्याणक महोत्सव के इंद्र परिवार शामिल होंगे। इसके बाद भगवान महावीर स्वामी का रथ चलेगा, जिसके पीछे ट्रस्टीगण, सामाजिक संगठन और महिला मंडल शामिल होंगे।

समाज के प्रचार मंत्री सुनील जैन प्रेमांशु चौधरी जैन ने बताया कि जुलूस के दौरान तय स्थानों पर रुककर भजनो के माध्यम गरबा प्रस्तुतियां होंगी। रथ खींचने की जिम्मेदारी मार्ग के अनुसार अलग-अलग मंडलों को सौंपी गई है। पूरे आयोजन में अनुशासन, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

सभी प्रतिभागियों के लिए ड्रेस कोड भी तय किया गया है, जिसमें पुरुषों के लिए सफेद व महिलाओं के लिए पीले या केसरिया वस्त्र निर्धारित है। सभी से बैनर के साथ शामिल होने और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। सुनीलजैन ने ने बताया कि महावीर जयंती पर्व पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रथयात्रा व सामूहिक वात्सल्य भोज समाज जनों के सहयोग से जैन सोशल ग्रुप के द्वारा संचालित होगा।

30 मार्च भगवान महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर जैन सोशल ग्रुप खंडवा द्वारा सोमवार को विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।सोमवार को प्रातः 8 बजे श्री जी की भव्य रथयात्रा श्री पार्श्वनाथ पोरवाड़ दिगंबर जैन मंदिर, सराफा बाजार से प्रारंभ होगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए शहर में भ्रमण करेगी। रथयात्रा के दौरान घासपुरा स्थित नमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर पर ठंडाई वितरण भी किया जाएगा। इसके अलावा सुबह 11 बजे से अग्रवाल धर्मशाला में सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में जैन समाज के विभिन्न पदाधिकारी, सदस्य व श्रद्धालु शामिल होंगे।

## मजरा टोला के मार्गों की सूची का अनुमोदन किया

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण अंतर्गत जिले में मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना अंतर्गत उज्जैन जिले की 6 विधानसभाओं की मजरा टोला के मार्गों की प्राथमिकता सूची का अनुमोदन जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक में विगत दिवस किया गया, जिसमें बड़नगर विधानसभा अंतर्गत 6 मार्ग, घट्टिया विधानसभा अंतर्गत 25 मार्ग, नागदा खाचरौद विधानसभा अंतर्गत 22 मार्ग, महिदपुर विधानसभा अंतर्गत 14 मार्ग, तराना विधानसभा अंतर्गत 7 मार्ग एवं उज्जैन दक्षिण विधानसभा अंतर्गत 4 मार्गों के निर्माण कार्य के लिए प्राथमिकता सूची का अनुमोदन किया गया।

## ग्राम राघवी में जल मंदिर का शुभारंभ

**उज्जैन।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर जल संरक्षण और संवर्धन के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड महिदपुर की नवांकुर संस्था बागनी, ग्राम शिक्षा एवं जन कल्याण समिति सेक्टर क्रमांक ३ घोसला द्वारा ग्राम राघवी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत दो स्थानों पर जल मंदिर का शुभारंभ हुआ।

## नगर में दो दिवसीय अंतर प्रांतीय सिंधी साहित्य सम्मेलन प्रारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग भोपाल के तत्वावधान में सिन्धी साहित्य अकादमी व्दारा प्रथम बार आयोजित दो दिवसीय अंतर प्रांतीय सिंधी साहित्य सम्मेलन एवं संत हिरदाराम साहित्य गौरव सम्मान समारोह शनिवार को प्रारंभ हुआ।

खंडवा नगर के वरिष्ठ सिंधी, हिंदी साहित्यकार, लेखक निर्मल मंगवानी शामिल हुए। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सिंधी समाज प्रदेश प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि उदघाटन सत्र सिन्धी साहित्य लोक से विश्व तक विषय में मुख्य अतिथि के रूप में संत हिरदाराम साहिब कुटिया प्रमुख परम श्रद्धेय सिध्द भाऊ, विशेष अतिथि के रूप में भोपाल दक्षिण पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी, मोहन गेहानी, डॉ. रवि प्रकाश टेकचंदानी, सिन्धी साहित्य अकादमी निदेशक राजेश वाधवानी मंचासीन रहे।

डॉ. टेकचंदानी ने सिंधी भाषा एवं समाज के अनेक आयामों का विस्तृत उल्लेख कर सिंधी समाज को एक जूट होने की बात कही। श्री सबनानी ने अपने उदबोधन में कहा कि 14 अगस्त की विभीषिका को हमेशा कार्यक्रम आयोजित कर नयी पीढी. को बताना चाहिए। हमें पूर्व स्मृति को नहीं भूलना चाहिए। हमें अपने संस्कारों, संस्कृति, भाषा को आने वाली पीढ़ी को बताया होगा।

## गत दिनों आपदा क्षमतावृद्धि कार्यक्रम पर प्रशिक्षण का समापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

जिला सेनानी होमगार्ड श्री संतोष जाट ने बताया कि होमगार्ड लाइन में विगत 5 दिवस से संचालित दो प्रशिक्षण क्रमशः भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन एवं ध्वस्त संरचना खोज एवं बचाव का शनिवार को विधिवत समापन किया गया। प्रशिक्षण में सम्मिलित प्रोफेसर, पुलिस, जनपद पंचायत सदस्य नगरीय प्रशासन, प्राचार्य, स्कूल शिक्षक एवं रेडक्रॉस सदस्य, एनसीसी सदस्य, स्वयंसेवी संगठन के प्रतिनिधि, नेहरू युवा केन्द्र के सेवक, एनएसएस, होमगार्ड एवं सेवानिवृत्त सैनिकों इत्यादि को आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं होमगार्ड नागरिक सुरक्षा के तत्वावधान में साथ ही होमगार्ड जिला सेनानी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विगत 23 मार्च से किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को भूकंप, भूगर्भिक आपदाओं का परिचय, भूकंप की भारत एवं म.प्र. में स्थिति, सीपीआर, भूकंप अनुक्रिया एवं प्रतिक्रिया, निकासी खोज बचाव, हताहतों का परिवहन, चिकित्सा सहायता, भूकंप मॉकड्रिल और ध्वस्त संरचना खोज एवं बचाव के बारे में, सर्पदंश, रस्सी की गांठे, बचाव एवं निकासी, खोज सिद्धांत एवं तकनीकी साक्ष्य प्रबंधन, सीएसएसआर के इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण दिया।

## न्यूज -कॉलम

### फ्रूट का ठेला लगाने वाले युवक को बदमाशों ने मारे चाकू



**उज्जैन।** अशोकनगर में रहने वाला जसप्रित 27 साल वाल्मिकी नगर में फरूट का ठेला लगाता है। शनिवार रात वह वाल्मिकी नगर में परिचित की शादी में शामिल होकर वापस अशोक नगर लौट रहा था। तभी सुमित किराना के सामने रोहित और संजय ने अपने 3-4 साथियों के साथ रास्ता रोका और रंगदारी करते हुए फ्रूट का ठेला लगाने पर 5 हजार रूपये मांगे। जसप्रित के मना करने पर उसके साथ चाकू से हमला कर बाइक में तोड़फोड़ की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मारपीट में घायल जसप्रित को परिचित विजय कौशल माधवनगर थाने लेकर पहुंचा। मामले में पुलिस ने विजय की शिकायत पर जसप्रित के साथ मारपीट कर अवैध वसूली की मांग करने वालों के खिलाफ बीएनएस की 7 धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार नामजद आरोपी रोहित और संजय के गिरफ्त में आने पर मारपीट में शामिल उनके साथियों की जानकारी सामने आ पायेगी।

### उत्तरप्रदेश से गिरफ्त में आया अपहरण-दुष्कर्म का आरोपी

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग को बहला-फुसलाकर अगवा और दुष्कर्म करने वाले आरोपी को चार दिनों की तलाश के बाद पुलिस ने उत्तरप्रदेश के वृंदावन से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 23 मार्च को नाबालिग के लापता होने पर परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया था। इस दौरान सामने आया कि नाबालिग को भाटपचलाना का रहने वाला 28 वर्षीय मंगलसिहं पिता जोरावरसिंह अपने साथ ले गया है। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर उसे उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर नाबालिग को दस्तयाब किया। नाबालिग ने बयान में बताया कि मंगल उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गया था। उसने गलत काम किया है। नाबालिग के बयान पर पुलिस ने मंगल के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को एक्ट की धारा का इजाफा किया। रविवार दोपहर न्यायालय में पेश कर आरोपी को सबजेल भेजा है। बताया जा रहा है कि अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी शादीशुदा है, जिसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी।

### मान उतारकर लौट रहा परिवार सड़क दुर्घटना में घायल

**उज्जैन।** महिदुपर के बिसलाखेड़ी का रहने वाला भैरूलाल पिता बगदीराम चौधरी अपने 9 माह के पुत्र पारस की मान उतारने के लिये परिवार के साथ उन्हेल के पास गांव गया था। जहां से भेरूलाल अपनी पत्नी रेखा, पुत्र पारस और 4 वर्षीय पुत्री माही के साथ बाइक से शनिवार-रविवार रात वापस महिदपुर लौट रहा था। उन्हेल मार्ग पर तेजगति से आई कार ने सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में भैरूलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुत्र-पुत्री को चोंट आई। पत्नी को मामूली रूप से जख्मी हुई है। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था। आसपास के ग्रामीणों ने घायल परिवार की मदद कर उन्हे उपचार के लिये अस्पताल तक पहुंचाया। उन्हेल पुलिस मामले में दुर्घटना का प्रकरण दर्ज कर कार चालक की तलाश कर रही है।

### उधार दिये रूपये मांगे तो फर्शी से किया हमला

**उज्जैन।** ग्राम केसरपुर निपानिया में रहने वाले जितेन्द्र पिता सोहनसिंह मोंगिया ने सात माह पहले गांव में रहने वाले भगवान को जरूरत होने पर ढाई लाख रूपये उधार दिये थे। भगवान ने 2 माह में रूपये वापस लौटाने की बात कहीं थी, लेकिन सात माह बाद भी रूपये नहीं लौटाये और मुंह छिपाने लगा। शनिवार रात जितेन्द्र घर लौट रहा था उसी दौरान भगवान उसे गांव में किराना दुकान पर दिखाई दिया। उसने अपने रूपये लौटाने की बात कहीं तो भगवान ने पहले लकडी से मारपीट की और फिर फर्शी से हमला कर सिर फोड़ दिया। घायल जितेन्द्र को तराना से उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया गया है। मामले में तराना पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपी भगवान की तलाश कर रही है।

### पिता को बुरा बोलने पर 2 युवकों के बीच विवाद

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के शांति निकेतन चौराहा पर रोहित पिता दिलीपसिंह राठौर ग्राम सुनेड़ा इंगोरिया और अशीष पिता रवि गौसर निवासी ठक्कर कालोनी बड़नगर के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगे। लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। मामला थाने पहुंचने पर रोहित ने शिकायत दर्ज कराई कि आशीष द्वारा उसके पिता के बारे में गलत बाते की जा रही थी। वहीं आशीष ने भी अपने पिता के बारे में रोहित द्वारा गलत बात फैलने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

# किसानों का वेश धारण कर पुलिस ने मारी दबिश

## झोपड़ी में जुआं खेलते मिले 8 जुआरी, 51 हजार की राशि बरामद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जुआरियों को पकड़ने के लिये रविवार को पुलिस ने किसानों का वेश धारण किया और खेत पर बनी झोपड़ी में दबिश मारी। 8 जुआरियों को हिरासत में लेकर उनके पास से 51 हजार से अधिक की नगद राशि बरामद की गई। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि ग्राम झिरन्या में खेत पर बनी झोपडी में कई लोगों द्वारा जुआ खेलने की खबर मिली थी। जुआरियों को पकडने के लिये योजना बनाई गई और एएसआई भूरिया मोहरे, प्रधान आरक्षक गोपाल चावला, आरक्षक संदीप यादव, नटवरसिंह, आनंदसिंह, सौदागर, दिनेश, हेमराज, अंकित पांचाल और नगर सुरक्षा समिति सदस्यों सहित 15 लोगों की टीम बनाई गई। सभी ने ग्रामीणों का वेश धारण किया। किसी ने टोपी लगाई तो किसी ने गमछा गले में डाला, कुछ बनिया पहनकर निकले। ग्राम झिरन्या पहुंचकर टीम 1 किलो मीटर पैदल अलग-अलग रास्तों से खेत तक पहुंची और झोपडी में दबिश मारी। मौके से दशरथ पिता मोहननाथ निवासी ग्राम बेडावन्या, फिरोज पिता अल्लानूर ग्राम बागला, नगजी पिता भेरूलाल, भुरू पिता याकूब खान ग्राम झिरनया, समंदर पिता मनोहर सिंह ग्राम पलसोडा, अहमद उर्फ पप्पू पिता सुल्तान खान ग्राम पिपलिया मोलू थाना उन्हेल, बनेसिंह पिता कालूसिंह ग्राम झिरन्या और लक्ष्मण पिता हिंदू गुर्जर निवासी जलवाल थाना खाचरोद को हिरासत में लिया। झोपडी से नगद राशि 51 हजार 500 रूपये और ताश पत्ती बरामद की गई। सभी को थाने लाया गया और जुआ एक्ट अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार जुआरियों से पूछताछ में सामने आया कि खेत उन्हेल के ग्राम पिपलिया मोलू में रहने वाले अहमद उर्फ पप्पू खान का है। उसके द्वारा ही खेत पर बनी झोपडी में जुआ खेलने के लिये फड लगाई गई थी। कुछ दिनों से झोपडी में जुआ खेला जा रहा था, जिसमें आसपास के ग्रामीण दांव लगाने आ रहे थे।





## पुस्तक मेले के आयोजन से पूर्व स्कूलों को किताबों के निर्देश

### समिति ने छोटे बच्चों के लिए तय की किताबें, शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जिले में इस बार पुस्तक मेले के आयोजन से पूर्व ही छोटे बच्चों की किताबों को लेकर स्कूलों को निर्देश दिए जा चुके हैं। सूचीबद्ध किताबों को लेकर स्कूलों को निर्देशित किया गया है। उससे अलग किताबें मंगवाने पर स्कूलों पर कार्रवाई होगी। किताबों को लेकर जिला समिति ने बैठक की और उसके बाद बच्चों के लर्निंग मटेरियल के मान से तय किया गया है। इसके बाद भी अगर पालकों की शिकायतें प्राप्त होती है तो ऐसे में स्कूलों पर सख्त कार्रवाई होगी।

इस वर्ष उज्जैन में पुस्तक मेले के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति है। मेले से पूर्व ही छोटे बच्चों की किताबों को लेकर मार्च के मध्य में ही शिक्षा विभाग ने सबकुछ तय कर दिया है। किताबों के नाम पर निजी स्कूलों में अगर गडबड होती है और पालकों पर बेवजह का आर्थिक बोझ डाला जाता है तो ऐसे में स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना भी तय है।

#### ये किया विभाग ने-

शिक्षा विभाग ने जिला समिति की बैठक बुलाई। इसमें पूर्व से स्कूलों से किताबों की सूची बुलवाकर समिति के समक्ष रखा गया। समिति ने दो बार की बैठक में बच्चों की किताबों के लिए आई सूची में से ज्यादातर छोटे बच्चों के लर्निंग मटेरियल के मान से किताबों का चयन किया गया। सुलभ एवं सस्ती किताबें रखी गई। किताबों के चयन से पालकों के साथ बारगनिंग की स्थिति पर अंकुश लगाया गया है। चयनित किताबें ही स्कूल द्वारा मंगवाई जाएंगी अगर इसके अतिरिक्त मंगाने की शिकायतें मिली तो स्कूल पर कार्रवाई भी होगी।

#### बडे बच्चों के लिए एनसीआरटी-

छोटे बच्चों के स्कूल अप्रेल में शुरू हो जाएंगे। उनकी किताबों में ही स्कूल ऐसे प्रकाशकों की किताबें रखते हैं जो सुलभता से नहीं मिलती है और उनके वितरक भी शहर में एकाध ही होते हैं। ऐसे में पालकों को मुंह मांगे दाम वाली पुस्तकें खरीदने पर मजबूर होना पडता है। इसके विपरित बडे बच्चों के लिए एनसीआरटी का कोर्स ही चलेगा।

#### इनका कहना

कलेक्टर साहब के निदेर्शानुसार समिति की बैठक में मध्य मार्च में ही इस मुद्दे पर किताबों का चयन कर दिया गया है। युनिफार्म को लेकर भी अगर कोई शिकवा शिकायत पालकों के स्तर से आएगी तो सीधे तौर पर कार्रवाई होगी। किताबों के मामले में सख्त कार्रवाई होना तय है। मान्यता निरस्ती एवं जुमार्ने जैसी कार्रवाई करेंगे।

**महेन्द्र खत्री**
**जिला शिक्षा अधिकारी,उज्जैन**

## खजूर की डालियां थाम ईसाई समुदाय ने बनाया पॉम संडे

**उज्जैन।** ईसाई समुदाय ने रविवार को पॉम संडे की आराधना की। सामजजनों ने हाथों में खजूर की डालियां थामी और धार्मिक गीत के साथ प्रार्थना की। ईसाई समाज अपने प्रभु यीशु के यरूशलम नगर प्रवेश की याद में पॉम संडे (खजूर रविवार)का पर्व मनाता है। इस अवसर पर मसीही चर्च से जुलूस निकाला गया।

धर्मग्रंथ बाईबल के अनुसार प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाये जाने से पहले उनका यरूशलम में प्रवेश हुआ था, उनके आगमन पर अनुयायियों ने उनके अभिवादन में खजूर की डालियां बिछाकर उनका स्वागत किया था और दाऊद का पुत्र होसन्ना धन्य है का उद्घोष किया था। यरूशलम में प्रवेश के बाद प्रभु यीशु पर झूठे आरोप लगाकर उन्हे सूली पर चढा दिया गया था। उनके यरूशलम प्रवेश को विजय दिवस के रूप में मनाते हुए मरिया नगर स्थित कैथोलिक चर्च में सुबह 8 बजे आर्च बिशप सेबास्ट्रियन वडक्केल द्वारा खजूर की डालियों को आशिषीत किया गया और समाजजनों को सौंपा। उसके बाद आराधना शुरू हुई और पवित्र बलिदान हुआ। सोमवार से समाजजन विशेष सप्ताह की आराधना करेगें।

वहीं 3 अप्रैल को प्रभु यीशु के सूली पर चढ़ाये जाने का स्मरण गुड फ्राईडे के रूप में किया जायेगा। इस दिन कैथोलिक चर्च से क्रूस यात्रा निकाली जायेगी और चर्च भवन में प्रभु यीशु द्वारा क्रूस पर कही गई 7 वाणियों को स्मरण किया जायेगा। 5 अप्रैल को समाजजन ईस्टर संडे की आराधना करेगें। इस दिन प्रभु यीशु मृतकों में फिर जी उठे थे। ईस्टर पर्व समाजजनों के लिये खुशियों का पर्व है। देवासरोड स्थित मसीही चर्च में भी पॉम संडे की आराधना की गई। वहीं चर्च प्रांगण से जुलूस निकाला गया। समाजजन हजारों की संख्या में हाथों में खूजर की डाली थाम प्रमुख मार्गो पर निकले। जुलूस का समापन चर्च प्रांगण में हुआ।

## स्कूटी सवार युवक ठिकाने लगाने निकला था शराब

**उज्जैन।** उंडासा क्षेत्र में देर शाम स्कूटी सवार युवक शराब ठिकाने लगाने निकला था। भ्रमण कर रही पुलिस को खबर मिली तो युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके पास से 28 हजार कीमत की अवैध शराब बरामद की गई। चिमनगंज थाना प्रधान आरक्षक राजेन्द्र सिगांड ने बताया कि भ्रमण के दौरान खबर मिली थी कि कानीपुरा रोड साहेबखेड़ी तिराहा के आसपास स्कूटी सवार युवक शराब बेचने की फिराक में आया हुआ है। तत्काल युवक को पकडने के लिये पुलिस टीम कानीपुरा मार्ग पहुंची, घेराबंदी में तिराहा के पास से स्कूटी पर झोले लेकर जा रहे युवक को रोका गया और झोलों की तलाशी ली गई। जिसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे हुए थे। मौके पर पूछताछ में युवक का नाम हार्दिक पिता दिलीप धांदे 20 साल निवासी शास्त्रीनगर सामने आया। शराब के साथ स्कूटी जप्त कर युवक को थाने लाया गया और आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। युवक ने देवास के रास्ते शराब लाना कबूल करते हुए बताया कि पूर्व में भी शराब लेकर आ चुका था। प्रधान आरक्षक के अनुसार आरोपित युवक को रविवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## पत्थर से कुचला था सिर, बोरे में बंद कर फैंकी थी लाश

**30 माह बाद आरोपी को आजीवन कारावास की सजा**

**उज्जैन।** जूना नागदा चम्बल नदी के पास सिर कुचली बोरे में बंद मिली महिला की लाश के मामले में गिरफ्तार किये गये आरोपी को 30 माह बाद न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर अर्थदंड भी लगाया गया है।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि 20 सितंबर 2023 को ग्राम पाल्याकला में रहने वाले मुन्नालाल ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर सेल्समेन है। उसकी मां बरदीबाई एक दिन पहले सब्जी लेने बाजार गई थी, जो वापस नहीं लौटी है। सभी रिश्तेदारों के यहां पता किया लेकिन वहां भी नहीं पहुंची है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की थी। 21 सितंबर 2023 को डायल 100 पर सूचना मिली कि जूना नागदा ईंट भट्टे के पास एक महिला की लाश पड़ी है। आरक्षक धीरज यादव घटनास्थल पहुंचा तो बोरे में बंद लाश पड़ी होना सामने आई। उस वक्त थाना प्रभारी नलिन बुधोलिया थे, जो एसआई हेमंतसिंह जादौन के साथ मौके पर पहुंचे। महिला का सिर कुचलने के बाद बोरे में बंद कर लाश फेंकी जाना सामने आया। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। कुछ दिन बाद रतनलाल पिता कालू गुर्जर को पकड़ा गया।

जिसने पूछताछ में हत्या कर लाश फेंकना कबूल कर लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। 30 माह तक चली सुनाई के बाद अनूसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) विशेष न्यायाधीश अरविंद प्रतापसिंह चौहान ने सुनवाई पूरी होने पर फैसला सुनाते हुए आरोपी रतनलाल गुर्जर को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। मीडिया सेल प्रभारी भदौरिया के अनुसार प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खांडेगर ने विधिक परामर्श के साथ सक्ष्य संकलन करने में मार्गदर्शन दिया। वहीं पैरवी ईश्वरसिंह केलकर विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई।

### जमीन विवाद में आरोपी ने की थी हत्या

नागदा के तत्कालीन एसआई हेमंतसिंह जादौन ने बताया कि महिला की हत्या का मामला सामने आने और आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ में सामने आया था कि महिला और आरोपी एक-दूसरे से परिचित थे। मृतक महिला द्वारा आरोपी की जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाया जा रहा था। जिसके चलते रास्ते से हटाने की योजना बनाकर आरोपी पहले महिला को अपने साथ खेत पर ले गया था और पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करने के बाद शव को बोरे में बंद कर रात के समय चंबल नदी किनारे ईंट भट्टे के पास फेंक आया था।

## हरसिद्धी मंदिर के पास मिली 70 साल की वृद्धा की लाश

**उज्जैन।** हरसिद्धी मंदिर के पास रविवार सुबह 70 साल की वृद्धा का शव पुलिस ने लोगों की सूचना पर बरामद किया। कुछ देर में मृतक वृद्धा की पहचान पोते ने दादी के रूप में कर ली। वृद्धा कुछ दिन पहले घर छोड़कर कर निकल गई थी। महाकाल थाना क्षेत्र के हरसिद्धी मंदिर के पास महिला की लाश पड़ी होने की खबर पर पुलिस पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ कर महिला की पहचान के प्रयास शुरू किये, उसी दौरान अभिषेक नामक युवक ने बताया कि उक्त वृद्धा मंदिर के पास हार फूल की दुकान लगाने वाले सचिन की दादी है। अभिषेक ने सचिन को कॉल कर बुलाया। उसने शव देख अपनी दादी सुमनबाई पति भंवरसिंह परिहार 70 साल निवासी छोटी कमल कालोनी के रूप में शिनाख्त कर ली। पोते सचिन ने बताया कि दादी पहले जयसिंहपुरा में रहती थी। 3 साल पहले ही छोटी कमल कालोनी में रहने आई थी। कुछ दिनों पहले पारिवारिक विवाद होने पर घर छोड़कर चली गई थी। कुछ दिनों पहले दिखाई दी थी, उस वक्त घर चलने को कहा था, लेकिन मना कर दिया था। वह फुटपाट पर रहने लगी थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंपा। फिलहाल मौत की वजह सामने नहीं आई है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कारण सामने आ पायेगा।

## खेतों में लगी आग, 2 दमकलों ने पाया काबू

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील में रविवार को 10 से 12 खेतों में आग लग गई। आगजनी की खबर पर 2 दमकलें मौके पर पहुंची और कुछ देर में काबू पा लिया। आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है।

ग्राम निपानिया गोयल में पूर्व विधायक रामलाल मालवीय का वेयर हाऊस बना हुआ है। जिसके पास कई खेत लगे हुए है। दोपहर में अचानक एक खेत में आ लगी और तेजी से फैलते हुए आसपास के 8-10 खेतों तक पहुंच गई। कुछ देर में क्षेत्र काले धुएं से भर गया। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की 2 दमकलें और पुलिस मौके पर पहुंच गई। खेतों में फसल कट चुकी थी और पराली बची थी। दमकल कर्मियों ने कुछ देर में सभी खेतों की आग पर काबू पा लिया गया। आगजनी में किसी प्रकार की जनहानि और नुकसान होना सामने नहीं आया है। आशंका जताई जा रही है या तो किसी ने पराली जलाई होगी या फिर बढ़ते तापमान की वजह से आग फैली है। मामले में थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि आगजनी की किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है।


## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई.होम फायनेन्स लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 174/1 स्थित वार्ड न. 13 जवाहर मार्ग कस्बा तराना तहसील तराना जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 1122 वर्गफीट । जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार पूर्व में- जवाहर मार्ग, पश्चिम में- गली, उत्तर में- राजेश डोडीया का भवन एवं दक्षिण में- शेष भाग स्थित है। उक्त संपत्ति श्रीमति सोनाली जायसवाल पति श्री अनिल जायसवाल ने इसके पूर्वस्वामी रोहित राठी पिता जगदीशचंद्र राठी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 43192025ए1009468 दिनांक 06/01/2025 के माध्यम से क्रय कि। एवं श्रीमति सोनाली जायसवाल ने संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध रोहित मकोड़िया पिता श्री अशोक से किया। एवं श्री रोहित मकोड़िया ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स लिमिटेड उज्जैन आवेदन किया है। तथा मेरे पक्षकार का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार आई.सी.आई.सी.आई.होम फायनेन्स लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 29/02/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

## जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामीः- हरिराम चौधरी पिता श्री घासीराम जी जाति खाती निवासी-33. होलीपुरा ग्राम लेकोड़ा तह. व जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नं. -2394/1 रकबा 0.62 हैक्टर भूमि ग्राम लेकोड़ा तह. व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सिंचित एवं रोड़ से अन्दर स्थित हैं। उक्त भूमि कृषि उपयोग की है। उक्त भूमि के पूर्व में सर्वे क्रमांक-2378/1, पश्चिम में 2399, उत्तर में - सर्वे क्रमांक-2395/1/1, 2395/1/2, 2395/2, 2396/1, 2396/2, 2397 एवं दक्षिण में - 2394/2 है। उक्त भूमि फ्रीहोल्ड राईट्स का है। मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा कर अनुबंध पत्र किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी भूमि स्वामी को कर दिया है, अब विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है। उक्त संपत्ति पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।

इति दिनांक- 30/03/2026

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**कार्या-सी-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 89891-45770**

# गुरु नानक देव की अनमोल सीख



गुरु नानकदेव सात्विक जीवन जीते तथा प्रभु को याद करने की प्रेरणा देते थे। एक बार की बात है उनके पास एक व्यक्ति आया और बोला, 'बाबा मैं चोरी तथा अन्य अपराध करता हूं। मेरा जीवन सुधर जाए, ऐसा कोई उपाय बताइए।'

गुरु नानक देव जी ने कहा कि, 'तुम चोरी करना बंद कर दो। सत्य बोलने का व्रत लो। तुम्हारा कल्याण हो जाएगा।' वह व्यक्ति उन्हें प्रणाम कर लौट गया। कुछ दिन बाद वह फिर आया। बोला, 'बाबा चोरी करने और झूठ बोलने की आदत नहीं छूट रही है। मैं क्या करूं।'

गुरु नानक जी बोले, 'भैया, तुम अपने दिन रात का वर्णन चार लोगों के सामने कर दिया करो।' चोर ने अगले दिन चोरी की, लेकिन वह लोगों को बता नहीं पाया, क्योंकि उसे डर था कि लोग उससे घृणा करने लगेंगे।

उसने उसी क्षण चोरी न करने का संकल्प लिया। कुछ दिन बाद वह नानक देव जी के पास गया और बोला, 'बाबा, आपके सुझाए तरीके ने मुझे अपराधमुक्त कर दिया है। अब में मेहनत की कमाई कर गुजरा करता हूं।'

**संक्षेप में–** अगर खुद में बदलाव करना है, तो सबसे पहले स्वयं को बदलना होगा। आपकी की आदतें आपका व्यवहार स्वयं बदल जाएगा।



**सम्पादकीय**

## व्यापार की सुगमता का जीवन

किसी भी देश के विकास में वहां के व्यापारी वर्ग की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसका उल्लेख भारत के दार्शनिक व आर्थिक-राजनीतिक विचारक आचार्य चाणक्य ने अपनी कालजयी पुस्तक कौटिल्य का अर्थ शास्त्र में विशद रूप में किया है और शासक राजा के उसके प्रति कर्त्तव्यों का भी बखूबी बखान किया है। आचार्य चाणक्य लिखते हैं कि किसी भी राजा को अपने राज्य में व्यापार के फलने-फूलने के लिए ऐसी नीतियों का निर्माण करना चाहिए जिससे वाणिज्य करना सुगम हो सके और व्यापारी वर्ग पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने कारोबार को बढ़ाते हुए राज्य की सुख-समृद्धि में योगदान कर सके क्योंकि तभी कोई राज्य धन-सम्पदा से परिपूर्ण हो सकता है जबकि उसके व्यापारी वर्ग को सदाचार के साथ अपने कारोबार को आगे बढ़ाने की छूट मिले। इसके लिए राजा को अपने राजकोष को भरने के लिए अनावश्यक शुल्क प्रणाली से बचना चाहिए और राज-भय का अवांछित प्रयोग नहीं करना चाहिए। राजा को अपनी प्रजा से उसी प्रकार शुल्क वसूलना चाहिए जिस प्रकार ह्यमधुमक्खियांह्ल विभिन्न पुष्पों या फूलों से पराग या रस चूस कर अपना ह्यशहदह्ल का छत्ता बनाती हैं परन्तु राजा को कभी भी स्वयं व्यापारी नहीं बनना चाहिए। यह कार्य उसे व्यापारी वर्ग पर ही छोड़ना चाहिए। इससे स्पष्ट है कि भारतीय संस्कृति में व्यापार को सर्वांगीण विकास हेतु विशिष्ट महत्ता दी गई है और बताया गया है कि प्रजा में सर्वत्र सुख-शान्ति के लिए व्यापारी वर्ग का कितना महत्व होता है परन्तु भारत में अंग्रेजों के शासन के दौरान व्यापारी वर्ग को लांछित करने की प्रवृत्ति ने जन्म लिया जिसका प्रमुख कारण यह था कि अंग्रेज अपना शासन चलाने के लिए और भारत की पूंजी को अपने कब्जे में रखने के लिए ऐसी व्यवस्था विकसित करना चाहते थे जिससे देश के व्यापारी वर्ग को खलनायक के रूप में दिखाया जा सके। इसके पीछे उनका उद्देश्य पूरी तरह आर्थिक था। वह अपने देश में बने तैयार माल से भारत के बाजारों को पाट कर यहां के व्यापारी वर्ग की छवि को अपने एजेंट के रूप में विकसित करना चाहते थे, जिसमें वे एक सीमा तक सफल भी रहे क्योंकि उन्होंने इसी व्यापारी वर्ग को सामन्तवाद व राजशाही के चलते ब्याज पर पूंजी उपलब्ध कराने वाले वर्ग के रूप में विकसित कर दिया। हालांकि ऐसा नहीं है कि उससे पहले जमीदारी प्रथा के चलते भारत में सूद या ब्याज पर धन उपलब्ध कराने का धंधा नहीं होता था परन्तु यह कार्य जमींदार केवल कुछ व्यापारियों के साथ गठजोड़ बनाकर ही करते थे। अतः 21वीं सदी के स्वतन्त्र भारत में यह बहुत आवश्यक हो जाता है कि हम पुरानी रूढ़ियों को तोड़ते हुए अपने व्यापारी वर्ग के साथ बदलते जमाने के अनुरूप व्यवहार करें और राजसत्ता तद्नुरूप अपनी नीतियों में परिवर्तन लाये।

**[प्रसंगवशः महावीर जयंती]**

# जियो और जीने दोः आज की सबसे बड़ी आवश्यकता

जब मानवता मार्ग से विचलित होती है, हिंसा, लोभ और असत्य का अंधकार फैलता है, तब इतिहास में एक दिव्य प्रकाश प्रकट होता है, जो युग को दिशा देता है और पीढ़ियों को प्रेरित करता है। लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व वैशाली के समीप कुंडलपुर की पावन भूमि पर जन्मे भगवान महावीर स्वामी ऐसी ही अद्वितीय विभूति थे। उनका जन्म मात्र एक तीर्थंकर का आगमन नहीं, बल्कि एक ऐसी चेतना-क्रांति का आरंभ था, जिसने मानव जीवन को अहिंसा, करुणा और सत्य के उच्चतम आदर्शों तक पहुंचाया। उनके विचार आज भी उतने ही सजीव और प्रासंगिक हैं, जितने उस समय थे–यह सिखाते हुए कि सच्ची विजय हिंसा नहीं, प्रेम और संयम से प्राप्त होती है।



प्रो. आर.के. जैन (दैनिक अवन्तिका)

जब सत्य और आत्मबोध की खोज प्रबल होती है, तब महापुरुषों का जीवन मार्गदर्शक बनता है। 599 ईसा पूर्व चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को जन्मे भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे, किंतु उनका दर्शन किसी एक संप्रदाय तक सीमित नहीं रहा। वे विश्व-गुरु थे, जिनके संदेश ने समस्त मानवता को नई दिशा दी। ₹अहिंसा परमो धर्मः₹ उनका अमर सिद्धांत था–जो केवल वाणी नहीं, बल्कि जीवन का आधार है, जिस पर शांति और समृद्धि टिकी है। उन्होंने सिखाया कि सिद्धांतों को कहना नहीं, जीना आवश्यक है। राजसी वैभव त्यागकर और 12 वर्षों की कठोर तपस्या के पश्चात कैवल्य ज्ञान प्राप्त कर उन्होंने सिद्ध किया कि आत्मबल ही सर्वोच्च शक्ति है।

महावीर का जीवन स्वयं एक सजीव विश्वविद्यालय था। 30 वर्ष की आयु में संन्यास लेकर उन्होंने जो मार्ग अपनाया, वह अत्यंत कठोर था। नंगे पांव, बिना किसी संपत्ति के, विपरीत परिस्थितियों और उपहास के बीच भी वे अडिग रहे। उनकी तपस्या केवल बाहरी कष्ट नहीं, बल्कि मन, क्रोध और लोभ पर विजय की आंतरिक साधना थी। कैवल्य ज्ञान प्राप्ति के बाद उन्होंने 30 वर्षों तक जन-जन को यह सिखाया कि जीवन का लक्ष्य भौतिक सुख नहीं, आत्म-



मुक्ति है। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जैसे उनके पंच महाव्रत आज भी जीवन को संतुलित और सार्थक बनाने की राह दिखाते हैं। वर्तमान समय में भगवान महावीर के संदेश और भी अधिक सार्थक प्रतीत होते हैं। विश्व में हिंसा, युद्ध, आतंकवाद और पर्यावरण संकट चरम पर हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीते दशक में 20 लाख से अधिक लोग हिंसक संघर्षों से विस्थापित हुए हैं और जलवायु परिवर्तन से प्राकृतिक आपदाएँ 35% बढ़ी हैं। ऐसे दौर में उनका ₹जियो और जीने दो₹ सिद्धांत केवल आदर्श नहीं, एक व्यावहारिक मार्ग है। यदि मानवता का एक अंश भी अहिंसा और संयम अपनाए, तो संघर्ष घट सकते हैं और प्रकृति से संतुलन स्थापित हो सकता है। शाकाहार अपनाने से न केवल हिंसा कम होती है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन भी घटता है–यह वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है।

भारत में जैन समुदाय इसका सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। लगभग 45 लाख अनुयायी आज भी महावीर के सिद्धांतों को जीवन में उतारते हैं। वे अहिंसा के साथ दान, संयम और सेवा द्वारा समाज को सुदृढ़ बनाते हैं। यह संयोग नहीं कि भारत जैसे विविध देश में सह-अस्तित्व की भावना जीवित है–इसका श्रेय महावीर के दर्शन को है। उनके पंच महाव्रत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं–अहिंसा हिंसा से दूर रखती है, सत्य नैतिकता सिखाता है, अस्तेय लोभ से बचाता है, ब्रह्मचर्य संयम देता है और अपरिग्रह संग्रह की प्रवृत्ति को त्यागना सिखाता है। ये सिद्धांत व्यक्ति ही नहीं, समाज को भी समृद्ध बनाते हैं।

महावीर जयंती का दिन केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का एक पवित्र अवसर है–एक ऐसा क्षण, जो हमें अपने भीतर झांकने और आत्म-मंथन करने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें याद दिलाता है कि सच्चा धर्म मंदिरों की भव्यता या रस्मों के शोर में नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन के सरल, पवित्र और सच्चे कर्मों में निहित है। यह दिन हमें प्रेरणा देता है कि हम अपने भीतर की कमजोरियों–हिंसा, क्रोध और ईर्ष्या–को पहचानें और दृढ़ संकल्प के साथ उन्हें समाप्त करने का प्रयास करें। आज के समय में, जब सोशल मीडिया नफरत और विभाजन को बढ़ावा दे रहा है, महावीर का संदेश एक प्रकाशस्तंभ की तरह हमें मार्ग दिखाता है–यह सिखाता है कि वाणी में संयम और विचारों में शुद्धता ही सच्ची मानवता की पहचान है।

मानव जीवन के समक्ष आज दो स्पष्ट और निर्णायक मार्ग खड़े हैं–या तो हम उस गहन अंधकार में विलीन हो जाएं, जहां हिंसा, स्वार्थ और विनाश की शक्तियां प्रभावी हैं, या महावीर की तपस्या से प्रज्वलित उस दिव्य, शाश्वत ज्योति को पूर्ण श्रद्धा से अपनाएं। यह ज्योति हमारे हृदय में शांति, करुणा और संतुलन का संचार करती है तथा ऐसे विश्व की कल्पना को साकार करती है, जहां प्रत्येक प्राणी प्रेम, सम्मान और सह-अस्तित्व के साथ जीवन व्यतीत करता है। आज, इस पावन और प्रेरणादायी क्षण में, हमें एक दृढ़ और अटूट संकल्प लेना चाहिए–अहिंसा को अपने जीवन का मूल आधार बनाएं, सत्य को अपनी अडिग शक्ति और करुणा को वह दिव्य प्रकाश, जो संपूर्ण संसार को प्रेम, सद्भाव और मानवता की उज्ज्वल आभा से आलोकित कर दे।

महावीर का जीवन एक प्रखर संदेश, जागृत पुकार और अनंत प्रेरणा का स्रोत है। वे बताते हैं कि सच्ची विजय बाहरी संसार में नहीं, बल्कि अपने ही मन के गहरे संघर्षों को जीतने में निहित है। जब हम उनके दिव्य दर्शन को आत्मसात कर अपने आचरण में उतारते हैं, तब उनका प्रकाश हमारे जीवन, समाज और संपूर्ण विश्व को निरंतर आलोकित करता है। यही उनकी जयंती का वास्तविक अर्थ है–एक ऐसी शाश्वत विजय, जो समय की सीमाओं से परे जाकर सदैव मानवता को मुक्ति का पथ दिखाती रहती है। महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। जय महावीर–जय विश्व शांति, जय विश्वमंगल।

## किराये का दुख

कंचनपुर गांव के चतुर सुजान 'घपलेराम' ने जब इस बार प्रधानी का चुनाव लड़ा, तो उन्होंने गांव की सबसे बड़ी और प्राकृतिक समस्या को अपना हथियार बनाया–'समय का अभाव'। घपलेराम का तर्क था कि आज का ग्रामीण इतना व्यस्त है कि उसके पास अपने रिश्तेदारों की मृत्यु पर रोने या बीमार पड़ोसी का हाल चाल पूछने तक का समय नहीं है। उन्होंने अपने घोषणापत्र में वादा किया कि जीतते ही वे गांव में 'इमोशनल आउटसोर्सिंग केंद्र' खोलेंगे। यदि आपके घर में कोई गमी हो जाए और आपको दफ्तर जाना हो, तो सरकार की ओर से 'प्रोफेशनल रोदली' भेजी जाएगी जो आपके हिस्से का विलाप ससुरारी धुन में करेगी। गांव के लोग, जो सामाजिक लोकलाज और काम के बोझ के बीच पिसे जा रहे थे, अचानक इस 'किराये की संवेदना' वाले विचार पर ऐसे रीझे कि उन्हें घपलेराम साक्षात कलयुग के श्रवण कुमार लगने लगे।

प्रचार के अंतिम चरण में घपलेराम ने गांव की चौपाल पर एक 'आँसू-बैंक' स्थापित किया। यह वास्तव में एक पुराना वाटर कूलर था जिस पर उन्होंने 'संवेदना संग्राहक' लिखवा दिया था। उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि जो भी व्यक्ति उन्हें वोट देने की प्रतिज्ञा करेगा, उसके जीवन के सारे 'सामाजिक कर्तव्य' यह मशीन स्वचालित रूप से निभा देगी। विपक्षी उम्मीदवार 'सीधे सादे राम' खड़ंजे और हैंडपंप की बात कर रहे थे, लेकिन जनता को तो उस भविष्य की चिंता थी जहाँ उन्हें किसी की तेहरवीं में बैठकर झूठी उदासी नहीं दिखानी पड़ेगी। घपलेराम ने कुछ भाड़े के कलाकारों को बुलाकर गांव में एक 'मॉक विलाप' करवाया, जिसे देखकर ग्रामीणों को लगा कि अब उनकी आत्मा का बोझ हल्का हो गया है। लोग अपनी मेहनत की कमाई घपलेराम के चरणों में अर्पित करने लगे ताकि उनका सामाजिक जीवन 'ऑटो-पायलट' मोड पर आ सके। जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और घपलेराम की प्रचंड जीत हुई, पूरा गांव अपने 'संवेदना कूपन' लेने उनके घर पहुँचा। लोग चाहते थे कि अगले हफ्ते होने वाली एक शादी और दो मुंडनों के लिए घपलेराम अपने 'प्रोफेशनल प्रतिनिधि' भेजें। घपलेराम अपनी नई सफारी गाड़ी से उतरे और सबके हाथ में एक-एक पत्थर थमाते हुए बोले– भाइयों, संवेदनाएं आउटसोर्स नहीं होतीं, सिर्फ बेची जाती हैं! जनता हक्की-बक्की रह गई, हुज़ूर, हमारे उन प्रोफेशनल रोने वालों का क्या हुआ?

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 30 मार्च 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:25 सूर्यास्त 18:38
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - द्वादशी 07:10 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - मघा 14:47 उपरांत पूवार्फाल्गुनी
योग - शूल 16:51 उपरांत गण्ड
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण सिंह में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 10 तारिख

**मेष-** स्वाभिमान को ठेस लग सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**वृषभ-** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**मिथुन-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।

**कर्क-** आय के स्त्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है।

**सिंह-** धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**कन्या-** मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समय अनुकूल है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**तुला-** शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति पर व्यय होगा। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक-** भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु-** परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

**मकर-** शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति पर व्यय होगा। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ-** भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मीन-** परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

**-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545**

**| महावीर जयंती पर विशेष |**

## भगवान महावीर के अहिंसा सिद्धांत की दशा- दिशा

भगवान महावीर स्वामी की 2626 वीं जयंती को पावन पर्व के अवसर पर आज महावीर स्वामी के अनुयायी दुनियाभर में मना रहे हैं। भगवान महावीर स्वामी का जन्म लगभग 2626 वर्ष पूर्व राजा सिद्धार्थ व महारानी त्रिशला के यहाँ चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के पावन दिन हुआ था। भगवान महावीर एक क्रान्तिकारी , युगदृष्टा महापुरुष थे। उन्होंने देखा कि सामाजिक जीवन में न केवल आर्थिक विषमता है, प्रत्युत वर्ग भेद भी इतना अधिक है, कि मानव-मानव के मन में एक-दूसरे के प्रति ममता और सौहार्द के स्थान पर घृणा और ग्लानि कुट- कुट कर घर कर गई है। समाज में स्त्रियों का स्थान अत्यंत नगण्य माना जाता है। दास और दासियों के रूप में मनुष्य स्त्री और बालकों का क्रय-विक्रय ठीक उसी प्रकार किया जाता है, जिस प्रकार भोग और उपभोग की वस्तुओं का करते हैं। इन हालातों को देखते हुए महावीर का स्वामी का चिन्तन दिनों-दिन बढ़ता ही गया। महावीर की इन्हीं चिन्तनशीलता और पारिवारिक जीवन तथा ऐश्वर्य और विलास के प्रति बढ़ते हुए निरपेक्ष भाव को परिजन धीरे-धीरे आँक रहे थे। परिजन का विचार था, महावीर विवाह करके सुखमय जीवन व्यतीत करें। माता-पिता के देहावसान के बाद महावीर ने अपने बड़े भ्राता नंदीवर्धन के समक्ष 28 वर्ष की आयु में प्रव?ज्या लेने का प्रस्ताव रखा।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

भगवान महावीर ने 30 वर्ष तक नगर- नगर और ग्राम- ग्राम विहार करते हुए, समवशरण सभाओं में जन- भाषा में जनकल्याण के लिए उपदेश देते रहे। विहार के दौरान जगह-जगह यज्ञ बड़े पैमाने पर होते हुए, देखे गए। यज्ञों में मनो घी- दूध जौ-तिल आदि खाद्यान्न तथा गाय और घोड़े आदि पशु बहुतायत में भस्म किए जाते थे। महावीर ने यज्ञों का विरोध किया । तब जनमानस में यज्ञ विरोध विकसित हुआ । तब भगवान महावीर ने अहिंसा धर्म के उपदेश दिए। महावीर ने कहा संसार में सब जीव जीने की कामना करते हैं, मरना कोई नहीं चाहता है।

सब सुख के इच्छुक हैं, दुख के नहीं। महावीर ने कहा सभी जीवों के प्रति समभाव रखना अहिंसा है,* इसके साथ ही राग और द्वेष से मुक्त होना अहिंसा है। यद्यपि भी सभी धर्म में अहिंसा को सर्वोपरि सिद्धांत माना है , तथापि उनमें जैन धर्म तथा भगवान महावीर का स्थान प्रमुख है। किसी भी धर्म में हिंसा, असत्य, चोरी, दुराचार, परिग्रह ,क्रोध, मान ,माया, लोभ असंयम आदि को धर्म नहीं माना गया है।

प्रत्येक प्राणी की आत्मा स्वतंत्र है ,तब आप उसके जीवन के अधिकारों का हनन नही कर सकते। इससे आपके मन में प्रत्येक जीव के प्रति दया एवं करुणा की भावना जाग्रत होगी और इसी के परिणामतः विश्व में शांति एवं सौहार्द की भावना उजागर होगी। जैन धर्म में अहिंसा' का अर्थ के बल मनुष्य की हिंसा करने मात्र तक सीमित नहीं है ,वरन प्राणी मात्र और यहाँ तक कि पृथ्वी, जलवायु, अग्नि आदि में विद्यमान चर्मचशुओं के दृष्टिगोचर नहीं होने वाले जीवो की हिंसा नहीं करने से है। क्योंकि ₹प्रत्येक प्राणी को अपना जीवन प्रिय है।₹ अतः किसी भी प्राणी को दुख नही पहुँचना चाहिए और न ही किसी के प्रति वैर-विरोध का भाव रखना चाहिए। व्यक्ति को सब जीवों के प्रति मैत्री का भाव रखनी चाहिए।अगर हम महावीर से प्रेम करते हैं , तो अहिंसा को फिर से जीवित करने का संकल्प ले । पर्दों पर अहिंसा के संदेश लिखने की बजाय, जीवन में अहिंसा लाए। अहिंसा के बैनर हाथों में रखना और हिंसा कर-के हिंसक वस्तुओं का उपयोग करना, हिंसा का व्यापार करना तथा हिंसक वस्तुओं का उपभोग करना कहां का न्याय है ?

# पेट की घबराहट को दूर करने के आसान योग उपाय

जब भी मन घबराता है, तो उसका सबसे पहले असर हमारे तंत्रिका तंत्र के माध्यम से पेट पर पड़ता है। हमारे पेट में या तो बैचैनी महसूस होने लगती है, ऐंठन होने लगती है, गैस बन जाती है या प्रेशर आने लगता है। अक्सर लोग इन समस्याओं के निदान के लिए पेट से जुड़े उपाय करते हैं, जबकि यह समस्याएं आपके दिमाग की असुरक्षा की भावना से जुड़ा है। जब भी आप किसी ऐसी परिस्थिति में फंसते हैं या उसके बारे में सोचते हैं, जो आपमें घबराहट पैदा कर सकता है, तो रिस्पोंस के रूप में सबसे पहले आपका पेट संवेदनशील हो जाता है। कई लोग इस समस्या को ठीक से समझ नहीं पाते और पेट का उपाय करते हैं, जबकि इसके लिए घबराहट पर काम करना चाहिए। योग चिकित्सा पेट की घबराहट, जैसे कि गैस, अपच, बेचैनी को नियंत्रित करने के कई तरीके बताये गए हैं। तो, चलिए जानते हैं...

**1. प्राणायाम से पेट की घबराहट कम करना–** प्राणायाम सांसों को नियंत्रित करने की प्रक्रिया है, जो मन को शांत करती है और नर्वस सिस्टम को संतुलित करती है। अनुलोम-विलोम और कपालभाति इत्यादि से पेट और डायाफ्राम की मांसपेशियाँ सक्रिय होती हैं, जिससे गैस निकलने और पाचन क्रिया में सुधार होता है। कपालभाति



और अनुलोम-विलोम पाचन और गैस में राहत देने वाले सामान्य अभ्यास माने जाते हैं। अनुलोम-विलोम पेट की बेचैनी और चिंता को कम करता है और शरीर में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाता है। वहीं भ्रामरी प्राणायाम दिमाग को शांत करता है और घबराहट तथा एंग्जायटी को कम करता है।

**2. शारीरिक राहत और गैस निकासी–** कुछ खास योगासन पेट की मांसपेशियों को सक्रिय करके पाचन को बेहतर बनाते हैं। पवनमुक्तासन और भुजंगासन जैसे आसन पेट की मांसपेशियों पर दबाव डालकर गैस और सूजन घटाते हैं। वहीं नौकासन और धनुरासन भी पाचन को सक्रिय करते हैं। पवनमुक्तासन विशेषकर गैस और सूजन के लिए प्रभावी माना जाता है। वज्रासन भोजन के बाद करने से पाचन सुधरता है।

**3. ध्यान और योग निद्रा द्वारा पेट की बेचैनी घटाना**

मानसिक तनाव अक्सर पेट की घबराहट बढ़ाता है। ऐसे में शवासन और योग निद्रा करना चाहिए, जिससे तंत्रिका तंत्र सक्रिय होता है। इस कारण पाचन शांत होता है और पेट की संवेदनशीलता घटती है। रोज 10झ्र15 मिनट ध्यान करने से मन भी शांत होता है और शरीर में तनाव हार्मोन कम होते हैं।

**4. आहार-जीवनशैली और पेट-विशेष योग** चिकित्सायोग केवल आसन नहीं, बल्कि जीवनशैली है। इसमें भोजन-समय, हल्का भोजन, जड़ी-बूटियाँ (अजवाइन, जीरा पानी) और नियमित दिनचर्या को भी महत्ता दी गयी है, जिससे पाचन को स्थिरता मिलती है।

**धर्म–आस्था**

# महावीर जयंती पर करें ये कार्य करे मिलेगा सुख और शांति का आशीर्वाद

भगवान महावीर जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आत्म-मंथन और शांति की ओर बढ़ने का दिन है। यदि आप इस दिन श्रद्धापूर्वक ये 5 कार्य करते हैं, तो मानसिक शांति के साथ-साथ जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। आइए यहां जानें जीवन में सुख और शांति लाने हेतु इस अवसर पर क्या-क्या कार्य करें

### 1. 'जियो और जीने दो' का संकल्प

महावीर जयंती के दिन किसी भी बेजुबान पक्षी या जानवर की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है।


क्या करेंः पक्षियों के लिए दाना-पानी रखें या किसी गौशाला में घास दान करें। चींटियों को आटा डालना भी इस दिन बहुत शुभ माना जाता है। यह कार्य 'अहिंसा' के सिद्धांत को सार्थक बनाता है।

### 2. इंद्रिय संयम और सात्विक आहार

भगवान महावीर ने 'संयम' को जीवन का आधार माना था। इस दिन अपने खान-पान और व्यवहार पर नियंत्रण रखें।

क्या करेंः इस दिन पूर्णतः सात्विक भोजन (प्याज-लहसुन रहित) ग्रहण करें। क्रोध, अहंकार और कटु शब्दों से बचें। मौन का पालन करना या कम बोलना भी मानसिक शांति के लिए उत्तम है।

### 3. अपरिग्रह का अभ्यास (दान-पुण्य)



अपरिग्रह का अर्थ है- जरूरत से ज्यादा संचय न करना। हमारे पास ऐसी बहुत सी चीजें होती हैं जिनकी हमें जरूरत नहीं, लेकिन किसी और के काम आ सकती हैं।

क्या करेंः अपनी पुरानी किताबें, कपड़े या धन का कुछ हिस्सा जरूरतमंदों को दान करें। यह मन के लोभ को कम करने में मदद करता है।

### 4. महावीर स्वामी के 5 सूत्रों का पाठ

इस पावन दिन पर भगवान महावीर द्वारा दिए गए पांच महाव्रतों (सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य) को पढ़ने और उन्हें अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें।

क्या करेंः घर में भगवान महावीर की प्रतिमा के सामने घी का दीपक जलाएं और उनके अनमोल वचनों का चिंतन करें।

### 5. क्षमा मांगना और करना

जैन धर्म में 'मिच्छामी दुक्कड़म' का बहुत महत्व है। यह मन को हल्का करने का सबसे प्रभावी तरीका है।

क्या करेंः यदि जाने-अनजाने में आपके कारण किसी को कष्ट पहुंचा हो, तो आज उनसे निःसंकोच क्षमा मांगें। साथ ही, जिन्होंने आपका दिल दुखाया है, उन्हें भी मन से माफ कर दें। इससे पुरानी कड़वाहट खत्म होती है और सुख का आशीर्वाद मिलता है।

विशेष मंत्रः इस दिन 'णमोकार मंत्र' का जाप करना अत्यंत लाभकारी और शांतिदायक होता है।

अस्वीकरण चिकित्सा, स्वास्थ्य संबंधी नुस्खे, योग, धर्म, ज्योतिष, इतिहास, पुराण आदि विषयों पर वेबदुनिया में प्रकाशित/प्रसारित वीडियो, आलेख एवं समाचार सिर्फ आपकी जानकारी के लिए हैं, जो विभिन्न सोर्स से लिए जाते हैं। इनसे संबंधित सत्यता की पुष्टि वेबदुनिया नहीं करता है। सेहत या ज्योतिष संबंधी किसी भी प्रयोग से पहले विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें। इस कंटेंट को जनरुचि को ध्यान में रखकर यहां प्रस्तुत किया गया है जिसका कोई भी वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,47,500, रवा- 1,47,400 चांदी- टंच- 2,26,500 पाट- 2,25,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## मेघवाल समाज ने किया अध्यक्ष सोनी का स्वागत, सौंपा मांग पत्र

**सुसनेर।** बस स्टैंड स्थित मेघवाल समाज द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी का स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने अध्यक्ष से अंबेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण, बैठने के लिए कुर्सियां लगाने, हाई मास्ट लाइट एवं फेंसिंग कराने की मांग की गई। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए आवेदन को स्वीकृति प्रदान की तथा संबंधित कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए परिषद प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, पूर्व महामंत्री पवन शर्मा सहित मेघवाल समाज के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. भवानी शंकर वर्मा, संतोष जादमे सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा करेगी प्रतिभाओं को पुरस्कृत

**ब्यावरा।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य प्रांत जिला राजगढ़ के जुझारू जिलाध्यक्ष राकेश सक्सेना श्रीमती प्रमिला सक्सेना महिला इकाई जिलाध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में राजगढ़ जिले में निवासरत कायस्थ समाज के प्रत्येक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने जा रहे हैं।





राजगढ़ जिले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी राजेश सक्सेना सुठालिया सह प्रभारी सुरेश सक्सेना छापीहेडा ने बताया कि प्रांत अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव प्रांतीय संगठन मंत्री कैलाश सक्सेना प्रांतीय सचिव श्याम बाबू सक्सेना जिलाध्यक्ष राकेश सक्सेना महिला इकाई जिलाध्यक्ष श्रीमति प्रमिला सक्सेना के कुशल मार्गदर्शक में राजगढ़ जिले के कक्षा नर्सरी से 12 तक के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने जा रहे है। जिले के सभी तहसील प्रभारी अध्यक्षों को प्रतिभाओं की सूची के लिए अधिकृत किया है। महासभा द्वारा प्रतिभा पुरुकार फार्म जारी किया हे। जिसमे पालक माता-पिता छात्र-छात्राओं एवं प्रभारी के हस्ताक्षर से पुरस्कृत फार्म प्रमाणित होगा। उक्त कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों के माता पिता भी सम्मानित होंगे। उक्त पुरस्कार सम्मान समारोह सभी कक्षाओं के परिणाम आने के बाद आयोजित होगा। कायस्थ महासभा के जिला कार्यालय से सभी तहसीलों के संपर्क प्रभारियों के नाम की सूची जारी की गई है। जो प्रतिभावान विद्यार्थियों से संपर्क स्थापित कर पुरुकार के लिए सूची तैयार करेंगे।राजगढ़ जिले के समस्त सामाजिक सोशल मीडिया समूह पर भी प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान समारोह की सूचना जारी की जाएगी। - 27, 28

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा –**

## रामनवमी व चैत्र नवरात्रि पर आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित



**ब्यावरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी ब्यावरा के द्वारा रामनवमी और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गये जिसमें झांकियां, आध्यात्मिक ज्ञान चर्चा और भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने, सात्विक जीवन शैली अपनाने और राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से मन की शांति का संदेश दिया तथा स्वयं के सकारात्मक परिवर्तन से रामराज्य की स्थापना में सर्व को सहभागी बनने का संदेश दिया, रामनवमी के पावन अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों को श्रीराम, मां सीता, श्रीलक्ष्मण और हनुमानजी की झांकियां सजाई गई। ब्यावरा सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने बताया कि कार्यक्रम की अंतिम राम दरबार की झांकी का उद्घाटन दीप जलाकर किया तथा श्रीराम की आरती उतारकर हलवपुरी का प्रसाद बता दिया अशोक दांग वरिष्ठ व्यापारी ब्रेड फैक्ट्री, ब्रह्माकुमारी तेजस्वी दीदी, ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी, प्रेमलता अग्रवाल, आशा जगताप, कृष्ण मालवीय, सुनीता अग्रवाल, लाजवंती नागोरिया, रजनी अग्रवाल, ज्योति मालवी, रोडसिंह दांगी मुरली प्रसाद निगम एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला स्तर पर एक साथ हुआ व्यापक आयोजन

# सरदार पटेल के 150वें जयंती वर्ष पर आगर मालवा के समस्त थानों-कोतवाली में साइक्लोथॉन का आयोजन

### युवाओं में उत्साह, स्वास्थ्य व जागरूकता का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा



सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वें जयंती वर्ष के अवसर पर पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार जिला आगर मालवा में समस्त थाना क्षेत्रों में साइक्लोथॉन कार्यक्रम का व्यापक आयोजन किया गया। यह आयोजन पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में कोतवाली आगर, नलखेड़ा, सुसनेर, बड़ोद, सोयत एवं कानड़ सहित सभी थाना एवं मुख्यालय स्तर पर संपन्न हुआ।

जिला मुख्यालय आगर में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली से साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह साइक्लोथॉन थाना कोतवाली से प्रारंभ होकर छावनी झंडा चैक होते हुए सुसनेर-कोटा रोड मार्ग से बाबा बैजनाथ मंदिर परिसर में संपन्न हुई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में सरदार वल्लभभाई पटेल के अद्वितीय व्यक्तित्व एवं राष्ट्र की एकता में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं सेवा भाव को अपनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य जागरूकता, एकजुटता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। साथ ही उन्होंने उत्कृष्ट प्रतिभागियों के लिए प्रथम 1500, द्वितीय 1000 एवं तृतीय 750 पुरस्कार की घोषणा की। इस आयोजन में कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, महिला थाना प्रभारी केसर सिंह राजपूत, प्रभारी रक्षित निरीक्षक जगदीश यादव सहित 80 से अधिक पुलिस अधिकारी कमचार्री व स्कुल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

समस्त थाना क्षेत्रों में उल्लेखनीय आयोजन- थाना नलखेड़ा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट द्वारा साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, टीम भावना एवं प्रतिस्पर्धात्मक सोच विकसित करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि नियमित शारीरिक गतिविधियां जैसे साइक्लिंग एवं दौड़ न केवल स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाती हैं, बल्कि युवाओं को नशे एवं अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में भी सहायक होती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को निरंतर खेल एवं स्वास्थ्य गतिविधियों से जुड़े रहने का संदेश दिया।

थाना सुसनेर में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवनारायण यादव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैस के नेतृत्व में आयोजन संपन्न हुआ। थाना बड़ोद में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोतीलाल कुशवाहा के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी रूप सिंह बैस के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना सोयत में थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा के नेतृत्व में प्रातः 08:00 बजे साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें थाना सोयत के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, जय हिंद डिफेंस के छात्र, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके उपरांत सोयत कला में प्रातः 08:30 बजे से सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में साइकिल मैराथन आयोजित की गई, जिसमें थाना स्टाफ, जय हिंद डिफेंस के छात्र, नागरिक एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। थाना कानड़ में थाना प्रभारी राजकुमार दांगी के नेतृत्व में शिव पहाड़ी रोड पर साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस थाना स्टाफ, स्थानीय नागरिक एवं स्कूली बच्चों ने सक्रिय सहभागिता की।


सभी आयोजनों में प्रतिभागियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित रूट को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया तथा पेयजल, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) एवं आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस अभियान में नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, छात्र-छात्राएं, एनएसएस कैडेट्स, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे कार्यक्रम सफल एवं प्रभावी रहा।

## महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर आज निकलेगा चल समारोह

### जैन समाज ने दिखाया अहिंसा का रास्ता, जीओ और जीने दो का दिया संदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सकल जैन समाज के तत्वाधान में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव (महावीर जयंती) उत्साह एवं हर्षोउल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए सकल जैन समाज अध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि इस पावन पर्व के अवसर पर आज प्रातः 9 बजे से स्थानीय श्री पार्श्वनाथ दिंगबर जैन मंदिर, मंडाई चौक से चल समारोह निकाला जाएगा। जिसमे रथ पर श्रीजी जी विराजित होंगे। चल समारोह पार्श्वनाथ मंदिर से सदर बाजार, महाकाल चौराहा, गाँधी चौक होता हुआ महावीर अतिशय क्षेत्र, बडा मंदिर पहुंचेगा। जहाँ भगवान महावीर स्वामी के कलशाभिषेक होंगे। इसके पश्चात चल समारोह पुनः तरुण चौराहा, अटल चौक, अंबिका माता मंदिर, जामा मस्जिद चौराहा से मंडाई चौक होता हुआ पार्श्वनाथ मंदिर पहुंचेगा। जहां भगवान महावीर की पूजा अर्चना के बाद कलश अभिषेक सम्पन्ना होंगे।



**जैन समाज ने दिखाया अहिंसा का रास्ता**

सकल जैन समाज अध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव को हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा, इस दौरान अहिंसा के संदेश से नगर सराबोर नजर आएगा। सकल जैन समाज की ओर से आयोजित भव्य चल समारोह में सैकडों श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज की एकजुटता और आध्यात्मिक आस्था का परिचय देंगे। श्रीजैन ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य और करुणा के यह पावन संदेश समाज में सद्भाव, संयम और मानवता के मूल्यों को सुदृढ करने की प्रेरणा देते है। उन्होंने कहा कि जैन समाज ने दुनिया को अहिंसा का रास्ता दिखाया और जीओ और जीने दो का संदेश दिया है।

## राज्य स्तरीय शिक्षक प्रतियोगिता में प्राध्यापकों की गोल्ड मेडल के साथ जीत

**आगर मालवा।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगर मालवा के दो सहायक प्राध्यापकों ने तीन दिवसीय राज्य स्तरीय शिक्षक कर्मचारी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीते हैं। डॉ हंसराज पाटीदार, सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने टेबल टेनिस (अंडर 50 पुरुष वर्ग) में गोल्ड मेडल एवं प्रो. हेमलता पारस, सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र ने (अंडर 50 महिला वर्ग) में गोल्ड मेडल एवं शतरंज में सिल्वर मेडल जीता। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. पी. चतुर्वेदी एवं समस्त स्टाफ के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया एवं इस आयोजन में राज्य स्तरीय दोनों विजेता सहायक प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया। डॉ.हंसराज पाटीदार ने खेल की बारिकियों को बताते हुए अपने अनुभव साझा किया उन्होंने बताया की टेबल टेनिस हो या चाहे कोई अन्य खेल हो यदि आपकी खेल के प्रति ईमानदारी, समर्पण, निंष्ठा, लगन एवं कड़ी मेहनत है तो आप किसी भी खेल को आसानी से जीत सकते हैं।

## संकल्प सेवा परिवार का तृतीय सप्ताह पूर्ण

**सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र में निरंतर सामाजिक सेवा के लिए सक्रिय संकल्प सेवा परिवार ने अपने सेवा कार्यों का तृतीय सप्ताह सफलतापूर्वक पूर्ण कर एक बार फिर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा इस सप्ताह भी सेवा की भावना के साथ स्थानीय अस्पताल में जाकर महिला वार्ड एवं जनरल वार्ड के मरीजों के बीच प्रातः नाश्ता वितरण किया गया। इस कार्य से न केवल मरीजों को सहयोग मिला, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का भी सुंदर परिचय देखने को मिला। इस अवसर पर संकल्प सेवा परिवार द्वारा एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की घोषणा भी की गई।

### टोंककला के पास सड़क हादसा, तीन घायल

## एक्टिवा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, महिला चपेट में आई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास जिले के टोंककला के पास बीती रात हुए एक सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शाजापुर से एक कार्यक्रम से लौट रहे परिवार की एक्टिवा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस दौरान सड़क किनारे पैदल जा रही एक महिला भी चपेट में आकर घायल हो गई।



घायलों में इंदौर के पंचशील नगर निवासी नीरज अटेरिया (32), उनकी पत्नी पूजा अटेरिया (29) और पुत्र चित्रांश अटेरिया (6) शामिल हैं। टोंककला निवासी 45 वर्षीय नंदी बाई भी इस हादसे में घायल हुई हैं, जो घटना के समय पैदल अपने घर जा रही थीं।

**शाजापुर से लौट रहा था परिवार**

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल देवास जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। रविंद्र सिंह पंवार ने बताया कि परिवार शाजापुर में एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहा था। टोंककला के पास उनकी एक्टिवा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## कृतिका परमार ने किया नाम रोशन



**सुसनेर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल की कक्षा 5वीं की छात्रा कृतिका परमार ने वार्षिक परीक्षा में 81.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कृतिका की इस सफलता से परिवार सहित विद्यालय में हर्ष का माहौल है। कृतिका ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। उसकी इस सफलता पर स्कूल के शिक्षकों एवं प्रबंधन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी तथा उज्वल भविष्य की कामना की। परिजनों ने भी कृतिका की इस उपलब्धि पर गर्व जताया है।

## अध्यक्ष प्रदीप सोनी का औचक निरीक्षण, सफाई व्यवस्था पर सख्ती



**सुसनेर।** नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने शनिवार सुबह बिना किसी पूर्व सूचना के नगर में पहुंचकर साफ-सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। सुबह-सुबह अचानक निरीक्षण पर निकले अध्यक्ष ने सबसे पहले सफाई व्यवस्था से जुड़े मेट एवं कर्मचारियों से चर्चा की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शहर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर जमीनी स्तर पर सफाई की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। वहीं कुछ जगहों पर सुधार की आवश्यकता भी सामने आई। इस पर अध्यक्ष सोनी ने संबंधित कर्मचारियों को नियमित और समयबद्ध सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता नगर परिषद की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अध्यक्ष ने सफाई कर्मियों से संवाद करते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। ताकि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से निगरानी रखें और व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न आने दें। गौरतलब है कि पदभार ग्रहण करने के बाद से ही अध्यक्ष प्रदीप सोनी लगातार नगर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सक्रिय हैं। वे समय-समय पर औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन कर रहे हैं। खासतौर पर स्वच्छता को लेकर उनकी सक्रियता साफ तौर पर नजर आ रही है। जिससे नगर में सफाई व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। निरीक्षण के दौरान पार्षद राकेश कानूडिया, इबादुल्लाह खान आदि उपस्थित रहे।

## भँवरनाथ गुरुकुल के छात्रों को सुयश




**भौरासा।** लक्ष्य साफ हो, और शिद्दत से मेहनत की जाय तो सफलता निश्चित हो ही जाती है। भँवरनाथ गुरुकुल भौंरासा के छात्रों ने कक्षा पांचवी, आठवीं बोर्ड परीक्षा में 100% सफलता हासिल कर उपरोक्त बात सिद्ध कर दी है। प्रधानाचार्य मनीष कुमावत ने बताया कि कक्षा आठवीं पांचवी की बोर्ड परीक्षा में 100% छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। साथ ही 15% छात्र 90% से अधिक 20% छात्र 80% से अधिक और 40% छात्रों ने 70% से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय व परिवार को गौरवान्वित किया है। जिसमें *हर्षित पर्वत सिंह ठाकुर ने 92.5% और दानिश इसरार अली ने 91.5% अंकों के साथ उत्कृष्ट विद्यालय की चयन परीक्षा में चयनित होकर दोहरी सफलता हासिल की और नगर भौंरासा का नाम रौशन किया है।* वही कक्षा पांचवी में वंशिका विजय शर्मा ने 83.5 अंक लाकर परिवार और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। गौरतलाप हो कि गुरुकुल की कक्षा पांचवी के भी 12% छात्र 80% से अधिक 15% छात्र 75% से अधिक और 15% छात्र 70% प्रतिशत से अधिक अंक और शेष सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

# भक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम, राजराजेश्वरी मेले में मालवी भजनों और कबीर वाणियों पर देर रात तक झूमे श्रोता

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर




चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर शाजापुर का मेला प्रांगण मालवी लोक संस्कृति और भक्ति रस में सराबोर हो गया है। आधुनिकता के इस दौर में जब पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर मालवी लोकगीत, कबीर के निगुर्णी भजन और देवी गीत गूंजे, तो हजारों की संख्या में मौजूद जनसमुदाय मंत्रमुग्ध हो गया। मौका था नगर पालिका परिषद, शाजापुर द्वारा आयोजित मां राजराजेश्वरी चैत्र नवरात्रि मेले के सांस्कृतिक मंच का, जहां प्रख्यात लोक गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि श्रोता देर रात तक अपनी जगह से नहीं हिले।

नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित इस मेले में प्रतिदिन होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य शुभारंभ शुक्रवार, 27 मार्च 2026 की रात्रि 9.30 बजे हुआ। मंच पर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। इस दौरान मेला प्रांगण में कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आम जनता के साथ बैठकर पारंपरिक संगीत का लुत्फ उठाया।

**धौलपुरे बंधुओं ने बिखेरे संगीत के रंग**

मंच पर आकाशवाणी और दूरदर्शन के प्रख्यात भजन गायक बाबूलाल धौलपुरे (मालवी लोकगीत भजन मंडल, ग्राम झोंकर) और दिनेश कुमार धौलपुरे (मालवी लोक संगीत कबीर भजन मंडल, ग्राम झोंकर) और उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आगाज पारंपरिक गणेश वंदना होजी दाता करो सुमरण गणपत, पाप कटेगा काया तनका से हुआ। इसके बाद गायकों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें मुख्य रूप से हो मैया तेरा मंदिर बना चौपाल पर, निगुर्णी व कबीर भजन, कहीं तो लाया ना कहीं ले जाऊंगा, जैसा आया वैसा चली जाऊंगी, इसका भेद बता मेरे अवधू, अच्छी करनी करले तू, प्रसिद्ध लोक भजन जरा धीरे-धीरे गाड़ी हांको म्हारा राम गाड़ी वाला, इसके अलावा संत रविदास जी, संत सिंगाजी महाराज, मीराबाई और भगवान राम-कृष्ण के भजनों ने माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय कर दिया।

**बाल कलाकारों ने मोहा मन**

इस संगीतमय शाम का सबसे बड़ा आकर्षण झोंकर के धौलपुरे परिवार की पांचवीं पीढ़ी के बाल कलाकार आदर्श धौलपुरे और आदित्य धौलपुरे रहे। मंच पर इन नन्हें कलाकारों की ऊर्जा और प्रतिभा को उपस्थित जनसमुदाय द्वारा खूब सराहा गया। इस रंगारंग प्रस्तुति को सफल बनाने में संगतकार कलाकारों की भी अहम भूमिका रही। टीम में कचरुलाल गोयल, मनोहर राठौर, भागीरथ परमार, बाबूलाल राजोरिया और भेरुलाल परमार ने अपने वाद्य यंत्रों से गायकों का शानदार साथ निभाया।

## शिप्रा में 40 फीट गहरे कुएं में गिरे मजदूर: तीन घायल, एक की हालत गंभीर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

ग्राम शिप्रा में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। कुएं में काम करते समय पालकी का बेल्ट टूटने से तीन मजदूर करीब 40 फीट गहरे कुएं में गिर गए। हादसे में तीनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मजदूर कुएं से बांस निकालने के लिए पालकी से नीचे उतर रहे थे। इसी दौरान पालकी का बेल्ट टूट गया और उसमें बैठे तीनों मजदूर कुएं में जा गिरे। घायल मजदूरों की पहचान रामचरण, पप्पू और संजू के रूप में हुई है, जो राजगढ़ जिले के निवासी हैं। हादसे के बाद कड़ी मशक्कत से तीनों को कुएं से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। मजदूरों को ठेकेदार चौराहे से शिप्रा के समीप किसी गांव में ले गया था। मजदूरों ने बताया कि कुएं में बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काम चल रहा था। पुलिस फिलहाल उस ठेकेदार की जांच कर रही है जिसके साथ ये मजदूर काम करने गए थे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

सूचना क्र./220/सा. स्टोर/2026 | देवास, दिनांकः– 16.03.2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | 2026_UAD _491345_1 16/03/2026 | सामान्य किरकोल सामग्री की दरें मय जी.एस.जी. सहित प्रस्तुत करें। | 1- 12 माह 2- 20,00,000/- | 5,000/- 60,000/- | 06.04.2026 06.00 PM |

**नोट :–** निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https//mptenders.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**उपायुक्त**
**नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)**

# शुजालपुर में पुश्तैनी जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, चले लाठी-डंडे

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

शहर के अकोदिया-शुजालपुर मार्ग पर शनिवार को 15 साल पुराने पुश्तैनी जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक सहभोज कार्यक्रम के दौरान आमने-सामने आए एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच सड़क पर जमकर लाठी-डंडे चले। सरेआम हुई इस गुंडागर्दी का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लोग एक-दूसरे पर लाठियां भांजते नजर आ रहे हैं। इस जानलेवा हमले में भाजपा पार्षद के बड़े भाई गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 15 साल पुराना है 15 बिस्वा जमीन का विवाद

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विवाद का मुख्य कारण 15 बिस्वा (करीब 18,000 से 18,750 वर्ग फीट) पुश्तैनी जमीन है। यह विवाद भाजपा पार्षद सईद पटेल और उनके ताऊ के परिवार के बीच पिछले 15 वर्षों से चला आ रहा है। पार्षद सईद पटेल का परिवार शुजालपुर सिटी के टीला क्षेत्र में निवास करता है, जबकि उनके ताऊ का परिवार अकोदिया नाका स्थित वन विभाग कार्यालय के पास रहता है।

## सहभोज में हुई कहासुनी, फिर सड़क पर हुआ खूनी खेल

शनिवार को तहसील कार्यालय मार्ग पर एक सहभोज कार्यक्रम आयोजित था। इसी कार्यक्रम में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। शुरुआत में उनके बीच पुरानी रंजिश को लेकर तीखी कहासुनी हुई। इसके बाद अकोदिया-शुजालपुर मार्ग स्थित औद्योगिक क्षेत्र के सामने यह विवाद हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। दिनदहाड़े मुख्य मार्ग पर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठियों और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

**एक आईसीयू में, दूसरा रेफर**

इस खूनी संघर्ष में भाजपा पार्षद सईद पटेल के बड़े भाई एवं टाइल्स व्यवसायी हाफिज पठान के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। अधिक खून बहने और हालत नाजुक होने पर उन्हें तत्काल शुजालपुर के एक निजी



अस्पताल ले जाया गया, जहां वे आईसीयू में भर्ती हैं। इस घटना में कुल पांच लोग घायल हुए हैं। एक अन्य घायल की स्थिति ज्यादा गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

## मंडी थाने में दोनों पक्षों पर नामजद क्रॉस केस दर्ज

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शुजालपुर मंडी थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों के बयान दर्ज कर एक-दूसरे के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्रथम पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने लल्लू खां, समीर खां, हसीन खां, वसीम खां, आसू खां और रसूल खां के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के 85 वर्षीय बुजुर्ग रसूल खां की शिकायत पर पुलिस ने हफीज, शादाब, साहिल और भाजपा पार्षद सईद पटेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब सामने आए वीडियो की बारीकी से जांच कर रही है ताकि घटना में शामिल सभी लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## नही रहे कमजोर वर्ग को सस्ते में सेवाएं देने वाले चिकित्सक

**शुजालपुर।** शहर ने रविवार को एक ऐसे व्यक्तित्व को खो दिया, जिनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाती रहेगी। वरिष्ठ चिकित्सक, समाजसेवी एवं अन्नपूर्णा सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम शास्त्री का 29 मार्च 2026 को निधन हो गया। उनके देहावसान का समाचार मिलते ही शुजालपुर सहित पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई और हर आंख नम हो उठी। डॉ. शास्त्री केवल एक चिकित्सक ही नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और संस्कारों की सजीव प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन कमजोर वर्ग को सस्ते व सुलभ रूप से उचार देने में व्यतित किया। डॉ. शास्त्री ने सनातन संस्कृति के संरक्षण, निस्वार्थ चिकित्सा सेवा और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। सप्तऋषि भवन एवं अन्नपूर्णा सेवा समिति सहित अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी उनके समाज के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाती रही। उनकी सादगी, सहजता और मिलनसार व्यक्तित्व ने हर वर्ग के लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। जरूरतमंदों के लिए उनका द्वार सदैव खुला रहता था और उनकी संवेदनशीलता ही उनकी सबसे बड़ी पहचान थी।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड के बाद परिवार में जन्मा बेटा

**इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या का मामला देशभर में चर्चित रहा। अब उसी परिवार में एक ऐसी खुशी लौटी है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। घर में गूंजी एक किलकारी ने कुछ देर के लिए गम को पीछे छोड़ दिया। परिवार के लोग भावुक होकर कह रहे हैं- हमारा राजा वापस लौट आया। रविवार को रघुवंशी परिवार में एक बेटे का जन्म हुआ है, जिससे घर में फिर से रौनक लौट आई। नवजात को परिवार के सदस्य राजा नाम से ही पुकार रहे हैं। यह खुशखबरी राजा रघुवंशी के बड़े भाई सचिन रघुवंशी के घर आई है। पिछले 8-9 महीनों से बेटे की हत्या के दुख में डूबा परिवार अब इस नई खुशी से मुस्कुराता नजर आया। राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने बताया कि हत्या के बाद जब तेहरवी हुई थी, तब कामाख्या मंदिर के पुजारी ने कहा था कि भाइयों में से किसी के घर राजा दोबारा जन्म लेगा। उनका कहना था कि राजा की मृत्यु स्वाभाविक नहीं, बल्कि हत्या हुई है, इसलिए वह किसी न किसी रूप में वापस आ सकता है। विपिन ने बताया कि परिवार में कुल नौ भाई हैं, लेकिन यह सुख उनके भाई सचिन के घर ही आया। वे मानते हैं कि पुजारी की बात सच साबित हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी भाभी पहले भी राजा का बहुत ख्याल रखती थीं और उसे अपने बेटे की तरह मानती थीं। अब वही भाभी उसके बेटे के रूप में 'राजा' को जन्म देकर उसे फिर से परिवार के बीच ले आई हैं।

## गड्ढे में गिरी कार, ससुर-बहू और पोता जिंदा जले

**बालाघाट।** बालाघाट में एक चलती कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। इससे उसमें आग लग गई, जो इतनी तेजी से फैली कि अंदर बैठे लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। हादसे में तीन लोग जिंदा जल गए। घटना शनिवार रात 11 से 12 बजे के बीच बैहर-मलाजखंड रूट पर केवलारी चौराहे के पास की है। मृतकों की पहचान नगारची केलकर (65 वर्ष), सविता केलकर (28 वर्ष) और अभि केलकर (3 वर्ष) के रूप में हुई है। सविता, नगारची की बहू और अभि पोता था। वहीं कार चला रहा बेटा सीतम केलकर (30) और नगारची की पत्नी नाना बाई केलकर (60) गंभीर रूप से झुलस गए हैं। दोनों को पड़ोसी जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) रेफर किया गया है। जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय कुछ लोग वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने तुरंत कार का कांच फोड़कर तीन लोगों को बाहर निकाला। इनमें 8 साल की बच्ची पूर्वी राहांगडाले पूरी तरह सुरक्षित है।

## महावीर जयंती की छुट्टी का फैसला कलेक्टरों पर छोड़ा

**भोपाल।** महावीर जयंती के सरकारी अवकाश को लेकर बने भ्रम के बीच मध्यप्रदेश शासन ने स्पष्ट आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आज यानी 29 मार्च को आदेश जारी कर महावीर जयंती पर अवकाश घोषित करने के लिए जिला कलेक्टरों को निर्णय लेने की छूट दी है। बता दें कि पिछले कुछ सालों से 31 मार्च को महावीर जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था। वहीं बैंकों में अवकाश को लेकर असमंजस की स्थिति है। सामाजिक संगठनों से मिले ज्ञापनों के बाद शासन ने कलेक्टरों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार 31 मार्च की जगह 30 मार्च 2026 को अवकाश घोषित करने की अनुमति दी है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिन जिलों में महावीर जयंती 31 मार्च को ही मनाई जा रही है, वहां पूर्व घोषित अवकाश ही लागू रहेगा और अलग आदेश की आवश्यकता नहीं होगी। भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आदेश जारी कर 30 मार्च को महावीर जयंती का अवकाश घोषित किया है। इधर, ग्वालियर, जबलपुर और सीहोर में भी 30 मार्च को ही सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

## गर्लफ्रेंड को लेकर हुए विवाद में नाबालिग का मर्डर

**जबलपुर।** जबलपुर के मदनमहल इलाके में शुक्रवार देर रात प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक विवाद हिंसक हो गया। इसमें एक नाबालिग की जान चली गई। हैरानी की बात ये है कि जिस नाबालिग की हत्या हुई, उसका इस पूरे विवाद से कोई लेना-देना ही नहीं था। इसका सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। बीच-बचाव के दौरान दो युवक घायल हुए हैं, जिनका इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। घमापुर के लाल मिट्टी क्षेत्र के रहने वाले 22 वर्षीय क्रिश कुमार का 20 साल की एक युवती से करीब दो साल से अफेयर था। कुछ दिन पहले दोनों का ब्रेकअप हो गया। इसी दौरान युवती की सोशल मीडिया के जरिए बेदी नगर निवासी यशराज से दोस्ती हो गई। दोनों के बीच बातचीत बढ़ने लगी। जब क्रिश को इस बारे में पता चला, तो उसने युवती से दोबारा संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन युवती ने बात करने से इनकार कर दिया। इसके बाद मामला धीरे-धीरे तनावपूर्ण होता चला गया।

## 35,000 गैस सिलेंडर की बुकिंग पेंडिंग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एलपीजी और पेट्रोल-डीजल को लेकर अफवाहों के कारण लोगों में घबराहट देखने को मिल रही है। भोपाल में सिलेंडर की बुकिंग सामान्य से करीब 5 गुना तक बढ़ गई है। एक एजेंसी पर शुक्रवार को 1600 बुकिंग दर्ज हुईं, जबकि स्टॉक सिर्फ 350 सिलेंडर का था। अन्य जिलों में भी इसी तरह के हालात सामने आए हैं। फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन के मुताबिक, लोग बुकिंग के तुरंत बाद एजेंसी या गोदाम पहुंच रहे हैं। उन्हें समझाया जा रहा है कि 2 से 4 दिन में सिलेंडर घर तक पहुंचा दिया जाएगा। फिलहाल 32 से 35 हजार बुकिंग पेंडिंग हैं। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि बॉटलिंग प्लांट और सप्लाई सिस्टम पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। पेट्रोल पंपों की स्थिति बड़े शहरों में सामान्य है,

## बंगाल के लिए कांग्रेस की पहली लिस्ट, 284 नाम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए रविवार शाम 284 नामों की लिस्ट जारी की। राज्य में विधानसभा की कुल 294 सीटें हैं। लोकसभा चुनाव हारे अधीर रंजन चौधरी को बहरामपुर से प्रत्याशी बनाया गया है। मालातीपुर से मौसम नूर को टिकट दिया गया है।

# न्याय और अधिकार अब आम आदमी के द्वार

### मेगा विधिक शिविर में योजनाओं का लाभ लेने उमड़े सैकड़ों नागरिक

**शाजापुर।** कानून और न्याय केवल अदालतों की चारदीवारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक इनकी सीधी और सुलभ पहुंच होनी चाहिए। इसी सार्थक उद्देश्य को धरातल पर उतारते हुए, रविवार को शहर के गायत्री मंदिर परिसर में मेगा विधिक आउटरीच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों नागरिकों ने न केवल अपने कानूनी अधिकारों को करीब से जाना, बल्कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का मौके पर ही लाभ भी उठाया। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित इस एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम का सफल निर्देशन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नमिता बौरासी द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला न्यायाधीश जितेंद्र कुमार पाराशर, दिनेश नोटिया, प्रेमलता जितेंद्र गोयल और जिला विधिक सहायता अधिकारी शिखा शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहीं।

**सुलभ न्याय है प्राधिकरण का लक्ष्य-** शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश तिवारी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का मूल उद्देश्य ही हर व्यक्ति तक न्याय की सरल एवं नि:शुल्क पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने अधिकारों व शासकीय योजनाओं के प्रति हमेशा सजग रहें।

**स्टॉलों पर हाथों-हाथ हुआ समस्याओं का निराकरण-** आमजन और विशेषकर कमजोर वर्गों को राहत देने के लिए शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों पर मौके पर ही पंजीयन किए गए और लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही, विवादों को आपसी सुलह से निपटाने के लिए नागरिकों को मध्यस्थता 2.0 अभियान एवं सामुदायिक मध्यस्थता की प्रक्रिया के प्रति भी विस्तार से जागरूक किया गया।

**सांस्कृतिक ज्ञान परीक्षा के विजेताओं का सम्मान-** जागरूकता के इस महाअभियान में प्रतिभाओं को भी मंच दिया गया। शिविर के अंत में सांस्कृतिक ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि आनंद कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को प्राधिकरण की ओर से शील्ड, प्रमाण-पत्र एवं लेखन सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया, जिससे बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। इस वृहद और सफल आयोजन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पैरा लीगल वालंटियर्स एवं सहयोगी कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# जनगणना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**शाजापुर।** आगामी भारत की जनगणना 2027 के सुचारू और त्रुटिरहित संचालन के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसीको लेकर प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशन में जिले के फील्ड ट्रेनर्स एवं चार्ज अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। अंतिम दिन मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मकानों के सूचीकरण, डेटा सुरक्षा और डिजिटल प्रक्रिया के व्यावहारिक उपयोग का सघन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के तीसरे व अंतिम दिन की शुरुआत तकनीकी बारीकियों को समझने के साथ हुई। भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर्स साक्षी कुमावत और डॉ. वी.पी. मीणा ने अधिकारियों को विस्तार से समझाया कि जनगणना के दौरान आमजनों से प्राप्त जानकारी की गोपनीयता और डेटा की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही, आम लोगों से प्रश्न पूछने की सही और सहज विधियों तथा एचएलओ ऐप के उपयोग में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण को केवल सैद्धांतिक न रखकर इसे पूरी तरह व्यावहारिक बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों को फील्ड विजिट भी कराई गई। इस दौरान अधिकारियों और ट्रेनर्स ने सीधे मैदान में उतरकर एचएलओ ऐप के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर दर्ज करने का सजीव (लाइव) अभ्यास किया, ताकि वास्तविक जनगणना के समय फील्ड में किसी भी तरह की तकनीकी परेशानी या त्रुटि का सामना न करना पड़े। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर मैदानी अमले तक ने हिस्सा लिया। समापन पर जिले के प्रभारी मिलिन्द देशपाण्डे, शाजापुर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) मनीषा वास्कले, गुलाना एसडीएम नेहा गंगारे, डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा व अंकिता पाटकर मुख्य रूप से मौजूद रहे। इनके अलावा चार्ज स्तर पर सभी ग्रामीण चार्ज अधिकारी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी, नगरीय निकायों (नगरपालिका व नगर परिषद) के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) एवं समस्त फील्ड ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई।

## अकीदत और रूहानियत के रंग में रंगेगा शाजापुर

**शाजापुर।** शहर की कौमी एकता और रूहानी सुकून के मरकज माने जाने वाले हाट मैदान स्थित हजरत सैय्यद मुर्तजा अली शाह (र.ह.) उर्फ बावड़ी वाले सरकार का 52वां सालाना उर्स मुबारक इस साल भी पूरी शानो-शौकत और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। आगामी 11 और 12 अप्रैल 2026 को होने वाले इस दो दिवसीय मुकद्दस आयोजन को लेकर शहर के अकीदतमंदों में भारी उत्साह है। हर साल की तरह इस बार भी उर्स के मौके पर आस्ताने पर दुआओं और अकीदत का सैलाब उमड़ेगा, जिसके लिए आयोजन समिति ने अपनी मुकम्मल तैयारियां कर ली हैं। इस दौरान कुरआन ख्वानी से लेकर चादर पेशी और देर रात तक चलने वाली कव्वाली की शानदार महफिलें सजेंगी। उर्स के मुकद्दस कार्यक्रमों का बाकायदा आगाज शनिवार, 11 अप्रैल की सुबह 8 बजे कुरआन ख्वानी के साथ होगा।

# कबीर फाउंडेशन शाजापुर द्वारा नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित राष्ट्रीय

**शाजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय बलाई समाज ( पंजी. ) और कबीर फाउंडेशन शाजापुर मध्यप्रदेश के तत्वाधान में राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले राष्ट्रीय नारी शक्ति सम्मान समारोह रविवार को निजी गार्डन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, आलोट विधायक चिंतामणि मालवीय, तराना विधायक महेश परमार, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, अखिल भारतीय बलाई समाज के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष दिलीप सिंह बामनिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनार्धन लाड़ना, राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मी नारायण बंगाली, भाजपा जिला महामंत्री राय सिंह मालवीय, अजा. मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील मालवीय, नगर मंडल अध्यक्ष नागर, गोविंद नायक, रामचंद्र चौहान, बाबूलाल गोयल, मनोजकुमार पंचोली, सुरेश मालवीय, कमल चौहान मंचासीन रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वहीं कबीर भजन गायक महेश मालवीय और उनकी टीम के द्वारा कबीर भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि कबीर फाउंडेशन के माध्यम से समाज जो समरसता का कार्य कर रहा है जो बहुत ही अनुकरणीय है और कबीर फाउंडेशन कि अनूठी पहल की में प्रशंसा करता हूं। साथ ही विधायक अरुण भीमावद ने बलाई समाज धर्मशाला के लिए 26 लाख रुपए की विधायक निधि से देने की घोषणा भी की। समस्त समाजजन ने विधायक अरुण भीमावद का आभार व्यक्त किया।

विधायक चिंतामणि मालवीय ने कहा कि नारी ही राष्ट्र की आत्मा है नारी का सम्मान ही हमारा राष्ट्र का सम्मान है। भीमराव अंबेडकर जी ने हिन्दू कोड बिल के माध्यम से नारी शक्ति को बराबरी का अधिकार दिलाया। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश की प्रथम नागरिक भी महिला है और इसका श्रेय भीमराव अंबेडकर जी के रचित संविधान को जाता है। तराना विधायक महेश परमार ने कहा महिला शक्ति को सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिले इसके लिए केंद्र सरकार आरक्षण में प्रावधान कर रही है, जो 50 प्रतिशत आबादी को एकता में लाने का प्रयास है। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पांडे ने सामाजिक समरसता और हिंदुत्व एकता की बात कही। राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष दिलीप सिंह बामनिया ने कहा कि कबीर फाउंडेशन का उद्देश्य ही महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है और समाज में नारी शक्ति के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो ऐसा प्रयास करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रो में कार्यरत मातृशक्ति का सम्मान मंचासीन अतिथियों के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल मालवीय ने किया एवं आभार नारायण सिंह मालवीय ने माना।

## रजिस्टर्ड ए.डी. सूचना पत्र

(अ) बद्रीलाल पिता जगन्नाथ जाति बलाई मृत द्वारा वारिसान
(ब) पुत्र दयाराम पिता बद्रीलाल जाति बलाई मृत द्वारा
वारिसान-

1 सोदराबाई पति दयाराम, जाति बलाई, आयु- वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला उज्जैन म.प्र. 2 राजेश पिता दयाराम जाति बलाई, आयु-वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला उज्जैन म.प्र. 3 कमल पिता दयाराम जाति बलाई, आयु-वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला उज्जैन म.प्र. 4 संगीताबाई पिता दयाराम जाति बलाई, आयु-वयस्क निवासीगण खेडी मोहल्ला तराना जिला उज्जैन म.प्र. 5 किरणबाई पिता दयाराम जाति बलाई, आयु-वयस्क निवासी मोहन नगर बी-ब्लाक उज्जैन म.प्र. 6 बंशीलाल पिता जगन्नाथ जाति बलाई आयु- वयस्क निवासी ग्राम घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. 7 शारदाबाई पिता बद्रीलाल पति तेजुलाल जाति बलाई आयु वयस्क निवासी गोन्सा दरवाजा, केडी गेट. उज्जैन म.प्र. 8 श्यामुबाई उर्फ श्यामाबाई पिता बद्रीलाल जाति बलाई. आयु-वयस्क, निवासी कबीरदास कॉलोनी, तराना जिला उज्जैन म.प्र. (स) नन्दराम पिता बद्रीलाल मृत द्वारा वारिसान- 9 गीताबाई विधवा नन्दराम मालवीय, जाति बलाई. आयु-वयस्क, निवासी कबीरदास कॉलोनी, तराना जिला उज्जैन म.प्र. 10 पवन पिता नन्दराम मालवीय जाति बलाई, आयु-वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला उज्जैन म.प्र. 11 भरत पिता नन्दराम मालवीय जाति बलाई, आयु-वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला उज्जैन म.प्र. 12 अनिताबाई उर्फ अवन्ताबाई पिता नन्दराम पति बंशीलाल, जाति बलाई. आयु वयस्क निवासी वार्ड नंबर-39, भेरूगढ़ गंगाबावडी देवास म.प्र. (द) बाबुलाल पिता बद्रीलाल मृत द्वारा वारिसान- 13 रेशमबाई विधवा बाबुलाल जाति बलाई, आयु-वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला उज्जैन म.प्र. 14 रविन्द्र पिता बाबुलाल जाति बलाई आयु-वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला उज्जैन म.प्र. 15 धमेन्द्र पिता बाबुलाल जाति बलाई, आयु-वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला उज्जैन म.प्र. 16 पुजा पिता बाबुलाल, जाति बलाई आयु-वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला उज्जैन म.प्र. (द) नारायण पिता जगन्नाथ मालवीय जाति बलाई मृत द्वारा वारिसान 17 अरविन्द पिता नारायण मालवीय जाति बलाई, आयु 18 अजय पिता नारायण, मालवीय जाति बलाई. आयु वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला म.प्र. 19 किरण पिता नारायण मालवीय जाति बलाई. आयु वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला म.प्र. 20 शिवकन्या पिता नारायण मालवीय जाति बलाई, आयु वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला म.प्र. 21 पुष्पा पिता नारायण मालवीय जाति बलाई, आयु वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला म.प्र. 22 आशा पिता नारायण मालवीय जाति बलाई, आयु वयस्क निवासी खेडी मोहल्ला तराना जिला म.प्र.) (य) मंजु पिता नारायण पति कमल चंदेल इन्दौर मृत द्वारा वारिसान 23 कमल चंदेल पिता जाति बलाई मालवीय आयु वयस्क निवासी इन्दौर 24 काम्या पिता कमल चंदेल, जाति बलाई मालवीय, निवासी इन्दौर 25 सौम्या पिता कमल चंदेल, जाति मलाई मालवीय, आयु-वयस्क निवासी इन्दौर 26 संजय पिता प्रकाश मालवीय जाति बलाई, आयु-वयस्क निवासी-77, सुभाष मार्ग, तराना जिला उज्जैन म0प्र0 (भूमि के क्रेता) 27 बसंत कुमार खत्री पिता लक्ष्मीनारायण खत्री जाति बलाई, निवासी-36, खत्रीपुरा तिलक मार्ग, उज्जैन म.प्र. (भूमि के क्रेता) प्रेषक जसवंतसिंह पिता सरादारसिंह जाति बुंदेला ठाकुर, आयु 60 वर्ष लगभग, धंधा कृषक ग्राम झरनावदा व तराना जिला उज्जैन निवासी शुक्ला गली वार्ड नंबर-5, तलाई मोहल्ला, तराना एवं कृष्णकुज कॉलोनी, पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने तराना जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा आममुख्त्यार

महोदयगण आपको मेरे पक्षकार जसवंतसिंह पिता सरदार जाति बुंदेला ठाकुर निवासी तराना की ओर से सूचित किया जाता है कि, जसवंतसिह सरदारसिंह के सभी वारिसों का आममुख्त्यार जो दिनांक 11.08.2025 से नियुक्त है की ओर से सूचित किया जाता है कि:- 1 यह कि, ग्राम झरनावदा तहसील तराना जिला उज्जैन स्थित भूमि 13 बीघा सर्वे नंबर 408, 409 व 409 रकबा 3.20 हेक्टेयर भूमि है जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में अम्बाराम, पश्चिम में कांकड, उत्तर में याशोदाबाई की भूमि दक्षिण में आम रास्ता है। उक्त भूमि बद्रीलाल व नारायण पिता जगन्नाथ द्वारा जीवित अवस्था में 35000/- रूपये में जसवंतसिंह के पिता सरदारसिंह पिता पहलवानसिह को विक्रय करने का सौदा 1976 में किया था व 15000/- रूपये प्राप्त किये थे व शेष 20000/- रूपये में से 10000/- रूपये 1978 में बदीलाल ने नारायण के समक्ष प्राप्त किये थे व दिनांक 11.06.1981 को शेष 10000/- रूपये और प्राप्त किये थे। तीनो समय राशि प्राप्त करने के दौरान नारायण जी भी उपस्थित थे व दिनांक 11.06.1981 को अनुबंध लेख भूमि विकय का लिखा गया था जिस पर निशानी अंगुठा बदीलाल का होकर पूनमचंद व भोला राम गवाहै व उक्त भूमि का कब्जा भी मौके पर सरदारसिंह को दे दिया था। दुर्भाग्य से सरदारसिंह व बदीलाल व नारायण की जीवित अवस्था बद्रीलाल व नारायण की परिस्थिति के कारण विक्रय पत्र सरदारसिंह के पक्ष में संपादित नहीं हो पाया व तीनों की मृत्यु हो गई। पश्चात दिनांक 11.06.1981 के लेख अनुसार आप बद्रीलाल व नारायण के वारिसों को जिस पर नारायण का नाम भूमि पर औपचारिक है व नारायण का कोई हक नहीं है नाम होने से आप वारिसों को भी उक्त भूमि का विक्रय पत्र जसवंतसिंह व उनके परिवार के लोगों को करने हेतु कहा जो वर्तमान सर्वे नंबर 519 व 522 है पर सर्वे नंबर 519/1 रकबा 1.06 हेक्टेयर में से 0.10 हेक्टेयर भूमि व सर्वे नंबर 522 रकबा 0.54 हेक्टेयर में से 0.06 हेक्टेयर भूमि विकय पत्र दिनांक 09.09.2024 को 2,58,000/- रूपये में भूमि जसवंत के पुत्र अजय को बेची है जो अतिरिक्त मूल्य लिया है जिस पर अजय का नामांतरण होकर बटांकन है तथा उक्त रजिस्ट्री के समय शेष भूमि की रजिस्ट्री के लिए भी कहा था व आश्वासन दिया था कि रजिस्ट्री कर देंगे परन्त धौखे में रखकर बद्रीलाल के वारिसा बंशीलाल, शारदाबाई, श्यामुबाई, पवन, भारत, अनिता सभी ने संजय पिता प्रकाश बलाई तराना व बसंत पिता लक्ष्मीनारायण खत्री निवासी खत्रीपुरा, तिलक मार्ग उज्जैन को 30,00,000/- रूपये मूल्य लिख कर फर्जी रूप से विकय पत्र संपादित किया गया है व फर्जी रूप से नामांतरण दोनों का हुआ है जबकि उक्त विक्रय पत्र फर्जी बिना प्रतिफल व बिना कब्जे के किया है। समस्त भूमि पर सरदारसिंह के वारिसों का कब्जा होकर तार फेन्सिग की हुई है व मंदिर भी बनाया है तथा जो गलत बटांकन दिनांक 22.03.2025 के आधार पर संजय व बसंत का सर्वे नंबर 519/1/1 रकबा 0.70 हेक्टेयर व 522/1 रकबा 0.37 का हुआ था जो अजय ने निरस्त की कार्यवाही की थी जो राजस्व न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ने निरस्त किया है उस समय भी बद्रीलाल व नारायण के सभी वारिस व आप संजय व बसंत ने उक्त भूमि व शेष बची 2.97 हेक्टेयर भूमि कुल भूमि 3.04 का विक्रय पत्र करने का कहा व विक्रय पत्र नहीं किया। इस कारण आप सभी को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि ग्राम झरनावदा स्थित शेष बची भूमि सर्वे नंबर 519 व 522 की जो बटा नंबर 2.97 हेक्टेयर व आप संजय व बसंत के नाम की भूमि 519/1/1 रकबा 0.70 हेटेयर व सर्वे नंबर 522/1 की भूमि रकबा 0.37 हेक्टेयर है जो कुल भूमि 1.07 हैक्टेयर है इस प्रकार कुल भूमि 3.04 हेक्टेयर का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार जसवंतसिंह व उसके परिवार के लोगों के पक्ष में दिनांक 20.04.2026 को संपादित करने हेतु उपपंजीयक कार्यालय तराना में भूमि के समस्त दस्तावेज व आई डी कार्ड, फोटो आदि लेकर कार्यालयीन समय में 11.00 से 05.00 के बीच उपस्थित होकर विक्रय पत्र संपादित करे। मेरे पक्षकारगण रजिस्ट्री का समरत खर्च लेकर उपपंजीयक कार्यालय तराना में उपस्थित रहेगे। यह उल्लेखनिय है कि, दिनांक 11.06.1981 के अनुबंध के समक्ष आप संजय व बसंत का विकय पत्र दिनांक 22.03.2025 का शुन्य होकर निरस्ती योग्य है तथा इस संबंध में मेरे पक्षकार की ओर से दैनिक अवन्तिका समाचार पत्र में प्रकाशन भी दिनांक 30.03.2026 को दे दिया गया है। यदि बावजूद इसके विकय पत्र संपादित करने नहीं आये तो रजिस्ट्री निरस्ती व अनुबंध पूर्ति का वाद मेरे पक्षकार द्वारा आप सभी मान्यवरगण के विरूद्ध प्रस्तुत कर दिया जावेगा। जिसकी समस्त जवाबदारी हर्जे खर्चे की आप लोगों की होगी।

सूचित हो। दिनांक 30/3/2026

**गजेन्द्रसिंह कुशवाह हाईकोर्ट एडवोकेट**
**पता 66 महालक्ष्मी विहार कॉलोनी एमआर 5 मक्सी रोड उज्जैन**
**मोबाइल 9300618870, 6263345362**

## बाईक से गिरे व्यक्ति को पहुँचाया अस्पताल

**नीमच।** जिले थाना कुकडेश्वर क्षेत्र मनोटी गाँव के पास रोड पर मोटर साईकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है, थाना कुकडेश्वर में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक अनिल असवार एवं पायलेट राहुल भट्ट ने मौके पर पहुँचकर बताया कि मोटर साईकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था, डायल-112 जवानों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घायल व्यक्ति को एफआरव्ही वाहन की मदद से शासकीय चिकित्सालय मनासा में भर्ती करवाया, जहाँ घायल व्यक्ति का उपचार किया जा रहा है ।

## गुजराती सेन समाज के चुनाव 31 मार्च को

**मन्दसौर।** गुजराती सेन समाज जिला मंदसौर में नए नेतृत्व के चयन के लिए निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो गई है। निर्वाचन समिति ने घोषणा की है कि समाज के वरिष्ठ अध्यक्ष और युवा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 31 मार्च को बंजारी बालाजी प्रांगण में संपन्न होंगे। वर्तमान पदाधिकारियों का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद यह चुनाव आयोजित किए जा रहे हैं।समिति के अनुसार, चुनाव की सूचना जिले के प्रत्येक गांव में भेज दी गई है और कार्यक्रम में लगभग 1500 से 2000 समाज जनों के जुटने की उम्मीद है। चुनाव के दिन सुबह 10 बजे आराध्य देव सेन जी महाराज की महाआरती होगी, जिसके बाद मतदान और भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

## पुलिस ने 7 लोगों को जुआं खेलते पकड़ा

**मंदसौर।** जिले के सीतामऊ थाना पुलिस ने दो प्रकरणों में ताशपत्ति से जुआं खेलते हुए सात आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से सात हजार सात सौ रू. नगदी व जुआं उपकरण जप्त किया। जानकारी के अनुसार सीतामऊ थाना पुलिस सीतामऊ के पानपुरिया मोहल्ले में तीन आरोपियों के जुआं उपकरण से हारजीत करते हुए पकड़ा। इन आरोपियों के कब्जे से 3700 रू. नगदी व जुआं उपकरण जप्त किया। इसी मोहल्ले से चार जुआरियों को जुआं खेलते हुए पकड़ा। पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से जुआं उपकरण व नगदी चार हजार रू. जप्त किये।

## सिन्धु महल मेन गेट के झालर में आग लगाई

**मंदसौर।** स्थानीय श्री झूलेलाल सिन्धु महल मेन गेट के पास आरोपी ने जानबूझकर गेट पर लगी झालर में आग लगा दी तथा रिपोर्ट के बाहर लगे दो सीसीटीवी केमरों को तोड़कर नुकसान पहुंचाया। जानकारी के अनुसार यह घटना 28 मार्च की है। इस घटना की रिपोर्ट गोपाल मण्डोवरा पिता कैलाश मण्डोवरा निवासी मंदसौर पर आरोपी ओमप्रकाश पिता गोरीशंकर परमार निवासी झूलेलाल सिंधुमहल के पास मंदसौर के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

## कांग्रेस नेताओं ने शोक संवेदनायें व्यक्त की

**पिपलीया मंडी।**क्षेत्र में आशाराम जी उणियारा 83 टिलाखेड़ा वर्ष, देवीलाल पिलोदिया 85 नारायणगढ़ के दुःखद निधन पर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रामचन्द्र करुण, बाबुखा मेवाती, मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत पाटीदार, मंडलम अध्यक्ष कैलाश बंगारिया, विधानसभा युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल अहीर,नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष पाटीदार, किशोर उणियारा, अनिल मूलासिया, कांग्रेस नेता सुनील भगत आदि ने पिलोदिया एवं उणियारा के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 80 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त

**मंदसौर।** जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र के ग्राम हरवानदी में पुलिस ने 80 ली. हाथ भट्टी की कच्ची शराब जब्त की। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी सोदानसिंह पिता हरिसिंह सोंधिया राजपूत को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

# भाजपा किसी व्यक्ति और परिवार की पार्टी नहीं है, अपितु विचार की पार्टी-मंत्री चैतन्य कश्यप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। इसके 18 करोड़ से ज्यादा सदस्य है। केन्द्र सहित 20 राज्यों में भाजपा और गठबंधन की सरकारें है और यह इसलिए संभव हुआ है कि भाजपा किसी व्यक्ति और परिवार की पार्टी नहीं है, अपितु विचार की पार्टी है। भाजपा अपने विचार को आगे बढ़ाते हुए सदैव कार्यकर्ताओं को तैयार करती है और यह प्रशिक्षण वर्ग इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए आयोजित किया गया है।




वक्ताओं के इन उद्गारों के साथ रतलाम में भारतीय जनता पार्टी के पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 की शुरूआत हुई। रतलाम विधानसभा के पांचों मण्डलों में भाजपा ने शनिवार से दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए है। इनमें कार्यकताओं को कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, सांसद अनिता चौहान और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय सहित प्रमुख वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

रतलाम शहर के कुशाभाऊ ठाकरे मंडल का प्रशिक्षण वर्ग उजाला पैलेस, डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल और डॉ.भीमराव अंबेडकर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग जोधाबाग, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल का प्रशिक्षण वर्ग चंपा विहार एवं सूरजमल जैन मंडल का प्रशिक्षण वर्ग रंगोली परिसर में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने मुखर्जी मंडल, दीनदयाल मंडल, अंबेडकर मंडल में प्रदेश सरकार की योजनाएं विषय पर, सांसद अनिता चौहान, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी एवं पूर्व विधायक दिलीप मकवाना ने केन्द्र सरकार की योजनाएं, जिला महामंत्री महेश सोनी ने वैचारिक अधिष्ठान, आईटी सेल प्रदेश सहसंयोजक सोमेश पालीवाल ने सोश्यल मीडिया, नमो एप एवं सरल एप, हरीराम शाह ने बूथ प्रबंधन, मन की बात विषय पर तथा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने पार्टी का इतिहास एवं विकास विषय पर संबोधित किया।

वक्ताओं ने कहा कि भाजपा ने योग्य कार्यकर्ता निर्माण के लिए प्रशिक्षण महाअभियान शुरू किया है। भारतीय जन संघ से प्रारंभ हुई भाजपा राष्ट्र को प्रथम रखकर कार्य करने वाले समर्पित कार्यकताओं की पार्टी है। देश और प्रदेश में भाजपा की सरकारें पार्टी के पितृ पुरूषों के अन्त्योदय और एकात्म मानववाद के सूत्र पर कार्य कर रही है। "सबका साथ-सबका विकासइ्इ का लक्ष्य ही भाजपा की कार्य पद्धति है। प्रशिक्षण वर्ग के सत्रों की सभी मण्डलों में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं द्वारा अध्यक्षता की गई।

जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग का समापन 29 मार्च को होगा। दो दिनों में कुल 7 सत्र आयोजित होंगे, जिनमें प्रथम दिन 4 सत्र हुए। दूसरे दिन 3 सत्रों का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मंडल अध्यक्ष सोना शर्मा, आदित्य डागा, मयूर पुरोहित, नंदकिशोर पंवार, निलेश गांधी सहित भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं के कौशल और वैचारिक विकास से संगठन होगा और भी सशक्त- सांसद गुप्ता

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

भाजपा के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और कार्यकर्ताओं के सर्वांगीण विकास हेतु मंदसौर जिले के विभिन्न मंडलों में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों का सफलतापूर्वक समापन हुआ। मंदसौर, मल्हारगढ़ और सुवासरा विधानसभा क्षेत्रों के मंडलों में आयोजित इन सत्रों में कार्यकताओं को संगठन की रीति-नीति और भविष्य की कार्ययोजनाओं से अवगत कराया गया।



समापन अवसर पर मुख्य वक्ता सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि भाजपा की असली शक्ति उसके प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनके बल पर संगठन निरंतर गतिशील बना रहता है। वहीं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि ऐसे वर्गों से कार्यकर्ताओं को न केवल नई सोच मिलती है बल्कि वे राष्ट्र सेवा के लिए नई प्रेरणा भी पाते हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित इन वर्गों में दो दिनों के भीतर कुल आठ महत्वपूर्ण सत्र संपन्न हुए। इन सत्रों में विधायक देवीलाल धाकड़, पूर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार और पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने मार्गदर्शन दिया।

## मल्हारगढ़, संजीत बूढ़ा ब्लॉक का संयुक्त धरना प्रदर्शन आज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में मल्हारगढ़, संजीत बूढ़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा तहसील स्तरीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आज 30 मार्च सोमवार को समय प्रातः 11.30 बजे गॉडगिल चौराह मल्हारगढ़ पर रहेगा।



उक्त आशय की जानकारी देते हुए ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की तानाशाही के कारण आम जनता परेशान है गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि एवं अप्रयाप्त उपलब्धता, बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल की कमी व भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित कर आम जनता की आवाज को बुलंद कर महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन दिया जावेगा। अतः मल्हारगढ़ ,संजीत बूढ़ा ब्लॉक के समस्त पदाधिकारियों महानुभाओ से निवेदन है की समय पर पधारकर आमजन की आवाज को बुलंद करे। धरने में मल्हारगढ़ तहसील के ब्लॉक अध्यक्षों सहित सभी प्रकोष्ठ प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## शिवना शुद्धिकरण अभियान के तहत तट पर किया सफाई कार्य



**मन्दसौर।** मंदसौर की जीवनदायिनी शिवना नदी को स्वच्छ बनाने के लिए जारी शुद्धिकरण अभियान अपने 97वें दिन में प्रवेश कर गया है। रविवार सुबह विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में दर्जनों श्रमदानियों ने नदी के तट पर एकत्रित होकर सफाई कार्य किया। इस दौरान नदी के भीतर और किनारों से भारी मात्रा में प्लास्टिक कचरा और अन्य अपशिष्ट पदार्थ निकाले गए, जिन्हें ट्राली के माध्यम से उचित स्थान पर विसर्जित किया गया।इस मौके पर विधायक जैन ने नागरिकों से अपील की कि वे नदी में कचरा डालने वालों को रोकें, क्योंकि प्रदूषित जल जलचर जीवों के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया कि वे हर रविवार सुबह 7 से 9 बजे के बीच इस अभियान से जुड़कर अपना योगदान दें। अभियान में समाजसेवियों, महिला नेत्रियों और विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## रोटरी मंडल 3040 के तत्वावधान में

## दो दिवसीय इंटीग्रेटेड लर्निंग सेमिनार सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

रोटरी मंडल 3040 के तत्वावधान में नक्षत्र गार्डन में आयोजित दो दिवसीय इंटीग्रेटेड लर्निंग सेमिनार के दूसरे दिन का सत्र सेवा और संगठनात्मक मजबूती को समर्पित रहा। इस महत्वपूर्ण बिजनेस सेशन में रोटरी के अनुभवी वक्ताओं ने क्लबों के प्रभावी संचालन और सदस्यता विस्तार को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ आगामी गवर्नर संस्कार कोठारी, प्रथम महिला दीप्ति कोठारी और डीएलएफ धीरेन दत्ता द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सत्र की शुरूआत प्रियांशी गहलोत के मनमोहक स्वागत नृत्य से हुई।

प्रशिक्षण सत्र में पूर्व मंडलाध्यक्ष (पीडीजी) अशोक तांतेड़ ने च्कम्युनिटी सर्विसज् विषय पर जोर देते हुए कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही रोटरी का मूल धर्म है और क्लबों को समुदाय की आवश्यकताओं को समझते हुए ठोस प्रकल्प हाथ में लेने चाहिए। वहीं इंदौर से आए पीडीजी संजीव गुप्ता ने मेंबरशिप एनालिसिस के माध्यम से नए क्लबों की स्थापना और नियमित बैठकों की अनिवार्यता समझाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि सक्रिय सदस्यता ही किसी भी क्लब की सफलता का आधार होती है। नीमच के पीडीजी दर्शन गांधी ने सदस्यता विकास के व्यावहारिक सुझाव साझा किए, जबकि इंदौर के पब्लिक इमेज चेयर घनश्याम सिंह ने समाज में रोटरी की सकारात्मक पहचान बनाने के लिए प्रभावी रणनीतियों पर प्रशिक्षण दिया।

सेमिनार में मानवता के प्रति समर्पण दिखाते हुए पांच देहदान की घोषणाएं की गईं। पीडीजी गुस्ताद अंकलेसरिया ने क्लब हेल्थज् के महत्व को रेखांकित किया। सभी नवनिर्वाचित अध्यक्षों और सचिवों के लिए च्गोल सेटिंग की प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई। समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर इवेंट चेयर सीए दिनेश जैन, अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सहायक मंडलाध्यक्ष संजय गोठी, आगामी अध्यक्ष अनिल चौधरी, सचिव संजय जैन श्वेता, पवन पोरवाल, प्रवीण उकावत, भानुप्रताप सिंह सिसोदिया आदि उपस्थित थे।

## थ्रेशर मशीन से उपज निकालते समय रखे पूरी सावधानी

**मल्हारगढ़ ।**क्षेत्र में अभी गेंहू,रायड़ा व अन्य उपज थ्रेशर से निकालने का काम चल रहा है,ऐसे में थोड़ीसी लापरवाही से अभी तक कई मोते भी होचुकी है।

पंचायती राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष श्यामलाल मालवीय चावली,मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा रविवार को थ्रेशर से उपज निकाल रहे किसानों को एवं थ्रेशर मालिको को पुष्पमाला पहनाकर उनसे चर्चा की एवं उन्हें बताया कि मशीन से उपज निकालते समय कई किसान,मजदूर मौत के मुंह मे चले गए है ।आप पूरी सावधानी बरतें ओर महिलाओ को थ्रेशर मशीन से दूर ही रखे। इस मौके पर जिला कांग्रेस के सचिव किशनलाल चौहान,ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष अनिल मूलासिया, शांतिलाल पडियार,जितेंद्र पडियार,राकेश बावरी,पप्पू पडियार,दिलीप,भोला आदि मौजूद थे।



# सिंगोली नगर में जैन मुनि श्री जी का मंगल प्रवेश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

जिले के सिंगोली मे जय गुरुदेव के जयघोष के साथ जब मुनिराज का मंगल प्रवेश रविवार को दिव्य ऊर्जा और भक्ति के साथ हुआ। सिंगोली नगर में जैन मुनि श्री जी का मंगल प्रवेश सिंगोली नगर के लिये एक अत्यंत मंगलकारी व गौरवशाली अवसर रहा । रविवार को प्रातः धर्म भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वाधान में परम पूज्नीय श्री 108 मुनि प्रणम्य सागर जी महाराज श्री का मंगल प्रवेश जो सिंगोली

नगर की पावन धरा उस समय श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर हो उठी, जब गुरुदेव के 10 वर्ष बाद मंगल प्रवेश के अवसर पर चारों ओर जय-जय गुरुदेव के जयकारे की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं ने पूरे हर्ष और उल्लास के साथ गुरुदेव का भव्य स्वागत किया।



गुरुदेव के नगर आगमन पर जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए हे तथा मार्ग को आकर्षक रंगोली, फूलों और पताकाओं से सजाया गया। श्रद्धालु महिलाएं मंगल कलश लेकर स्वागत में चल रही थी वहीं युवाओं ने शोभायात्रा को उत्साहपूर्वक आगे बढ़ाया,

बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर पूरा नगर भक्ति रस में डूबा नजर आया।

मंगल प्रवेश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां नागरिकों ने पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद लिया और गुरुदेव का अभिनंदन किया। इस दौरान वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया और हर कोई गुरुदेव के दर्शन पाने को आतुर दिखाई दिया।

पंच कल्याणक महोत्सव समिति ने बताया कि यह आयोजन नगर के लिए अत्यंत सौभाग्य का अवसर है और आगामी दिनों में पंच कल्याणक महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। मुनि श्री के मंगल प्रवेश के साथ ही नगर का वातावरण भक्ति में हो गया।

### न्यूज कालम



## नगर पालिका नीमच में शांतिलाल गुप्ता एल्डरमैन नियुक्त

**नीमच।** प्रदेश सरकार के नगरी प्रशासन विभाग द्वारा नगरी निकाय में एल्डर में नियुक्ति के आदेश जारी किए गए जिसमें नीमच नगर पालिका में पोरवाल समाज नीमच के अध्यक्ष शांतिलाल गुप्ता को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। श्री गुप्ता के एल्डरमेंन की नियुक्ति का समाचार मिलने पर नीमच पोरवाल समाज जनों में हर्ष व्याप्त हो गया। अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल नव नियुक्त एल्डरमैन शान्ति लाल गुप्ता युवा संगठन कोषाध्यक्ष सन्तोष उदिया ने नियुक्ति पर विधायक दिलीप सिंह परिहार के निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया। श्री गुप्ता ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है,उसे निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। शहर की हर समस्या को नगर पालिका में उठाकर समाधान का प्रयास करूंगा सभी मिलकर शहर विकास में अधिक गति मिलेगी। अपनी इस नियुक्ति पर क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह परिहार भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह राणावत एवं सभी वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया द्य वही श्री गुप्ता की नियुक्ति पर पार्टी समर्थकों एवं मित्र मंडल ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की है।

## विक्रम सीमेंट में प्रथम धात्विक खनन सुरक्षा सप्ताह का भव्य शुभारंभ




**नीमच।** विक्रम सीमेंट खोर मे प्रथम उद्योग संरक्षण धात्विक खनन सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ हुआ महानिदेशालय खान सुरक्षा के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रथम मेटालिफेरस माइंस सेफ्टी वीक 2025-26 का शुभारंभ विक्रम सीमेंट वर्क्स, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की खदानों में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत खदान कर्मियों द्वारा सुरक्षा शपथ ग्रहण के साथ हुई। मुख्य अतिथि श्री आर. सी. व्यास ने अपने संबोधन में कहा कि "खनन कार्यों में सुरक्षा सर्वोपरि है। प्रत्येक कर्मी को कार्यस्थल पर सतर्कता, नियमों का पालन और जोखिम-रहित कार्य-संस्कृति को अपनाना आवश्यक है।" विक्रम सीमेंट की खदानों के अधिकारी श्री ए. पी. सिंह ने कहा कि "सुरक्षा ही हमारी प्रथम प्राथमिकता है। सुरक्षित खनन प्रथाएँ न केवल उत्पादन बढ़ाती हैं, बल्कि खनन उ?द्योग में स्थायी विकास का मार्ग भी प्रशस्त करती हैं।" कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों, खदान प्रबंधकों, पर्यवेक्षकों, अभियंताओं, ठेका श्रमिकों सहित बड़ी संख्या में खान-कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## महावीर जयंती के उपलक्ष्य में वीर पुत्र सम्मेलन आयोजित




**मन्दसौर।** सकल जैन समाज च्वीर पुत्र जयमज् द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर मंदसौर के महावीर मार्ग तिराहे पर भव्य वीर पुत्र सम्मेलन और ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विपिन जैन और सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेंद्र जैन गोटावाला शामिल हुए। अतिथियों ने जैन ध्वज फहराया और भगवान महावीर के चित्र पर माल्यार्पण कर शांति और अहिंसा का संदेश दिया।विधायक विपिन जैन ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान वैश्विक अशांति के दौर में भगवान महावीर के विचार सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। उनके च्जियो और जीने दोज् के सिद्धांत को अपनाकर ही विश्व में मैत्री भाव स्थापित किया जा सकता है। पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा और समाज के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी समाज की एकजुटता पर बल दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने महावीर द्वार पर पहली बार आयोजित इस सम्मेलन की सराहना की।

## डे केयर सेंटर पर अभिजीत स्मृति खेल पुरस्कारों का वितरण




**मन्दसौर ।** स्थानीय डे केयर सेंटर पर आयोजित समारोह में विधायक विपिन जैन ने वरिष्ठ जनों को खेल पुरस्कार प्रदान किए। यह पुरस्कार गीतकार नंदकिशोर राठौर द्वारा अपने पुत्र अभिजीत की स्मृति में स्थापित किए गए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. देवेंद्र पुराणिक ने की, जबकि श्री श्रवण कुमार त्रिपाठी, डॉ. उर्मिला तोमर और श्री नरेंद्र भावसार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने भारत माता और सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विपिन जैन ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय वरिष्ठ जन सेवा केंद्र बुजुर्गों को सक्रिय रखने का एक बेहतरीन माध्यम है। यहाँ कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस जैसे खेलों के माध्यम से वरिष्ठ जन न केवल मनोरंजन करते हैं बल्कि स्वयं को स्वस्थ भी रखते हैं। उन्होंने अभिजीत स्मृति पुरस्कारों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। प्रतियोगिता के परिणामों में अतुल पालीवाल ने टेबल टेनिस और शतरंज दोनों में जीत हासिल की, जबकि शांतिलाल वर्मा कैरम के विजेता रहे। सभी विजेताओं को मोमेंटो और पुष्प हार पहनाकर सम्मानित किया गया।



## रामनवमी कार्यक्रम सम्पन्न

**महिदपुर।** आंजना समाज धर्मशाला महिदपुर में भगवान श्री राम व समाज के संत श्री श्री 1008 राजाराम जी महाराज का जन्मोत्सव का कार्यक्रम 28 मार्च 2026 शनिवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में आंजना समाज विकास समिति के अध्यक्ष सेवाराम पटेल नारायणा धाम के माध्यम से कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसी के साथ समाज के दानदाताओं ने 562200 की नगद राशि भेट कर सामाजिक विकास की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में भगवान श्री राम एवं श्री श्री 1008राजारामजी महाराज की आरती के पश्चात सामाजिक लोगों ने सहभोज किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट अंतर सिंह आंजना ने किया एवं आभार पटेल सेवाराम आंजना नारायणा धाम वालों ने माना। जानकारी मनोहरसिंह आंजना गोगाखेड़ा नें दी।

## रामनवमी पर विभिन्न स्थानों पर प्याऊ की शुरूआत पक्षियों के लिए जल पात्र भी रखे



**इंगोरिया।** रामनवमी के शुभ अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम को लेकर विभिन्न स्थानों पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। पक्षियों के लिए जल पात्र भी रखे गए। जल सेवा सबसे बड़ी सेवा है। इसे प्रत्येक व्यक्ति ने करना चाहिए। उक्त उद्बोधन प्याऊ का शुभारंभ करते हुए जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक श्रीमती रेणुका श्रोत्रिय ने व्यक्त किए। श्रीराम आश्रम जूना अखाड़ा की महंत भवानी गिरीजी ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। पशु पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम में जल पात्र प्रत्येक घर,खेत, खलिहान व सार्वजनिक स्थलों पर अवश्य रखें। जनसेवा कार्य निरन्तर कर मानव जीवन को सार्थक करें। इसी तरह ग्राम सुकलाना में पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में मंदिर पुजारी ग्रामीण जन व समिति सदस्यों के साथ प्याऊ का शुभारंभ किया ग्राम। पलदूना में ग्रामीण जनों व समिति सदस्यों ने सुश्री हर्षित जोशी एवं कृतिका शर्मा के हाथों पूजन अर्चन करवाकर शुभारंभ करवाया। नवांकुर संस्था के पीयूष शर्मा एवं इंद्र सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक गांव में वृक्ष व भूमि पूजन की गतिविधियां भी जन जागरूकता के साथ संपादित की गई। देवनारायण मन्दिर व फंटे पर प्याऊ लगाई गई।चामला नदी किनारे पर सफाई कर जल संवर्द्धन की शपथ सभी समाज कार्य के छात्र छात्राओं ने ली। जन जागरूकता को लेकर गांव में जल संवर्द्धन का संदेश देते हुए रैली भी निकाली। 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण जनों के साथ-साथ घनश्याम चौहान, समंदर सिंह, अखिलेश शर्मा, मुकेश शर्मा, धर्मेंद्र राठौर, बाबूलाल मालवीय, पर्वत लाल मालवीय, राहुल राठौर, कुलदीप सिंह, लाखन सिंह जी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## श्रीराम जन्मोत्सव पर फूल माली समाज ने चल समारोह निकाला, जगह जगह स्वागत



**ब्यावरा।** फूल माली समाज के द्वारा प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मानाया गया ब्यावरा समाज अध्यक्ष भोलाराम पुष्पद ने बताया कि नगर में इंदौर नाका पर फूल माली समाज धर्मशाला में रामनवमी की रात 8 बजे भगवान सत्यनारायण की कथा आयोजन हुआ रात्रि 9:00 बजे भजन संध्या का आयोजन होगा जो देर रात तक जारी रही है 28 मार्च शनिवार को चेत्र दशहरे पर समाज के सभी साथी महिला युवा शाम 4:30 बजे मुल्तानपुरा मारुति नंदन मंदिर पर एकत्रित होकर भगवान श्रीराम झाँकी साजकर विशाल चल समारोह प्रारम्भ हुआ जो इंदौर नाका,पुराना एबी रोड, गुड़ चौराहा, पीपल चौराहा,गांधी चौक,सुभाष चौक,जगत चौक, अहिंसा द्वार होते हुए अंजनीलाल मंदिर रोड पर पुष्पद मैरिज गार्डन पर शाम को 6:30 बजे महाआरती के साथ सभी समाज बंधुओं का सामूहिक भोजन प्रसादी के साथ संपन्न हुआ विशाल चल समारोह में बद्रीलाल पुष्पद, छोटेलाल पुष्पद, संतोष पुष्पद जिलाध्यक्ष, पत्रकार लोकेश पुष्पद, विनोद पुष्पद बनवारी पुष्पद, राहुल पुष्पद संजय पुष्पद, राकेश पुष्पद, राजकुमार पुष्पद, संदीप पुष्पद, नीरज पुष्पद, अधिवक्ता जगदीश पुष्पद, श्रीनाथ पुष्पद, महिला श्रीमती नीलम पुष्पद, रजनी पुष्पद साहित पुरुष, युवा, बच्चे, सैकड़ों की सांख्य में शामिल हुए।

## साहू समाज सम्मेलन समिति का विवाह सम्मेलन 15 अप्रैल को

**गुना।** आदर्श सामूहिक विवाह साहू समाज सम्मेलन का आयोजन टेकरी सरकार गुना की पावन धरा पर दिनांक 15 अप्रैल 2026 को किया जा रहा है। मां कर्मा देवी मंदिर गढ़ा एवं जिला गुना था अशोकनगर के तत्वावधान में आयोजित होगा। जिसमें विवाह योग्य वर बधु के रजिस्ट्रेशन चालू है, इसके रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2026 है। रजिस्ट्रेशन के लिए सम्मेलन समिति के सदस्यों से संपर्क करें।

### कमल का फूल, हमारी भूल, के नारों के साथ ग्रामीणों ने घेरा ग्रिड, चेतावनी के बाद झुका बिजली विभाग

# गेहूं का पैसा आने पर बिल भरने की शर्त पर बनी सहमति, लाइट आते ही धरने में छाई खुशी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर



मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी और लगातार बिजली कटौती से आक्रोशित शाजापुर जिले के खड़ी डोडिया और आसपास के ग्रामीणों के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया। बिजली विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की हठधर्मिता के खिलाफ ग्रामीणों ने महाआंदोलन का शंखनाद करते हुए शुक्रवार शाम खड़ी ग्रिड पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों के भारी आक्रोश और उग्र आंदोलन की चेतावनी के आगे अंततः प्रशासन और बिजली कंपनी को झुकना पड़ा। देर रात दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने और बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद ही यह धरना समाप्त हुआ। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार (27 मार्च 2026) शाम 6 बजे से खड़ी ग्रिड पर पूर्व सरपंच अजीत सिंह खड़ी डोडिया के नेतृत्व में मोचेबंदी की गई। इस धरने में सर्वसमाज सहित खड़ी ग्रिड से जुड़े सभी गांवों के सैकड़ों लोग शामिल हुए। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अजीत सिंह ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण बिल वसूली के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को मनमाने तरीके से रोकना अन्याय है। इसी तानाशाही के खिलाफ जनमानस का गुस्सा फूट पड़ा है।

### जनप्रतिनिधियों के खिलाफ फूटा गुस्सा, लगे तीखे नारे

आंदोलन के दौरान ग्रामीणों का सबसे ज्यादा आक्रोश सत्ताधारी पार्टी के विधायक और सांसद के खिलाफ देखने को मिला। ग्रामीणों ने कमल का फूल, हमारी भूल... क्षेत्र के विधायक-सांसद होश में आओ और हर जोर जुर्म की टक्कर में, संघर्ष हमारा नारा है, जैसे तीखे नारे लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी थी कि उनका गांव कमजोर नहीं है, यदि शांतिपूर्ण धरने के बाद भी लाइट चालू नहीं की गई, तो अगले दिन से उग्र आंदोलन किया जाएगा और किसी भी तरह की हानि की जिम्मेदारी सीधे तौर पर विभागीय अधिकारियों की होगी।

ग्रामीणों के इस रौद्र रूप और भारी भीड़ को देखते हुए बिजली कंपनी के अधिकारी बैकफुट पर आ गए। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने आखिरकार लाइट चालू करने की बात मानी और ग्रामीणों से बकाया बिल वसूली में मदद की गुहार लगाई। इस पर धरने पर बैठे किसानों और ग्रामीणों ने व्यावहारिक समाधान निकालते हुए प्रशासन को आश्वस्त किया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय का भुगतान प्राप्त होते ही वे बिजली का बिल जमा कर देंगे। इस आपसी सहमति के तुरंत बाद ग्रिड से बिजली चालू कर दी गई। अंधेरे में बैठे ग्रामीणों के बीच लाइट आते ही हर्षोल्लास छा गया और आंदोलन की सफलता पर खुशी मनाई गई। धरना समाप्ति पर पूर्व सरपंच अजीत सिंह खड़ी डोडिया ने इस हक-अधिकार की लड़ाई में शामिल होने और ग्राम हित में योगदान देने के लिए सभी ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## भूमि एवं पेट्रोल पंप की बिक्री में हुई धोखा-धड़ी के मामले पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना




भूमि एवं पेट्रोल पंप की बिक्री के मामले में तराना पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। पुलिस द्वारा धोखाधड़ी सहित चार विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मामले में टीआई रामनारायण सिंह भदोरिया ने बताया कि फरियादी रोहित पिता जगदीश चंद्र राठी निवासी तेजाजी चौक की शिकायत पर आरोपी नीता डोडिया व हरीश डोडिया के विरुद्ध विभिन्न धाराओं प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है ।मामले में जांच की जा रही है।

फरियादी रोहित राठी द्वारा एफआईआर में बताया कि मैने रूपाखेड़ी रोड़ तराना में भूमि सर्वे नंबर 154/2 रकबा 12960 वर्ग फीट जिस पर चारभुजा पेट्रोल पंप स्थित है भूमि व पेट्रोल पंप मैंने नीता पति हरीश डोडिया से 4 अगस्त 2025 को खरीदा था। रजिस्ट्री भी मेरे पक्ष में हो गई है नगर परिषद में नामांतरण भी मेरे पक्ष में किया गया है रजिस्ट्री के समय उक्त भूमि व पंप की संपूर्ण राशि 1करोड़12 लाख 1 हजार चेक के माध्यम से विक्रेता के पक्ष में अदा कर दी गई है उक्त भूमि को पेट्रोल पंप पर कब्जा मैंने प्राप्त कर लिया था वह पेट्रोल पंप का संरक्षण की मेरे द्वारा किया जा रहा था रजिस्ट्री के समय ही नीता पति हरिश डोडिया द्वारा पेट्रोल पंप का लाइसेंस मेरे नाम पर ट्रांसफर करने का कहा गया था ।इसका उल्लेख विक्रय पत्र में भी किया गया है। बाद में पेट्रोल पंप का नामां नामांतरण भारत पेट्रोलियम के रिकॉर्ड में करने का बोलकर हरीश डोडिया द्वारा कुछ कागजों पर धोखे से हस्ताक्षर कर लिए थे किंतु पेट्रोल पंप का लाइसेंस विक्रेता पक्ष द्वारा आज तक मेरे नाम पर ट्रांसफर नहीं कराया गया तथा पेट्रोल पंप का लाइसेंस अभी भी नीता पति हरीश डोडिया के नाम पर दर्ज है ।इस बीच हम परिवार दर्शन के लिए गिरिराज जी गए थे दर्शन करने के वापस 5 मार्च को तराना आए तो उक्त भूमि पर स्थित चारभुजा पेट्रोल पंप पर विकृत द्वारा कब्जा कर पंप का संचालन किया जाने लगा ।जब मेने इस संबंध में हरिश डोडिया से बात करना चाहिए तो मुझे अपशब्द कहे। मेरे नाम पर पेट्रोल पंप ट्रांसफर नही हुआ है।

मामले में नीता पति हरीश डोडिया ने बताया कि यह आरोप निराधार है ।अनुबधकता(रोहित राठी) पेट्रोल पंप से प्राप्त राशि पर अनुबधकर्ता का कोई अधिकार नही होगा। इसके दस्तावेज हमारे पास पहले से ही है।

## वृहद विधिक जागरूकता शिविर में दिव्यांगों एवं आमजन को मिला लाभ

**आगर मालवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डी.एस. चैहान के मार्गदर्शन में शनिवार को सामुदायिक भवन गांधी उपवन, आगर मालवा में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीतिराजसिंह सिसौदिया उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती अश्विनी सिंह, एसडीएम सुसनेर श्रीमती किरण बरबडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजीव गुप्ता, जिला श्रम पदाधिकारी बी.एल. राठौर तथा अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सुरेन्द्र मारू मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया तथा अतिथियों का स्वागत पौध वितरण कर किया गया।

### पिपलौदा में रिश्तेदारों के बीच खूनी संघर्ष

## लड़की की बात पर चले लाठी-डंडे और रॉड, दोनों पक्षों के 8 घायल

**शाजापुर।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र में एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। लड़की को ले जाने की बात पर उपजे विवाद में रिश्तेदारों के दो गुट आधी रात को आपस में भिड़ गए। देर रात हुए इस संघर्ष में लाठी-डंडों और लोहे की रॉड का जमकर इस्तेमाल हुआ, जिसमें दोनों पक्षों के कुल 8 लोग घायल हो गए। रात के सन्नाटे में मचे इस बवाल के बाद सभी घायलों को आनन-फानन में शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, घटना सुनेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलौदा की है। रात करीब 11 से 12 बजे के बीच घर के बाहर परिजनों में किसी लड़की को ले जाने के विषय पर बहस शुरू हुई थी। देखते ही देखते यह बहस गाली-गलौज तक पहुंच गई और कुछ ही देर में इसने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस मामले में एक पक्ष की ओर से संगीता राजपूत ने सुनेरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### सनातनी हिंदू उत्सव समिति का हुआ गठन

## दिखावे का नहीं बल्कि सनातनी हिंदुत्व के चलते जय-जय सियाराम का किया उदघोष

### सनातनी हिंदू उत्सव समिति के प्रत्येक कार्यक्रम बड़ी शालीनता के साथ मनाये जायेंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।



राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में बस स्टैंड स्थित मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर परिसर में लोकतांत्रिक तरीके से सनातनी हिंदू उत्सव समिति का विधिवत गठन किया गया, जिसमें गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ नगर पालिका उपाध्यक्ष अतुल जगताप को सर्वसम्मति से सनातनी हिंदू उत्सव समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया, बैठक में सनातनी हिंदू उत्सव समिति के समस्त कार्यक्रमों को सात्विक तरीके से मनाया जाएगा, सनातनी हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में हनुमान जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, दिखावे का नहीं बल्कि सनातनी हिंदुत्व के चलते जय जय सियाराम का उद्घोष किया हिंदुत्व के कार्यक्रमों में अग्रणीय भूमिका निभाने वाले विक्रम सिंह चौहान, पूनम मेवाड़े, हवलदार सिंह आदि कई प्रबुद्धजनों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम आक्रोश के प्रतीक नहीं बल्कि सरलता, सहजता, समानता तथा शालीनता के प्रतीक थे इसलिए सनातनी हिंदू उत्सव समिति के प्रत्येक कार्यक्रम को बड़ी शालीनता के साथ मनाया जाएगा, सनातनी हिंदू उत्सव समिति द्वारा पीपल चौराहे पर दांगी समाज की विशाल शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया, शांति समिति की बैठक अब मात्र औपचारिकता नहीं रहेगी, संगठन की रूपरेखा तैयार करने हेतु वार्षिक कैलेंडर तैयार किया जाएगा, कानून एवं संविधान का पालन करते हुए विधिवत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, करीब 500 साल से अधिक पुराना स्टेट टाईम का अति प्राचीन चतुर्भुजनाथ मंदिर से विशाल चुनरी यात्रा प्रारंभ होगी जो खेड़ापति शीतला माता मंदिर मातामंड होते हुए नगर के मुख्य मार्ग से निकाली जाएगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक धर्मप्रेमी बंधु मौजूद रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकली दंडवत परिक्रमा, हर मंदिर में गूंजी हनुमान चालीसा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जीरापुर



नगर में हनुमान जन्मोत्सव के पूर्व धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब दंडवत परिक्रमा का भव्य आयोजन किया गया। बाबा नीम करोली महाराज के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस विशेष परिक्रमा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रातः 8 बजे होटल हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुई यह परिक्रमा नगर के विभिन्न प्रमुख मंदिरों एवं मार्गों से होकर निकली। श्रद्धालुओं ने दंडवत करते हुए अपनी गहरी आस्था प्रकट की, जो पूरे मार्ग में भक्ति और समर्पण का अनुपम उदाहरण बनी रही।

परिक्रमा का मार्ग हटीले हनुमान जी (आवास कॉलोनी) से प्रारंभ होकर श्रीराम मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर, बालाजी मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, चामुंडा माता मंदिर सहित कई प्रमुख धार्मिक स्थलों से गुजरता हुआ पुनः हटीले हनुमान जी मंदिर पर आकर सम्पन्न हुआ। विशेष बात यह रही कि हर मंदिर पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और आरती कर आगे बढ़े, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

आयोजन के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई थी। नगरवासियों ने भी इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हुए श्रद्धालुओं का स्वागत किया। परिक्रमा के समापन पर हटीले हनुमान जी मंदिर में महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता की। इस पूरे आयोजन का संचालन गिरिराज जी भक्त मंडल, जीरापुर द्वारा किया गया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

## खेड़ापति हनुमान मंदिर पर 208 अखंड रामायण पारायण

**इंगोरिया।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष में धर्म की पावन नगरी खाचरोद के श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर 208 अखंड रामायण पारायण का दिव्य आयोजन किया जा रहा है। मां क्षिप्रा अन्न क्षेत्र समिति मध्यप्रदेश मालवा के तत्वावधान में 1 अप्रैल को खाचरोद नगर में भव्य मंगल कलश यात्रा बिलकेश्वर महादेव से श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर तक निकलेगी। समिति अध्यक्ष ठाकुर बनेसिंह पंवार ठिकाना करणपुरा और संस्थापक पन्नालाल भारद्वाज आलमपुर उड़ाना ने बताया कि इस आयोजन के यजमान ठाकुर सुल्तानसिंह शेखावत नागदा जंक्शन और कुंवर मोतीसिंह शेखावत ठिकाना नागदा होंगे। खाचरोद के इतिहास में पहली बार 208 अखंड रामायण पाठ खेड़ापति हनुमान मंदिर पर दिव्य आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। एक अप्रैल प्रात 9 बजे से पारायण प्रारंभ हो जाएगा। 2 अप्रैल को रामायण पाठ की पूर्णाहुति और भंडारा आयोजित किया गया है । आयोजक समिति ने नगर के सभी सनातनी नागरिकों से इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी और सहभागी बन कर धार्मिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## कु.मुस्कान सेन ने 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया

**ब्यावरा-राजगढ़।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा नगर की होनहार छात्रा कुमारी मुस्कान सेन ने कक्षा आठवीं की वार्षिक परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यावरा मे अध्यनरत छात्रा कु. मुस्कान मध्यम परिवार में जीवन यापन करने वाली श्रीमती कृष्णा-रामपाल सेन की सुपुत्री है। छात्रा कुमारी मुस्कान सेन ने अपनी मेहनत व लगन का परिचय देते हुए श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त किया मुस्कान बचपन से अपना ज्यादा समय पढ़ने लिखने में लगती उसका सपना है कि वह पढ़ लिखकर प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज के गरीब वर्ग के लोगों की सेवा करें। उसकी इस उपलब्धि पर परिवार सहित नगर एवं गांव में खुशी का माहौल है। परिजनों, शिक्षकों, शुभचिंतकों आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



## गो सम्मान आह्वान अभियान को लेकर जागरूकता अभियान तेज



**सुसनेर** नगर में गो सम्मान आह्वान को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दीवार लेखन कर आमजन को गो संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही ग्राम मैना , कलारिया में एक बैठक आयोजित की गई ।जिसमें ग्रामीणों को गो सम्मान आह्वान की जानकारी देते हुए इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई। अभियान से जुड़े कार्यकताओं ने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को तहसीलदार को प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा जिसमें गो संरक्षण से संबंधित मांगें प्रस्तुत की जाएंगी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## शैक्षणिक भ्रमण दल पहुंचा ओरछा किला




**बीनागंज।** पीएम श्री कन्या मिडिल स्कूल बीनागंज का शैक्षणिक भ्रमण दल गत दिवस निवाड़ी जिले के ओरछा किला पहुंचा और भ्रमण कर तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के शिक्षक अभिषेक मीना ने बताया कि यह किला सोलहवीं शताब्दी में बुंदेला राजा रुद्रप्रताप सिंह द्वारा बनवाया गया था। यह बेतवा नदी के तट पर स्थित है। कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक कृष्ण गोपाल मीना ने बताया कि छात्रों द्वारा अपने सामान्य कक्षा शिक्षण से बाहर किसी ज्ञानवर्धक स्थान की नियोजन यात्रा करना है। इसी उद्देश्य को लेकर विद्यालय परिवार द्वारा प्राचार्य गोपाल मैथिल के मार्गदर्शन में ओरछा किला का भ्रमण किया और ऐतिहासिक जानकारियां प्राप्त की। इस अवसर पर अंजुम कुरैशी, हुकुमचंद साहू, रमेशचंद अहिरवार, रमा मीना, कृष्ण शाक्यवार, वंदना व्यास, अनमोल शर्मा, वैशाली साहू, दीपक प्रजापति, मनोरमा मीना,ताराचंद सोनी, बालकविनेट प्रधानमंत्री तमन्ना जाटव, शिक्षा मंत्री पलक मीना, प्रतिज्ञा मीना, तनवी राजपूत, प्रेरणा जैन, परी राजपूत, सुनीता मीना, नंदनी मीना सहित लगभग आधा सैकड़ा से अधिक छात्राएं शामिल थी। बालकेविनेट की शिक्षा मंत्री पलक मीना ने बताया कि इस दौरान शैक्षिक भ्रमण के अलावा ओरछा सरकार राजाराम और लौटते वक्त दतिया में पीताम्बर देवी के दर्शन भी किया, यह यात्रा बहुत ही ज्ञानवर्धक रही।



# महंगे तेल-लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन बिगड़ने का असर; महंगाई बढ़ने के संकेत

## वित्त मंत्रालय ने माना इकोनॉमी की रफ्तार धीमी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने मार्च 2026 की अपनी मंथली इकोनॉमिक रिव्यू रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार अब धीमी पड़ गई है। इसकी सबसे बड़ी वजह पश्चिम एशिया में चल रहा तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं। मंत्रालय ने माना है कि इन बाहरी झटकों की वजह से देश के अंदर इनपुट कॉस्ट यानी प्रोडक्शन की लागत बढ़ गई है, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर दबाव दिख रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी 2026 तक भारतीय इकोनॉमी काफी मजबूत स्थिति में थी। डोमेस्टिक डिमांड, इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार और सरकारी नीतियों की मदद से सप्लाई और डिमांड दोनों मोर्चों पर प्रदर्शन अच्छा रहा था।

मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में बढ़त बनी हुई थी, वहीं गाड़ियों की बिक्री और डिजिटल पेमेंट्स में भी लगातार ग्रोथ दर्ज की गई थी। मंत्रालय के अनुसार, मार्च 2026 से ग्लोबल हालात बदलने लगे। वेस्ट एशिया में तनाव बढ़ने से एनर्जी मार्केट और लॉजिस्टिक्स (माल ढुलाई) बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसका सीधा असर भारत के प्रोडक्शन सेक्टर पर पड़ा है।



### रिटेल महंगाई में भी उछाल के संकेत

रिटेल महंगाई में भी उछाल के संकेत मिले हैं। अभी तक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों की कीमतें थीं, लेकिन मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमतों का पूरा असर अभी तक घरेलू बाजार में नहीं दिखा है। अगर वैश्विक स्तर पर एनर्जी की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं, तो आने वाले दिनों में महंगाई और बढ़ सकती है। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा रिस्क है। पिछले महीने फरवरी में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.21% पर पहुंच गई थी।

### इकोनॉमी पर इन वजहों से बढ़ रहा है दबाव

महंगा कच्चा तेलः ग्लोबल मार्केट में तेल की कीमतें बढ़ने से कंपनियों की लागत बढ़ गई है।

लॉजिस्टिक्स-इंश्योरेंसः समुद्री रास्तों में तनाव की वजह से माल ढुलाई का किराया और इंश्योरेंस प्रीमियम महंगा हो गया है।

सप्लाई चेनः जरूरी इनपुट्स की सप्लाई में देरी होने से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर असर पड़ रहा है।

### डिमांड अब भी बरकरार, पर ग्रामीण इलाकों में चिंता

राहत की बात यह है कि देश में घरेलू मांग अभी भी बनी हुई है। व्हीकल रजिस्ट्रेशन और डिजिटल ट्रांजैक्शन के आंकड़े बता रहे हैं कि लोग खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट में एक रेड फ्लैग भी दिखाया गया है। मंत्रालय ने नोट किया है कि ग्रामीण इलाकों में सेंटीमेंट थोड़ा कमजोर हुआ है। मांग और सप्लाई के बीच यह अंतर बताता है कि फिलहाल सुस्ती कंजम्पशन की कमी से नहीं, बल्कि बढ़ती लागत और सप्लाई में रुकावटों की वजह से है।

# रूस 4 महीने तक पेट्रोल नहीं बेचेगा, 1 अप्रैल से बैन शुरू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है।

नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजराइल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्किये, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत सीधेतौर पर पेट्रोल जैसे तैयार ईंधन पर ज्यादा निर्भर नहीं है, बल्कि कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) पर निर्भर है। क्रूड ऑयल को ही रिफाइन कर पेट्रोल और डीजल बनाए जाते हैं। भारत अपनी जरूरत का करीब 80% कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से लगभग 20% रूस से आता है। भारत बहुत कम मात्रा में पेट्रोल या अन्य तैयार ईंधन आयात करता है। इसके बजाय देश अपने बड़े रिफाइनरी नेटवर्क के जरिए कच्चे तेल को खुद प्रोसेस करता है। यही वजह है कि रूस के पेट्रोल निर्यात पर लगी रोक का भारत पर सीधा असर पड़ने की संभावना बहुत कम है।

**पहले भी पेट्रोल एक्सपोर्ट पर रोक लगाई गई थी**

मॉस्को में शुक्रवार को पेट्रोल एक्सपोर्ट के बैन को लेकर बैठक हुई थी। इसमें खासतौर पर यह जोर दिया गया कि राष्ट्रपति पुतिन ईंधन कीमतें नियंत्रित रखना चाहते हैं।

मंत्री नोवाक ने बैठक में कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। तेल कंपनियों ने कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक है और रिफाइनरियां पूरी या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं, जिससे जरूरत पूरी हो रही है।

रूस पहले भी कीमत नियंत्रण और घरेलू सप्लाई के लिए पेट्रोल-डीजल निर्यात पर रोक लगा चुका है। पिछले साल भी ऐसा हुआ था, जब यूक्रेन हमलों से रिफाइनरियां प्रभावित हुई थीं।

# बैंक अपने पास 100-मिलियन डॉलर से ज्यादा नहीं रख सकेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आरबीआई ने निर्देश दिया है कि बैंक अब हर दिन अपने पास 100 मिलियन डॉलर (करीब 950 करोड़ रुपए) से ज्यादा नहीं रख सकेंगे। इससे पहले बैंक हर दिन 300 से 500 मिलियन डॉलर (2,845-4,743 करोड़ रुपए) होल्ड कर रहे थे।

फॉरेक्स एनालिस्ट के मुताबिक, निर्देश का असर यह होगा कि बैंक अब उनके पास मौजूद एक्स्ट्रा डॉलर को



मार्केट में बेचेंगे तो इससे रुपया मजबूत होगा। जिससे विदेशी सामान खरीदना, विदेश में पढ़ना और घूमना सस्ता हो सकता है।

इसके अलावा मोबाइल, लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स भी सस्ते हो सकते हैं। फ्ङकके यह निर्देश जारी करने के एक दिन पहले ही रुपया डॉलर के मुकाबले 94.59 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा है। फ्ङकने डॉलर के मुकाबले रुपए में आ रही गिरावट और बाजार की अस्थिरता को देखते हुए यह फैसला लिया है। निर्देश जारी करते हुए फ्ङकने सभी बैंकों को कहा कि वे हर कारोबारी दिन के आखिरी में ऑनशोर डिलीवरेबल मार्केट में भारतीय मुद्रा पर अपनी नेट ओपन पोजिशन को 100 मिलियन डॉलर के अंदर सीमित रखें। यानी बैंकों को हर कारोबारी दिन के आखिरी में अपने फॉरेन करेंसी एक्सपोजर को इसी दायरे में रखना होगा। फ्ङकने सभी ऑथराइज्ड फॉरेन एक्सचेंज डीलर्स को इस नए नियम का पालन करने के लिए 10 अप्रैल तक का समय दिया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के एफएक्स एनालिस्ट दिलीप परमार के मुताबिक, इस कदम से शेयर बाजार में बैंकों की डॉलर में ली जाने वाली लॉन्ग पोजीशन (सट्टेबाजी) कम होगी। इससे बाजार खुलने पर रुपए में होने वाली अचानक और बड़ी गिरावट को रोकने में मदद मिलेगी। नेट ओपन पोजीशन का मतलब उस कुल विदेशी मुद्रा से है जिसे बैंकों ने खरीदा या बेचा है, लेकिन उसे हेज (सुरक्षित) नहीं किया है। मौजूदा नियमों के अनुसार, बैंक अपनी कुल पूंजी के 25% तक की लिमिट खुद तय कर सकते थे।




## आर अश्विन अब अमेरिका में खेलेंगे क्रिकेट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अब अमेरिका की टी-20 लीग में खेलते नजर आएंगे। उन्होंने आगामी मेजर लीग क्रिकेट सीजन के लिए सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स टीम से करार किया है। इसके साथ ही वह इस टूनार्मेंट में खेलने वाले पहले पूर्व भारतीय इंटरनेशनल खिलाड़ी बन गए हैं। दिसंबर 2024 में लिया था इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास अश्विन ने साल 2024 के अंत में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

# मुंबई ने कोलकाता को 6 विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुंबई इंडियंस ने अपना सबसे बड़ा रन चेज किया और IPL में 14 साल बाद पहला मैच जीत लिया। वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हराया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ङङफने 4 विकेट खोकर 220 रन बनाए। टकने 19.1 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर ही टारगेट हासिल कर लिया।

रोहित शर्मा ने 78 और रायन रिकेल्टन ने 81 रन बनाए। शार्दूल ठाकुर ने 3 विकेट लिए। कोलकाता के लिए अजिंक्य रहाणे ने 67 और अंगकृष रघुवंशी ने 51 रन बनाए। वैभव अरोड़ा, सुनील नरेन और कार्तिक त्यागी ने 1-1 विकेट लिया।

मुंबई ने 2012 में आखिरी बार टूनार्मेंट में अपना पहला मैच जीता था। तब टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था। मुंबई का बेस्ट रन चेज भी उरङ के खिलाफ ही



2021 में आया था, तब टीम ने 219 रन चेज किए थे। अब टकने दोनों ही रिकॉर्ड को सुधार लिया।

19वें ओवर में मुंबई ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी गेंद पर तिलक वर्मा लॉन्ग ऑन पोजिशन पर कैच आउट हो गए। उन्हें सुनील नरेन ने मनीष पांडे के हाथों कैच कराया। तिलक ने 14 गेंद पर 20 रन बनाए। 20वें ओवर की पहली गेंद पर नमन धीर ने अनुकुल रॉय के खिलाफ चौका लगाया। इसी के साथ टीम ने 6 विकेट के अंतर से मैच जीत लिया। नमन 5 रन बनाकर कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ नॉटआउट लौटे। हार्दिक ने 18 रन बनाए।

### रोहित शर्मा कैच आउट

12वें ओवर में मुंबई ने पहला विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं गेंद पर वैभव अरोड़ा के खिलाफ रोहित शर्मा ने बड़ा शॉट खेला। गेंद मिड विकेट की ओर हवा में खड़ी हो गई। अनुकुल रॉय शॉर्ट मिड-विकेट से पीछे की ओर दौड़े और डाइव लगाकर बेहतरीन कैच पकड़ लिया। रोहित ने 38 गेंद पर 78 रन बनाए। उनकी पारी में 6 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। 10वें ओवर में रायन रिकेल्टन को जीवनदान मिल गया। कार्तिक त्यागी ने ओवर की पहली गेंद नो-बॉल फेंकी। रायन रिकेल्टन फ्री हिट का फायदा नहीं उठा सके। उन्होंने फिर अगली गेंद पर छक्का लगाने की कोशिश की, लेकिन गेंद डीप स्क्वेयर लेग फील्डर की ओर चली गई। वहां मौजूद वैभव अरोड़ा ने कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके हाथ से छूट गई।

## डेकाथलॉन में तेजस्विन शंकर ने स्वर्ण पदक जीता

**टेक्सास।** तेजस्विन शंकर ने टेक्सास में शुक्रवार देर रात डेविड नोबल रिले में डेकाथलॉन का खिताब जीतकर सत्र की शानदार शुरूआत की। अपनी जीत के दौरान तेजस्विन ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## भारतीय टीमों को विश्व रिले का टिकट

**चंड़ीगढ़।** भारतीय रिले टीमों ने शनिवार को पहले इंटरनेशनल इनविटेशनल रिले और तीसरे नेशनल ओपन रिले टूर्नामेंट में रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन करते हुए विश्व एथलेटिक्स रिले के लिए क्वालिफाई कर लिया।मिश्रित चार गुणा 100 मी. रिले में भारत बी की चौकड़ी ने 42.30 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय निकाल स्वर्ण पदक जीता। यह पिछले रिकॉर्ड 43.44 सेकंड से बेहतर था। भारत ए ने 42.34 सेकंड के समय के साथ रजत अपने नाम किया। भारत ने सीनियर मिश्रित चार गुणा 400 मी रिले में भी स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु की महिला टीम ने अंडर 20 महिला चार गुणा 100मी रिले 48.38 सेकंड के समय के साथ जीती।

# गावस्कर बोले- आईपीएल से हटने पर कड़ी सजा जरूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने आईपीएल से हटने वाले प्लेयर्स पर कड़ी सजा लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा, अभी आईपीएल में 2 साल का बैन लगता है। लेकिन यह ज्यादा प्रभावी नहीं है।

यह बयान इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट के हटने के बाद आया है। डकेट को दिल्ली कैपिटल्स ने 2 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय करियर पर ध्यान देने की बात कहकर टूर्नामेंट से दूरी बना ली।

गावस्कर ने कहा कि डकेट का फैसला समझा जा सकता है। वे इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट पर फोकस करना चाहते हैं। आईपीएल में बार-बार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे लीग की योजना प्रभावित होती है। गावस्कर ने उदाहरण देते हुए बताया कि स्लो ओवर रेट पर मिलने वाली सजा मैच के दौरान असर डालती है, इसलिए खिलाड़ी तुरंत सुधार करते हैं। इसी तरह आईपीएल में भी ऐसी पेनल्टी होनी चाहिए जो सीधे खिलाड़ी को प्रभावित करे।

हालांकि, किस तरह की सजा लागू होनी चाहिए, इस पर गावस्कर ने कोई ठोस सुझाव नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इस पर फैसला भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को करना होगा। इससे पहले गावस्कर ने जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस के शुरूआती मैच मिस करने पर भी



सवाल उठाए थे। हालांकि कमिंस और हेजलवुड टीम से जुड़ चुके हैं, जबकि स्टार्क चोट के कारण बाद में जुड़ेंगे।

न्यूज कॉलम

## 0-15% उद्योगों में एक ही शिफ्ट में काम

**इंदौर।** इजराइल-ईरान युद्ध का असर अब प्रदेश के उद्योगों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। कच्चे माल की कीमतें 20 से 30 फीसदी तक बढ़ गई हैं। वहीं, लॉजिस्टिक लागत भी 5 गुना महंगी हो गई है। इसका सीधा असर उत्पादन और सप्लाई पर पड़ रहा है। एक्सपोर्ट के साथ-साथ घरेलू बाजार भी प्रभावित हो रहा है, जिससे तैयार माल की लागत बढ़ रही है और उत्पाद महंगे हो रहे हैं। कच्चे माल की कमी के कारण कुछ उद्योगों में शटडाउन की स्थिति बनने लगी है, जबकि 10 से 15 फीसदी फैक्ट्रियों अब दो की जगह एक ही शिफ्ट में काम हो रहा है।

**फार्मा सेक्टर पर सबसे ज्यादा असर पड़ा:** सबसे ज्यादा असर फार्मा इंडस्ट्री पर पड़ा है। उदाहरण के तौर पर, सोमवार को पैरासिटामॉल पाउडर की कीमत 290 रुपए थी। अगले ही दिन दाम 360 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए। यानी लगभग 20 से 22 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसी तरह अन्य कच्चे माल और पैकेजिंग सामग्री, जैसे प्लास्टिक दाना और पीपी, के दाम भी तेजी से बढ़ रहे हैं।

अगर युद्ध लंबा खिंचता है और किसी भी एक जरूरी मटेरियल की आपूर्ति रुकती है, तो फैक्ट्रियों में शटडाउन की नौबत आ सकती है। फिलहाल, अगले 10 से 12 दिन तक स्थिति सामान्य रहने का अनुमान है। इसके बाद परेशानी बढ़ने की आशंका है।

## वैश्विक मंच पर इंदौर की गौरवपूर्ण उपस्थिति



**इंदौर।:** शहर की ओरल एवं डेंटल सर्जन डॉ. चेतना दीक्षित को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर बैंकॉक (थाईलैंड) में आयोजित वैश्विक सम्मेलन में विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। उन्हें इंटरनेशनल वुमेन डे अवॉर्ड 2026 के लिए भी चयनित किया गया है।

यह सम्मेलन 29 मार्च को यूनाइटेड पीस कीपर्स फेडरल काउंसिल के तत्वावधान में शिक्षा मंत्रालय के टीचर्स काउंसिल हॉल में आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न देशों के नीति-निमार्ता, राजनयिक और विशेषज्ञ भाग लेंगे।

सम्मेलन में महिला नेतृत्व, वैश्विक शांति, सामाजिक विकास और लैंगिक समानता जैसे विषयों पर चर्चा होगी। डॉ. दीक्षित इस मंच पर अपने अनुभव और विचार प्रस्तुत करेंगी। यह उपलब्धि उनके पेशेवर कौशल और सामाजिक प्रतिबद्धता की अंतरराष्ट्रीय मान्यता के रूप में देखी जा रही है।

## समाजसेवी इसरदास सबनानी का निधन

**इंदौर।** सिंधी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी इसरदास सबनानी (87) निवासी पटेल नगर का शुक्रवार रात निधन हो गया। उनके परिजनों ने दिवंगत की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए उनकी देह, त्वचा और नेत्र दान कर मानवता की मिसाल पेश की।

सबनानी सामाजिक और पुनीत कार्यों में सदैव अग्रणी रहे। वे लंबे समय तक समाज सेवा से जुड़े रहे और अनेक परोपकारी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उन्होंने वर्षों पूर्व मुस्कान ग्रुप के माध्यम से अंग एवं देहदान का संकल्प पत्र भरा था।

शनिवार को परिजनों ने मुस्कान ग्रुप, डॉ. अर्जुन बदलानी और मनोहरलाल सबनानी के समन्वय से उनकी त्वचा, आंखें और देह दान की प्रक्रिया पूर्ण की। उनकी आंखें एमवाय अस्पताल आई बैंक और चोइथराम स्किन बैंक को दान की गई, जबकि देह एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर को सौंपी गई।

शनिवार को देहदान की विदाई के समय पटेल नगर स्थित निवास पर पुलिस टीम ने दिवंगत समाजसेवी को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर श्रद्धांजलि दी।

## केरल के मुकाबले एमपी में इलाज 4 गुना सस्ता

**इंदौर।** आमतौर पर केरल का हेल्थ मॉडल देश में सबसे बेहतर माना जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि वहां के आम आदमी को अपनी जेब से मध्यप्रदेश की तुलना में 4 गुना ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ रहा है। इसके बावजूद एमपी में 43% पैसा पब्लिक को अपनी जमापूंजी से या उधार लेकर खर्च करना पड़ रहा है।

**10 सालों में एमपी में इलाज पर जेब से खर्च में आई कमी:** देश में इलाज पर होने वाले खर्च को लेकर लोकसभा में पेश किए गए ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में बड़ा बदलाव आया है। जहां 10 साल पहले हम इलाज के लिए पूरी तरह अपनी जमा-पूंजी पर निर्भर थे, अब सरकारी योजनाओं ने उस बोझ को आधा कर दिया है।

# लापता ज्वेलर के बेटे का शव बलवाड़ा में मिला

### दो दिन से तलाश जारी थी, पुलिस ने जहर से मौत की आशंका जताई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अग्रसेन नगर से 27 मार्च की सुबह लापता हुए ज्वेलर के बेटे का शव बलवाड़ा क्षेत्र में मिला है। दो दिन से परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। रविवार को परिजन पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे। पुलिस ने प्राथमिक जांच में जहर से मौत की आशंका जताई है।

मल्हारगंज थाना पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय अखिल पुत्र अनिल सोनी निवासी अग्रसेन नगर एयरपोर्ट रोड 27 मार्च की सुबह घर से नाश्ता करने की बात कहकर निकला था, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा।परिजनों ने उसी रात मल्हारगंज थाने पहुंचकर अखिल की गुमशुदगी की



शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

### बलवाड़ा के पास पुलिया पर मिला शव

शनिवार को परिजनों को सूचना मिली कि अखिल का शव बलवाड़ा के पास एक पुलिया के पास पड़ा है। सूचना मिलते ही परिजन इंदौर से खरगोन के लिए रवाना हो गए।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

बलवाड़ा पुलिस ने शुरूआती तौर पर जहर से मौत की आशंका जताई है, हालांकि अभी शॉर्ट पीएम रिपोर्ट नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सराफा बाजार में ज्वेलरी शॉप चलाता है परिवार

परिजनों के मुताबिक अखिल के पिता अनिल सोनी सराफा बाजार में ह्यभगवती ज्वेलर्सह्ल के नाम से दुकान चलाते हैं। अखिल भी उनके साथ काम करता था। परिवार में उसके दो बड़े भाई हैं।

परिवार का कहना है कि अखिल पर किसी तरह का कर्ज नहीं था और न ही किसी से कोई विवाद था। वह बलवाड़ा कैसे पहुंचा, इसकी जानकारी परिजनों को नहीं है।

# पटवारी परीक्षा फजीवाड़ा केस में आरोपी बरी

### 13 साल बाद सबूत नहीं मिले, 2012 में दर्ज हुई थी एफआईआर



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

2008 की पटवारी चयन परीक्षा से जुड़े कथित फजीवाड़े के मामले में करीब 13 साल बाद कोर्ट ने आरोपी को बरी कर दिया। जिला कोर्ट ने विजयनगर निवासी महेश मकवाना को धोखाधड़ी समेत अलग-अलग धाराओं से संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त घोषित किया।

### 2008 में हुआ था चयन

अभियोजन के अनुसार 2008 में व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित पटवारी चयन परीक्षा में आरोपी का चयन हुआ था। चयन के बाद उसे प्रशिक्षण के लिए भेजा गया।

जांच के दौरान उत्तर प्रदेश के एक विश्वविद्यालय की बीसीए मार्कशीट को कथित रूप से फर्जी पाया गया था। इसी आधार पर कार्रवाई शुरू हुई।

### 2012 में दर्ज हुई थी एफआईआर

कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से 1 दिसंबर 2010 को शिकायत भेजी गई थी। इसके बाद 1 फरवरी 2012 को रावजी बाजार थाने में एफआईआर दर्ज की गई। जून 2013 में चालान कोर्ट में पेश किया गया।

### सबूत पेश नहीं कर सका अभियोजन

आरोपी की ओर से एडवोकेट ललित काला ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनका उपयोग किया।

पर्याप्त साक्ष्य नहीं होने पर अदालत ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

# निमार्णाधीन इमारत में गिरने से महिला की मौत

### अब बिल्डर पर लापरवाही का केस दर्ज, सीढ़ियों पर रेलिंग नहीं थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूडिया क्षेत्र में निमार्णाधीन इमारत में गिरने से एक महिला की मौत हुई थी। अब मामले में पुलिस ने लापरवाही बरतने पर बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना 22 मार्च की है, जब महिला काम के दौरान हादसे का शिकार हुई।

पुलिस के अनुसार स्कीम 78, धनलक्ष्मी नगर में निर्माण कार्य चल रहा था। यहां 32 वर्षीय लाड़की पत्नी कन्हैयालाल सफाई का काम कर रही थी। इसी दौरान वह दूसरी मंजिल पर बनी बिना रेलिंग की टाइल्स वाली सीढ़ी से फिसलकर सीधे ग्राउंड फ्लोर पर गिर गई।

**सिर में गंभीर चोट, अस्पताल में मौत:** हादसे में महिला के सिर



में गंभीर चोट आई और काफी खून बह गया। परिजन उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस जांच में पाया गया कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। सीढ़ियों पर रेलिंग नहीं थी और पास में खुला डक्ट भी मौजूद था, जिससे हादसे की आशंका बढ़ गई थी।

**बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज:** इस मामले में पुलिस ने तरनजीत सिंह पुत्र जमीत सिंह नारंग निवासी गोयल एवेन्यू, निपानिया के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है।

**परिवार ने पहले लगाया था हत्या का आरोप:** मृतका के पिता कन्हैया ने शुरूआत में हत्या का आरोप लगाया था। परिजनों का कहना था कि हादसे के बाद बिल्डर और ठेकेदार मौके से चले गए थे। बाद में पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की।

**परिवार मजदूरी के लिए इंदौर आया था:** लाड़की घरों में सफाई का काम करती थी, जबकि उसका पति गार्ड की नौकरी करता है। परिवार में तीन बच्चे हैं और वे रोजगार की तलाश में इंदौर आए थे।

# स्वास्थ्य अधिकारी के ड्राइवर से मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई के दौरान बवाल हो गया। अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए वाहनों में तोड़फोड़ की। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

पुलिस के अनुसार मालवा मिल चौराहे से पाटनीपुरा रोड के बीच मोबाइल कोर्ट द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। टीम के वाहन कलाली के पास खड़े थे और अधिकारी बैकरी गली में कार्रवाई कर रहे थे।

### महिला के शोर मचाने के बाद जुटी भीड़

कार्रवाई के दौरान एक महिला ने अचानक शोर मचाना शुरू कर दिया, जिससे मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। कुछ ही देर में भीड़ उग्र हो गई और वाहनों की ओर बढ़ गई।

भीड़ ने एक वाहन को घेरकर रोक लिया और पीछे खड़ी स्वास्थ्य अधिकारी राजेश जायसवाल की गाड़ी को भी रोक लिया। आरोप है कि ड्राइवर कैलाश अग्रवाल के साथ गाली-गलौज की गई, चाबी निकाल ली गई और वाहन का साइड ग्लास तोड़ दिया गया। वहीं, मारपीट की गई।

**ड्राइवर की शिकायत पर एफआईआर:** स्वास्थ्य अधिकारी गौतम भाटिया के ड्राइवर अमीन पांडे की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात भीड़ के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और तोड़फोड़ की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**व्यापारियों ने भी जताया विरोध:** कार्रवाई के दौरान पाटनीपुरा के व्यापारी भी सड़क पर उतर आए थे। उनका आरोप था कि नगर निगम ने पहले कोई सूचना या चेतावनी नहीं दी और सीधे कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

# मप्र, छग, राजस्थान और महाराष्ट्र तक फैला नेटवर्क

### बीमा क्लेम में 1500 फ्रॉड केस, एक ड्राइवर के नाम 15-15 हादसे, साठगांठ की मदद से बीमा कंपनियों को करोड़ों का चूना लगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मप्र सहित पड़ोसी राज्यों में सड़क हादसे अब सिर्फ संयोग नहीं, बल्कि बीमा मुआवजा वसूलने का एक 'संगठित सिंडिकेट' बन चुके हैं। दुर्घटना होते ही सरकारी अस्पताल, पुलिस चौकी और मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसिटी) तक दलालों का नेटवर्क सक्रिय हो जाता है। यह सिंडिकेट फर्जी एफआईआर, गवाहों और साठगांठ की मदद से बीमा कंपनियों को करोड़ों का चूना लगा रहा है। 5 साल में ऐसे 1500 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं।

बीमा कंपनियों के रिकॉर्ड इस रैकेट की भयावहता की पुष्टि करते हैं। श्रीराम जनरल इंश्योरेंस के पास




2020 से 2025 के बीच 6,592 क्लेम केस आए। इनमें से 5253 मामलों में क्लेम दिया गया, लेकिन कोर्ट ने 1061 मामलों को संदिग्ध मानते हुए खारिज कर दिया।

जांच में पाया गया कि जिन वाहनों को हादसे में दिखाया गया, उनसे कभी एक्सीडेंट हुआ ही नहीं था। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड की जांच में भी खुलासा हुआ कि आरोपी महज 25-30 हजार रुपए लेकर अपनी गाड़ी को क्लेम केस में ह्यप्लांटह्ल करवाते थे।

पीटीआरआई भोपाल, एडीजी तुषारकांत विद्यार्थी बोले- हमने संबंधित जिलों के एसपी-आईजी को पत्र लिखकर एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट पीटीआरआई भोपाल भेजी जाएगी।

हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी...मप्र हाईकोर्ट ने फरवरी 2025 में फर्जी मोटर क्लेम को न्यायिक प्रणाली की विश्वसनीयता के लिए गंभीर खतरा बताया था। श्रीराम जनरल इंश्योरेंस के 1,061 मामलों को कोर्ट ने संदिग्ध मानते हुए खारिज कर दिया है। दमोह एमएसिटी ने भी छतरपुर के बड़ा मल्हेरा हादसे में 88 लाख और 69 लाख के दो बड़े दावों को खारिज करते हुए इसे फजीवाड़ा करार दिया है।

महाराष्ट्र में भी बड़ा पदार्फाश.. यह नेटवर्क मप्र के अलावा छग, राजस्थान और महाराष्ट्र तक फैला है। 7 मार्च 2026 को जलगांव (महाराष्ट्र) में 50 लाख के फर्जी क्लेम का पदार्फाश हुआ। श्रीराम जनरल इंश्योरेंस की शिकायत पर हुई जांच में चालीसगांव के मेडिकल अफसर व 4 पुलिसकर्मी भी आरोपी पाए गए। इस मामले में अब तक 9 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

इंदौर ग्रामीण आईजी अनुराग बताते हैं कि श्रीराम इंश्योरेंस व आईसीआईसीआई लुम्बार्ड की ओर से शिकायत मिली है। प्रथम दृष्टया मामले संदिग्ध लग रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद ही आगे कुछ बता पाएंगे।

महू के एएसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि पुलिस की प्राथमिक जांच में मामले संदिग्ध निकले हैं। इसमें कुछ लोगों की संलिप्तता मिली है। जांच लगभग पूरी होने वाली है, शीघ्र ही रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।


STAFF REQUIRED
SUNRISE COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
Ingoriya, Ujjain–Badnagar Road
Qualified teaching staff required for BA, B.Com & B.Sc courses.
POSITIONS AVAILABLE:
• Principal
• Assistant Professor
• Lecturer
ELIGIBILITY:
PG, NET/SET, Ph.D (Preferred)
CONTACT (DIRECTOR):
8827448385

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय
प्रति मंगलवार और शुक्रवार
समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998


मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com